CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 09°C

मेरठ, मंगलवार 16 दिसम्बर 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 196 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 24 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अखिलेश यादव ने भाजपा के चुनावी गणित पर उठाए सवाल पेज 2



भारत पहली बार स्क्वॉश वर्ल्ड कप चैंपियन बना खेल टाइम्स



हवा-हवाई हुए हवाई चप्पल वालों की हवाई यात्रा के जुमले सम्पादकीय



पहले से थी ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर आतंकी हमला करने की आशंका पेज 12

# ‘मोदी तेरी कब्र खुदेगी’ नारे को लेकर संसद में हंगामा

## नड्डा बोले- राहुल गांधी-सोनिया गांधी माफी मांगें, प्रियंका बोलीं- रैली में किसने कहा, हमें नहीं मालूम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के 11वें दिन, सोमवार को दोनों सदनों में भाजपा सांसदों ने कांग्रेस की रैली में पीएम मोदी के खिलाफ नारेबाजी का मुद्दा उठाया। राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि पीएम के खिलाफ ऐसी बातें करना, उनकी मौत की कामना करना शर्मनाक है।

नड्डा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। लोकसभा में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इससे शर्मनाक और क्या हो सकता है कि 140 करोड़ भारतीयों और विश्व के सबसे प्रसिद्ध नेता को इस तरह के नारों का सामना करना पड़ रहा है। पीएम के खिलाफ नारेबाजी और माफी की मांग लेकर दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। दोनों सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई थी, लेकिन शोर-शराबे के कारण 10 मिनट भी चर्चा नहीं हो पाई और कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी -शेष पृष्ठ दो पर



पीएम के खिलाफ ऐसी बातें करना, उनकी मौत की कामना करना शर्मनाक है... - जेपी नड्डा



रैली में स्टेज से किसी ने भी ऐसा कुछ नहीं कहा, फिर पता चला कि किसी ने इंटरव्यू में कहा है, भाजपा को खुद नहीं पता किसने नारेबाजी की... -प्रियंका गांधी

### मुगलों की राह पर कांग्रेस, जल्द दफन होंगे, राहुल कर रहे औरंगजेब जैसा काम: भाजपा

**नई दिल्ली।** मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारों की वजह से कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़ रैली विवादों में आ गई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली में जाते समय मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगाए। यह रैली दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को हुई। बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि एक बार फिर कांग्रेस का चरित्र सामने आ गया है। वे मोदी जी की मौत की कामना कर रहे हैं। उनकी मुस्लिम लीग और माओवादी सोच सबके सामने आ गई। मोदी की कब्र खोदने की बात करने वाली पार्टी खुद दफन हो जाएगी। राहुल गांधी के नेतृत्व में -शेष पृष्ठ दो पर

### सरकार खुद ही संसद नहीं चलाना चाहती : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव तथा लोकसभा में पार्टी की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि सरकार के मंत्री ही संसद को बाधित कर रहे हैं और इससे लगता है कि सरकार ही खुद संसद नहीं चलाना चाहती है। श्रीमती वाड्रा ने सोमवार को यहां संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने प्रश्नकाल बाधित किया है। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही उन्होंने सदन की कार्यवाही को बाधित करना शुरू किया, जिसके कारण हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### घने कोहरे के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर 80 से ज्यादा उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को घने कोहरे के कारण 80 से अधिक उड़ानें रद्द हुईं और कम से कम पांच को नजदीकी शहरों के लिए डायवर्ट किया गया है। हवाई अड्डे की वेबसाइट के अनुसार, 80 से अधिक घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें सोमवार को रद्द रही हैं। अधिकारियों के मुताबिक कम से कम पांच आगमन उड़ानों को दूसरे शहरों में उतारा गया है। दिल्ली हवाई अड्डे की ओर से सोशल मीडिया पर दोपहर बाद 1:03 बजे की स्थिति की जानकारी देते हुए बताया गया है कि अब स्थिति में सुधार हो रहा है लेकिन पहले से बड़ी संख्या में उड़ान भरने का इंतजार कर रहे विमानों के कारण स्थिति सामान्य होने में और समय लग सकता है। टाटा समूह की एयर इंडिया ने भी अपनी वेबसाइट पर सुबह 10:48 बजे तक उड़ानों के रद्द होने की जानकारी दी है। दिल्ली के अलावा उत्तर भारत के अन्य शहरों से भी उड़ानों के रद्द होने की जानकारी मिली है। इस मौसम में सोमवार को पहला दिन था जब दिल्ली हवाई अड्डे पर कोहरे का असर देखा गया है।

### पूर्व सांसद डा. रामविलास दास वेदांती का निधन

**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले पूर्व सांसद डा. रामविलास दास वेदांती का निधन हो गया है। रीवा मध्य प्रदेश में एक कथा महोत्सव के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका निधन हो गया। 67 वर्षीय रामविलास दास वेदांती का मंदिर आंदोलन में अहम योगदान रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ के गुरु अवैद्यनाथ स्वामी परमहंस के साथ-साथ रामविलास दास वेदांती 90 के दशक में मंदिर आंदोलन के अग्रणी थे। वह 1996 व 1998 में दो बार सांसद भी रहे हैं। उनका पार्थिव शरीर देर शाम तक अयोध्या पहुंचेगा। मंगलवार की सुबह 10:00 बजे उनकी अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। अंतिम यात्रा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी शामिल होने की संभावना है।

### भाजपा ने पीयूष गोयल को तमिलनाडु का चुनाव प्रभारी बनाया

**नई दिल्ली।** भाजपा ने सोमवार को तमिलनाडु और असम विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त किए। कामर्स और इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल को तमिलनाडु के लिए चुनाव प्रभारी नियुक्त किया। वहीं, भाजपा सांसद बैजयंत पांडा को असम विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों राज्यों में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। तमिलनाडु के लिए केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और केंद्रीय सहकारिता एवं उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल को चुनाव सह-प्रभारी बनाया गया है। राज्य में फिलहाल द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और कांग्रेस की सरकार है। वहीं असम में जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुनील कुमार शर्मा और पूर्व केंद्रीय मंत्री दर्शनाबेन जारदोश को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# अमीरों की विशेष पूजा से भगवान का विश्राम भंग, सुप्रीम कोर्ट नाराज

## बांके बिहारी मंदिर पर अधिकारी-उप्र सरकार तलब

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंदिरों में पैसे देकर कराई जाने वाली ‘विशेष पूजाओं’ को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है। सोमवार (15 दिसम्बर) को शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसी प्रथाओं के कारण देवता के विश्राम समय में बाधा पड़ती है, जो परंपरा और धार्मिक मर्यादा के खिलाफ है। यह टिप्पणी वृंदावन स्थित प्रसिद्ध श्री बांके बिहारी जी मंदिर में दर्शन समय और पूजा पद्धतियों में बदलाव को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान की गई।

इसी के साथ अदालत ने याचिका पर अधिकारियों से जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और विपुल एम. पंचोली शामिल थे, उन्होंने इस मामले में उत्तर प्रदेश सरकार और सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त उच्चस्तरीय मंदिर प्रबंधन समिति को नोटिस जारी किया है। मामले की -शेष पृष्ठ दो पर

- भगवान को भी चैन से सोने नहीं देते: सीजेआई
- बांके बिहारी के दर्शन की टाइमिंग बढ़ाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त
- मैनेजमेंट कमेटी को नोटिस

### इंडिगो संकट: सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इन्कार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इंडिगो की हजारों फ्लाइट कैंसिल किए जाने के मामले में दखल देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच ने याचिकाकर्ता से दिल्ली हाईकोर्ट जाने को कहा। कोर्ट ने यह भी कहा कि सभी मुद्दे दिल्ली हाईकोर्ट के सामने विचाराधीन हैं। वे भी संवैधानिक कोर्ट हैं। अगर आपकी शिकायत का वहां समाधान नहीं होता है, तो आपका यहां स्वागत है। इंडिगो के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि डीजीसीए ने फ्लाइट कैंसिल होने और यात्रियों को होने वाली समस्याओं की जांच के लिए एक एक्सपर्ट कमेटी बनाई है। डीजीसीए की ओर से एविएशन नियमों में बदलाव चलते दिसम्बर के पहले हफ्ते में इंडिगो में क्रू मेंबर्स की भारी कमी हो गई थी। इसके कारण एक से 10 दिसम्बर के बीच इंडिगो की 5000 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हुई थीं।

कोर्ट ने याचिकाकर्ता से दिल्ली हाईकोर्ट जाने को कहा

# पहलगाम में आतंकवादी हमले की साजिश पाकिस्तान में रची गई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले के मामले में सात आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। इसमें पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी)/द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के सदस्य भी शामिल हैं। आरोपपत्र में पाकिस्तान की साजिश, आरोपियों की भूमिका और मामले से जुड़े सहायक सबूतों का विस्तृत विवरण दिया गया है।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी की चार्जशीट में प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए- तैयबा /टीआरएफ को पहलगाम हमले की योजना बनाने, उसमें सहयोग करने और उसे अंजाम देने में उसकी भूमिका के लिए एक कानूनी इकाई के रूप में आरोपित किया गया है। सोमवार को जम्मू स्थित एनआईए विशेष न्यायालय में दायर 1,597 पृष्ठों के आरोपपत्र में पाकिस्तानी हैंडलर आतंकी साजिद जट्ट का नाम भी आरोपी के रूप में शामिल है। एनआईए के आरोपपत्र में उन तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों के नाम भी हैं जो घातक आतंकी हमले के कुछ हफ्तों बाद जुलाई 2025 में श्रीनगर के दाचीगाम में ऑपरेशन महादेव के दौरान भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए थे। तीनों की पहचान फैसल जट्ट उर्फ सुलेमान शाह, हबीब ताहिर उर्फ जिब्रान और हमजा अफगानी के रूप में हुई है। लश्कर-ए- तैयबा/टीआरएफ और उपर्युक्त चारों आतंकवादियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023, शस्त्र अधिनियम, 1959 और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की संबंधित धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। एनआईए ने चार्जशीट में आरोपियों के खिलाफ भारत के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के लिए भी दंडात्मक धाराओं का प्रयोग किया है। बता दें कि पाकिस्तान समर्थित आतंकियों द्वारा धर्म आधारित लक्षित हत्याओं वाले इस हमले में 25 पर्यटक और एक स्थानीय नागरिक की मौत हो गई थी। एनआईए ने पिछले लगभग 8 महीनों तक चली गहन वैज्ञानिक जांच के माध्यम से मामले आरसी-02/2025/एनआईए/जेएमयू में साजिश का पता पाकिस्तान से लगाया है, जो भारत के विरुद्ध आतंकवाद को लगातार प्रायोजित कर रहा है।





- एनआईए ने 1597 पन्नों के आरोपपत्र में आतंकी संगठन एलईटी और टीआरएफ के नामों के साथ सबूत पेश किए

# हापुड़ में 85 लाख की लूट

**पिलखुवा।** हापुड़- गाजियाबाद हाईवे पर सोमवार को सरस्वती मेडिकल कॉलेज के पास घी तेल व्यापारी के मुनीम से तमंचे के बल पर 85 लाख रुपये लूट लिए गए।

बदमाश वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार दादरी निवासी अजय पाल घी तेल व्यापारी गोपाल के यहां मुनीम का कार्य करते हैं। सोमवार को वह हापुड़ के दो व्यापारियों के यहां से रुपये वसूल कर बाइक से वापस लौट रहे थे। एक व्यापारी से 55 लाख और दूसरे व्यापारी से 30 लाख रुपये लेकर वह हाईवे के रास्ते गाजियाबाद जा रहे थे। जैसे ही अजय पाल सरस्वती अस्पताल के पास फ्लाईओवर पर पहुंचे, तभी पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने उनकी बाइक में लात मारकर उसे गिरा दिया। इससे पहले अजय पाल संभल पाते बदमाशों ने तमंचा निकालकर डराया और रुपयों से भरा बैग छीन लिया। इसके बाद दोनों बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र में जांच शुरू की। हाईवे पर दिनदहाड़े हुई लूट से व्यापारियों में दहशत का माहौल बन गया।

- मुनीम की चलती बाइक पर बदमाशों ने मारी लात, तमंचा दिखा ले गए पिट्ठू बैग में रखे रुपये

### पूर्व आईएएस राज कुमार गोयल ने मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में शपथ ली

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में श्री राज कुमार गोयल को केंद्रीय सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) के रूप में ‘पद की शपथ’ दिलाई। सूचना आयोग में श्री गोयल के शामिल होने से उम्मीद है कि लंबे अंतराल के बाद केंद्रीय सूचना आयोग पूरी तरह से काम करना शुरू कर देगा। उनकी नियुक्ति को पीएम मोदी की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने मंजूरी दी थी।



उत्तराखंड के अल्मोड़ा की निवासी कविता चंद ने अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट विंसन पर सफलतापूर्वक तिरंगा फहराया।

### अनिल अंबानी मामले में पूर्व यस बैंक सीईओ राणा कपूर से ईडी ने की पूछताछ

**नई दिल्ली।** मशहूर उद्योगपति अनिल अंबानी से जुड़े पीएमएलए (धनशोधन निवारण अधिनियम) मामले की चल रही जांच में सोमवार को यस बैंक के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी राणा कपूर सोमवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय मुख्यालय में पेश हुए। ईडी का आरोप है कि कपूर और अंबानी के बीच एक क्विड प्रो. क्वो (किसी चीज़ के बदले कुछ) समझौता हुआ था, जिससे यस बैंक को खासा वित्तीय नुकसान हुआ। ईडी के अनुसार जब राणा कपूर यस बैंक के प्रमुख थे, तब 31 मार्च 2017 तक रिलायंस अनिल अंबानी समूह (एडीएजी) में बैंक का जोखिम लगभग 6,000 करोड़ रुपये का था।

# लगातार दूसरे महीने आम आदमी को राहत, 0.32% रही मुद्रास्फीति दर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** खाने-पीने की चीजों और ईंधन एवं बिजली वर्ग की वस्तुओं की कीमतों में सालाना आधार पर गिरावट के कारण थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर नवम्बर में शून्य से 0.32 प्रतिशत नीचे दर्ज की गई।

देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में नई पीढ़ी के सुधारों के बाद यह लगातार दूसरा महीना है जब थोक मुद्रास्फीति शून्य से नीचे रही है। इससे पहले अक्टूबर 2025 में थोक मुद्रास्फीति शून्य से 1.21 प्रतिशत कम थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि नवम्बर में खाद्य वस्तुओं की थोक मुद्रास्फीति शून्य से 2.60 प्रतिशत कम रही है जो अक्टूबर में शून्य से 5.04 प्रतिशत नीचे रही है। नवम्बर 2024 की तुलना में नवम्बर 2025 में प्याज की थोक कीमत 64.70 प्रतिशत, आलू की 36 प्रतिशत, सब्जियों की 20.23 प्रतिशत और दालों की 15.21 प्रतिशत कम हुई है। गेहूं, धान और फलों के दाम में भी सालाना आधार पर गिरावट रही है। खाने-पीने की चीजों की अलावा थोक में ईंधनों की कीमतों में भी भारी गिरावट देखी गई है। कच्चा तेल के दाम 13.92 प्रतिशत कम हुए। पेट्रोल 1.75 फीसदी और डीजल 1.64 फीसदी सस्ता हुआ। रसोई गैस की कीमत में 12.78 फीसदी की गिरावट आई है। अन्य वस्तुओं की कीमतें भी या तो एक साल पहले के मुकाबले कम हुई हैं या उनकी वृद्धि दर कम रही है। इससे पहले 12 दिसम्बर को जारी खुदरा महंगाई के आंकड़ों में भी इसकी दर 0.71 प्रतिशत रही थी। रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गत 5 दिसम्बर को जारी मौद्रिक नीति समीक्षा बयान में चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान घटाकर दो प्रतिशत कर दिया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बयान जारी करते हुए कहा था कि चालू वित्त वर्ष की 31 दिसम्बर को समाप्त हो रही तीसरी तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीति 0.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 2.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं, अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में मुद्रास्फीति 3.9 प्रतिशत और दूसरी तिमाही में चार प्रतिशत रहने की संभावना है।



- थोक मुद्रास्फीति की दर नवम्बर में लगातार दूसरे महीने शून्य से नीचे

# मनरेगा स्कीम की जगह लेगा विकसित भारत ‘जी राम जी’

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून मनरेगा को खत्म कर नया ग्रामीण रोजगार कानून लाने जा रही है। इसे मौजूदा शीतकालीन सत्र में चर्चा के लिए सूचीबद्ध भी किया गया है।

बिल की कॉपी सोमवार को लोकसभा सांसदों के बीच सर्कुलेट की गई है। इसका नाम ‘विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) बिल, 2025’ रखा गया है। नए बिल में कहा गया है कि इसका उद्देश्य ‘विकसित भारत 2047’ के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी जाएगी। इधर कांग्रेस ने सरकार के फैसले का विरोध किया है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा।

- मोदी सरकार नया बिल ला रही
- प्रियंका गांधी बोलीं: महात्मा गांधी का नाम क्यों हटा रहे

## संक्षिप्त समाचार

### कफ सिरप मामले में कुंडली खंगालने में जुटी एजेंसियां

**वाराणसी।** कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमें सरगना शुभम जायसवाल के कई ठिकानों और घर पर छापा मारकर करीबियों तथा परिजनों से पूछताछ कर रही हैं। वहीं विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने शुभम जायसवाल के ससुराल पहुंचकर पूछताछ की। ड्रग विभाग की टीमें भी लगातार शैली ट्रेडर्स से जुड़ी फर्मों की जांच कर रही हैं। वाराणसी, जौनपुर, चंदौली, लखनऊ और गाजियाबाद समेत कई जिलों में पुलिस शुभम जायसवाल के साथ काला कारोबार करने वालों को रडार पर रखे हुए है। ईडी और एसआईटी टीम ने शुभम जायसवाल के अमर नगर में सोनिया रोड स्थित ससुराल पहुंचकर साले और परि. जनों के बैंक खातों तथा प्रॉपर्टी दस्तावेजों की जांच की। बताया जा रहा है कि शुभम ने काला धन प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त में भी लगाया है। एसआईटी के अनुसार शुभम से जुड़े सभी कारोबारियों से बारी-बारी पूछताछ और रिकॉर्ड की जांच की जा रही है।

### यूपी से गुजरने वाली 24 ट्रेनें रद्द, ठंड और कोहरे बना कारण

**नई दिल्ली।** रेलवे ने ठंड और भारी शीतलहर के मद्देनजर 24 ट्रेनों को दो से ज्यादा महीनों के लिए रद्द कर दिया है। रेलवे के इस फैसले के चलते यूपी के यात्रियों को अच्छी-खासी परेशानी उठानी पड़ सकती है। साथ ही पहले की बनी-बनाई यात्रा की योजनाएं बिगड़ सकती हैं। यूपी में इन दिनों ठंड और को. हरे का डबल अटैक है। तापमान गिरकर 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। विजिबिलिटी भी खासी प्रभावित हुई है, कई जिलों में ख़श्यता शून्य रिकॉर्ड किया गया है। इसका असर यातायात पर भी पड़ रहा है, खासकर रेल यातायात की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

# यूपीपीएससी के बाहर प्रतियोगी छात्रों का प्रदर्शन

**प्रयागराज, वार्ता**

■ पुलिस से झड़प, हटाने के लिए हल्का बल प्रयोग किया

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग (यूपीपीएससी) की भर्ती परीक्षाओं में कथित भ्रष्टाचार को खत्म करने और पारदर्शिता की मांग को लेकर प्रतियोगी छात्र-छात्राओं ने सोमवार को आयोग पर प्रदर्शन किया। अपने हाथों में पोस्टर बैनर लेकर छात्र-छात्राओं ने लोक सेवा आयोग के गेट नंबर 2 के बाहर धरना दिया और आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रतियोगी छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर हाथों में पोस्टर बैनर ले रखे थे। प्रतियोगिता छात्र छात्राओं की मांग की है कि आयोग भर्ती परीक्षाओं की संशोधित आंसर सीट की जारी करे। इसके अलावा श्रेणी वार अभ्यर्थियों का कट ऑफ मार्क्स भी जारी करे। प्रतियोगी छात्र हुंकार मंच समेत कई प्रतियोगी छात्र संगठनों ने आंदोलन समर्थन दिया है। प्रतियोगी छात्रों के महा आंदोलन को लेकर पुलिस और प्रशासन पहले से अलर्ट मोड में था, जिसके चलते लोक सेवा आयोग के पूरे क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। मौके पर पुलिस, पीएसी के साथ ही आरएएफ को तैनात किया गया था। आयोग के खिलाफ धरना प्रदर्शन और आंदोलन कर रहे प्रतियोगी छात्रों को पुलिस ने फिलहाल बलपूर्वक हटा दिया है। धरने से हटाने के दौरान छात्रों से पुलिस की झड़प भी हुई। पुलिस ड्रोन कैमरे से भी छात्रों के इस आंदोलन की निगरानी कर रही है। मौके पर कई थानों की पुलिस फोर्स और कई एसीपी तैनात किए गए हैं।

### छात्रों के साथ मारपीट भाजपा के सत्ता अहंकार का द्योतक: अखिलेश

**लखनऊ।** प्रयागराज में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलनरत छात्रों के साथ दुर्व्यवहार की निंदा करते हुए समा. जवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि बेरोजगारी की पीघ से गुजर रहे युवाओं के साथ अमानवीय तरीके से मारपीट भाजपा के सत्ता अहंकार का प्रतीके है। यादव ने यहां एक बयान में कहा कि लोक सेवा आयोग में भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन कर रहे छात्र-नौजवानों के साथ अमानवीय और दुर्व्यवहार करने का जो काम उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार कर रही है, वह भाजपा का सत्ता का अहंकार है, जो अमानुषिक बनकर अपनी ताकत दिखा रहा है।

# कम नहीं है भाजपा में नए प्रदेशाध्यक्ष की चुनौतियां

**शाह टाइमस ब्यूरो**



■ अगले वर्ष प्रस्तावित त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव भी नेतृत्व चयन में अहम कारक रहे, सरकार के साथ संतुलन भी बैठाना होगा

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को पार्टी में उत्तर प्रदेश का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। भाजपा के इस फैसले को 2024 के लोकसभा चुनावों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन और 2027 के विधानसभा चुनावों की रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

नए प्रदेश अध्यक्ष के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं। इसके अलावा अगले वर्ष प्रस्तावित त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव भी नेतृत्व चयन में अहम कारक रहे। ऐसे में पार्टी ने एक बार फिर ओबीसी नेतृत्व को आगे कर सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश की है। नामांकन के बाद पंकज चौधरी ने कहा कि जो पार्टी दायित्व देती है, उस पर निष्ठा से कार्य करना ही कर्तव्य है। मैं कार्यकर्ताओं के साथ हमेशा खड़ा रहूंगा और उनकी बात सुनूंगा। दरअसल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से सांसद रहे हैं और फ़िलहाल गोरखपुर शहरी सीट से विधायक हैं, इसी जिले की पड़ोसी सीट महाराजगंज से पंकज चौधरी सांसद हैं। उनके सामने एक बड़ी चुनौती योगी के साथ तालमेल बैठाना भी है। इस फैसले के साथ ही राज्य में पार्टी के सबसे अहम संगठनात्मक पद को लेकर चल रही महीनों की अटकलों पर विराम लग गया। पंकज चौधरी भाजपा के 15वें प्रदेश अध्यक्ष होंगे और वह प्रदेश में पार्टी की कमान संभालने वाले चौथे कुर्मी नेता बने हैं। पंकज चौधरी को संगठन और सरकार दोनों का अनुभवी नेता माना जाता है। साल 2021 से वो केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री हैं और वर्तमान में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री की ज़िम्मेदारी संभाल रहे हैं।

पार्टी संगठन में भी उनकी पकड़ मजबूत रही है। राजनीतिक विश्लेषक ने कहा कि भाजपा नए समीकरण की तलाश कर रही है, लेकिन इससे बहुत फ़ायदा होने की उम्मीद नहीं है। भाजपा साल 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजे से डरी हुई है। इस फ़ैसले की वजह यह है कि पंकज चौधरी कुर्मी जाति से आते हैं, जिनका प्रदेश के कई जिलों में प्रभाव माना जाता है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है, ये समझ से परे है कि पूर्वांचल से मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने का क्या औचित्य है, यह ज्यादातर ऑप्टिक्स का मामला लगता है। राजनीतिक हलकों में पंकज चौधरी योगी के विरोधी माने जाते हैं। हालांकि मुख्यमंत्री के कद के आगे उनकी बराबरी नहीं है। इसके अलावा वो कुर्मियों के सर्वमान्य नेता नहीं हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में सभी दलों से जीतने वाले सांसदों में 11 कुर्मी समुदाय से आते हैं। इस समुदाय की आबादी का गैर-आधिकारिक आंकड़ा क़रीब 7 फ़ीसदी माना जाता है।

### लौह पुरुष वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित कर बोले योगी

# नेहरू के कारण मिला उग्रवाद व अलगाववाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



नेहरू ने जम्मू कश्मीर को इतना विवादित करने का कार्य किया कि वह भारत को लगातार डसता रहा लौह पुरुष ने हमेशा विभाजन का विरोध किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आधुनिक भारत के शिल्पकार, भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के कारण कश्मीर से देश को उग्रवाद, अलगाववाद प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का यशस्वी नेतृत्व और लंबे समय तक प्राप्त होता, लेकिन देश का दुर्भाग्य रहा कि 15 दिसम्बर 1950 को उनका नश्वर शरीर जवाब दे गया। उनकी स्मृतियां, देश के प्रति सेवाएं व योगदान चिरस्मरणीय अध्याय बन गया। देश वर्तमान भारत के शिल्पी के रूप में सदैव लौहपुरुष का स्मरण करेगा। योगी ने कहा कि लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के करमसद में सामान्य किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने अपने परिश्रम से उच्च शिक्षा अर्जित की। इसके पीछे उनका उद्देश्य आजीविका प्राप्त कर विदेशी हुकूमत की नौकरी करना नहीं, बल्कि देश- दुनिया को समझकर अपनी प्रतिभा व ऊर्जा का लाभ भारत मां के चरणों में समर्पित करना था। देश जब आजाद हो रहा था, उस समय उन्होंने पुरजोर तरीके से भारत के विभाजन का विरोध किया। उन्होंने 567 रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाया। योगी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर रियासत कहां शामिल हो, इसे लेकर असमंजस की स्थिति थी, तब जवाहर लाल नेहरू ने कहा कि मैं पहल करूंगा। जम्मू कश्मीर पं. नेहरू के हाथों में था, लेकिन उन्होंने जम्मू-कश्मीर को इतना विवादित करने का कार्य किया कि आजादी के बाद से वह लगातार भारत को डसता रहा। देश पीएम मोदी का आभारी है, जिन्होंने धारा-370 को समाप्त कर कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए एक देश में एक प्रधान, एक विधान और एक निशान के संकल्प को आगे बढ़ाया।

### किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें अधिकारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन और प्रशासन अन्नदाता किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करें।

'जनता दर्शन' कार्यक्रम में पीएसी के सिपाही ने अपनी समस्या से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए मामले के उचित निस्तारण का निर्देश दिया। शाहजहांपुर से आए किसान ने मुख्यमंत्री से धान खरीद केंद्र की लाप. रवाही की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अन्नदाता किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

### संस्कृति प्रेमियों के लिए गर्व का क्षण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के नाम पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि संस्कृति प्रेमियों के लिए गर्व का क्षण आया है, जब दुनिया के सबसे दिव्य और अलौकिक उत्सव दीपावली को यूनेस्को ने अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दी है। सोशल मीडिया एक्स पर शेयर किए गए अपने संद. ेश में मुख्यमंत्री योगी ने अपील की है कि वे इस गौरवशाली यात्रा और सांस्कृतिक पुनर्जागरण में भाग लें। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश 'योगी की पाती' में कहा कि यूनेस्को की इस मान्यता से न केवल भारतीय सनातन संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश के लिए भी गर्व का क्षण है।

# अखिलेश ने भाजपा के चुनावी गणित पर उठाए सवाल

**शाह टाइमस ब्यूरो**



■ पीडीए प्रहरी के कारण एसआईआर में गड़बड़ी नहीं कर सकी बीजेपी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री के एक बयान का हवाला देते हुए भारतीय जनता पार्टी पर सीधा हमला बोला है।

अखिलेश यादव का कहना है कि मुख्यमंत्री स्वयं यह स्वीकार कर रहे हैं कि एसआईआर के दौरान जो लगभग चार करोड़ मतदाता वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किए गए, उनमें से 85 से 90 प्रतिशत भाजपा के मतदाता थे। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इस बयान के कई राजनी. तिक और गणितीय निहितार्थ निकलते हैं। उनका कहना है कि पहला निष्कर्ष यह है कि 'पीडीए प्रहरी' की सतर्कता के चलते एसआईआर प्रक्रिया में भाजपा अपनी मनमाफिक गड़बड़ी नहीं कर सकी। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन मतदाताओं को साक्ष्यों के अभाव में सूची से बाहर किया गया, उनमें भारी बहुमत भाजपा समर्थकों का था, जिससे यह संकेत मिलता है कि अनियमितताओं की जड़ भी भाजपा के वोट बैंक में थी। उन्होंने आंकड़ों के आधार पर कहा कि यदि चार करोड़ मतदाताओं में से न्यूनतम 85 प्रतिशत भी भाजपा समर्थक मान लिए जाएं, तो लगभग तीन करोड़ 40 लाख मतदाता कम हो गए। उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों के लिहाज से यह प्रति सीट औसतन करीब 84 हजार वोटों की कमी को दर्शाता है।



सेंसेक्स 85213.36
निफ्टी 26027.30



सोना रु. 133442
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 192222
प्रति किलो



# रुपये के दबाव में लुढ़के शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



रुपए में लगातार जारी गिरावट के दबाव में घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 54.30 अंक (0.06 प्रतिशत) फिसलकर 85,213.36 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 19.65 अंक यानी (0.08 प्रतिशत) गिरकर 26,027.30 अंक पर रहा। रुपए पर आज भारी दबाव रहा। बीच कारोबार में यह पहली बार 90.80 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। इससे शेयर बाजारों में निवेश धारणा कमजोर रही। बाजार में आज शुरुआती गिरावट रही। दोपहर बाद कुछ देर के लिए सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान को छूने में कामयाब रहे, हालांकि अंत में गिरावट में लाल निशान में ही बंद हुए। बड़ी और मझौली कंपनियों पर जहां दबाव रहा, वहीं छोटी कंपनियों में निवेशकों ने लिवाली की।

निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक में 0.08 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जबकि स्मॉलकैप-100 में 0.21 प्रतिशत की तेजी देखी गई। च्वॉइस इक्विटी ब्रोकिंग के विश्लेषक अमृता शिंदे और मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियर सर्विसेज में वेल्थ मैनेजमेंट के अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने बताया कि वृहद बाजार में निवेशकों ने चुनिंदा कंपनियों में खरीदारी की। एनएसई में कुल 3,237 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 1,665 के शेयर हरे निशान में और 1,468 के लाल निशान में बंद हुए। वहीं 104 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे। ऑटो, फार्मा और स्वास्थ्य सेक्टरों में ज्यादा गिरावट रही। मीडिया, एफएमसीजी, आईटी, बैंकिंग, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स की 30 में से 15 कंपनियों के शेयर हरे निशान में बंद हुए। हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर 1. 42 प्रतिशत चढ़ा। ट्रेंट में 0.79 फीसदी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 0.70, एशियन पेंट्स में 0.53 और टाटा स्टील तथा इंफोसिस दोनों में 0.52 फीसदी की तेजी रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 1.94 फीसदी गिरा।

# सोना 1.33 लाख के ऑलटाइम हाई पर, चांदी का भाव गिरा

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोने के दाम ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम सोने की कीमत 732 रुपए बढ़कर 1,33,442 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,32,710 रुपए पर था। चांदी के दाम में आज गिरावट देखी गई है, जो 2,958 रुपए गिरकर 1,92,222 रुपए किलो हो गई है। इससे पहले ये 1,95,180 रुपए पर थी। ये इसका ऑल टाइम हाई भी है।

अलग-अलग शहरों में रेट्स अलग क्यों होते हैं? आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। जियोपॉलिटिकल-रूस-यूक्रेन जंग और दुनिया में तनाव बढ़ने से निवेशक सोने को सबसे सुरक्षित निवेश मानकर खरीद रहे हैं। रिजर्व बैंक -चीन जैसे देश अपने रिजर्व बैंक में सोना भर रहे हैं, ये सालभर में 900 टन से ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं, इसलिए दाम ऊपर जा रहे हैं। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

# चावल, चीनी, दालें मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी और दालों में भी तेजी देखी गयी। गेहूं के दाम घट गए जबकि खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 90 रुपए बढ़कर 3,842 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी।

गेहूं 22 रुपए सस्ता हुआ और 2,853 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत 36 रुपए गिर गयी। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल औसंतन 234 रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। चना दाल का भाव 151 रुपए और मसूर दाल का 132 रुपए बढ़ गया। मूंग दाल 93 रुपए और उड़द दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुई। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 12 रिंगिट फिसलकर 4,006 रिंगिट प्रति टन रह गया। जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.02 प्रतिशत गिरकर में 50. 06 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 99 रुपए और मूंगफली 87 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। अन्य में गिरावट रही। पाम ऑयल की कीमत 87 रुपए और सूरजमुखी तेल की 57 रुपए गिर गयी। सरसों तेल 53 रुपए और सोया तेल 12 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 81 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 21 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7833. 90 रुपए, मसूर काली 8164.42 रुपए, मूंग दाल 10080.81 रुपए, उड़द दाल 10361.95 रुपए, तुअर दाल 10598.19 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2852.80 रुपए और चावल 3842.02 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**'मोदी तेरी...**

गई। राज्यसभा की कार्यवाही 12 बजे फिर शुरू हुई। हालांकि, लोकसभा की कार्यवाही 12 बजे शुरू होते ही फिर हंगामा होने लगा, जिसके चलते कार्यवाही 2 बजे तक फिर से स्थगित कर दी गई। भाजपा के आरोपों पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने पलटवार किया। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि हमें नहीं मालूम कि ये सब किसने कहा। रैली में स्टेज से किसी ने भी ऐसा कुछ नहीं कहा। फिर पता चला कि किसी ने इंटरव्यू में कहा है। भाजपा को खुद नहीं पता की किसने नारेबाजी की। पूरा विवाद दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को कांग्रेस की 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली से जुड़ा है। सोशल मीडिया पर रैली के वीडियो वायरल हुए, जिसमें कांग्रेस की महिला नेताओं और समर्थकों ने मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगाए थे। नारे लगाने वालों में कांग्रेस नेता मंजू लता मीणा भी शामिल थीं। वे जयपुर महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि वोट में धांधली को लेकर जनता में बहुत गुस्सा है। वे नारेबाजी के जरिये वोट चोरी को लेकर जनता के गुस्से को दिखा रही थीं।

**मुगलों की...**

कांग्रेस का भी वही हाल होगा, जो औरंगजेब के समय मुगलों का हुआ था। भाजपा का आरोप है कि महिलाओं के इस ग्रुप ने पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल के नेतृत्व में कांग्रेस का भविष्य शायद वैसा ही होने वाला है, जैसा द लास्ट मुगल किताब में मुगल साम्राज्य के बारे में लिखा गया है। मुगल साम्राज्य में छह लोगों ने शासन किया - बाबर, हुमायूं, अकबर, जहांगीर, शाहजहां और औरंगजेब। छठी पीढ़ी के शासन के बाद मुगल साम्राज्य खत्म हो गया। इसी तरह कांग्रेस पर भी नेहरू परिवार के छह लोगों ने शासन किया है- मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी। राहुल गांधी छठे हैं, जो अभी सत्ता का आनंद ले रहे हैं। इनके बाद कांग्रेस का भी मुगलों जैसा हश्र होगा।

**अमीरों की...**

अगली सुनवाई जनवरी के पहले सप्ताह में होगी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान और वकील तन्वी दुबे की दलीलों पर ध्यान दिया, जिन्होंने बांके बिहारी जी मंदिर में देवता के दर्शन के समय में बदलाव और वहां देहरी पूजा सहित कुछ आवश्यक धार्मिक प्रथाओं को रोकने का विरोध किया। दीवान ने कहा कि ये दर्शन का समय परंपरा और रीति-रिवाजों का हिस्सा हैं। जिस समय मंदिर जनता के लिए खुला रहता है, वह एक लंबी परंपरा का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक रूप से सख्त समय का पालन किया जाता रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मंदिर के समय में बदलाव से मंदिर के आंतरिक अनुष्ठानों में बदलाव आया है, जिसमें वह समय भी शामिल है, जब देवता सुबह जागते हैं और रात में सोते हैं। सीजेआई ने मौखिक रूप से कहा कि मंदिर दोपहर 12 बजे बंद होने के बाद भगवान को एक पल भी विश्राम नहीं दिया जाता। जो लोग मोटी रकम दे सकते हैं, उन्हें विशेष पूजा की अनुमति दे दी जाती है। यह देवता के साथ शोषण जैसा है। सीजेआई ने यह भी कहा कि इसी समय में वे लोग बुलाए जाते हैं, जो पैसे दे सकते हैं और विशेष पूजाएं कराई जाती हैं, जबकि यह भगवान के विश्राम का अत्यंत पवित्र समय होता है। वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान और अधिवक्ता तन्वी दुबे, जो मंदिर के सेवायतों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि पूजा और दर्शन के समय को पवित्र माना जाए और उसमें किसी भी तरह का बदलाव न किया जाए। याचिकाकर्ताओं ने यह भी बताया कि मंदिर में मौसम के अनुसार अलग-अलग समय-सारिणी रही है। गर्मी और सर्दी में दर्शन और पूजा के अलग नियम हैं, जो सीधे तौर पर आंतरिक अनुष्ठानों से जुड़े हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सितम्बर 2025 में जारी कार्यालय ज्ञापनों के बाद समय में जो बदलाव किए गए, उससे 'देहरी पूजा' जैसी सदियों पुरानी परंपरा बाधित हो गई। देहरी पूजा केवल गोस्वामियों द्वारा गुरु-शिष्य परंपरा के तहत की जाती है और यह मंदिर बंद होने के समय सीमित स्थान पर होती है, इसलिए भीड़ प्रबंधन के नाम पर इसे रोकना अनुचित है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी दलीलें सुनने के बाद संबंधित पक्षों को नोटिस जारी करने का आदेश दिया।

# सीएम दरबार तक पहुंची नाबालिग ध्वनि की फरियाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ न्याय के बजाय शामली जनपद के ग्राम सिलवर की निवासी लौट गई निराशा लेकर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में यह सर्वविदित है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रत्येक सोमवार को जनता दरबार लगाकर आमजन की फरियाद सुनते हैं और मंगलवार को गोरखपुर में भी पीड़ितों की समस्याओं के समाधान का प्रयास करते हैं।

इसी विश्वास और उम्मीद के सहारे सैकड़ों किलोमीटर दूर शामली जनपद के ग्राम सिलवर से ध्वनि तरार अपनी फरियाद लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री दरबार तक पहुंची थी, लेकिन वह न्याय की उम्मीद लिए जिस दरबार में आई, वहां से उसे निराशा और टूटे विश्वास के साथ लौटना पड़ा। ध्वनि तरार ने बताया कि वह अपनी मां और एक परिचित के साथ चंडीगढ़ एक्सप्रेस में लटककर लखनऊ पहुंची। रिजर्वेशन नहीं मिला, पूरी रात सर्दी में सफर किया और सुबह करीब पांच बजे मुख्यमंत्री आवास पहुंच गई। वहां बताया गया कि आठ बजे मुख्यमंत्री से मुलाकात होगी। किसी तरह इंतजार के बाद केवल ध्वनि को ही अंदर जाने दिया गया, उसकी मां को बाहर ही रोक दिया गया। अंदर पहुं. चने पर अधिकारियों ने उसका प्रार्थना पत्र ले लिया और यह कहकर लौटा दिया कि कार्रवाई हो जाएगी। ध्वनि का कहना है कि वह इससे पहले भी कई बार मुख्यमंत्री दरबार में प्रार्थना पत्र भेज चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस सुनवाई नहीं हुई। ध्वनि की कहानी केवल जमीन विवाद की नहीं है, यह एक ऐसी बेटी की कहानी है, जिसने पैदा होते ही पिता का साया खो दिया। ध्वनि परमजीत की पोती और गोल्डी सिंह की बेटी है। गोल्डी सिंह शराब के आदी थे। परिजनों के अनुसार शादी के बाद पत्नी सोनिया उन्हें शराब छोड़ने के लिए समझाती थी। ध्वनि के जन्म के महज डेढ़ महीने बाद पारिवारिक तनाव और हालातों के बीच गोल्डी सिंह ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। यहीं से ध्वनि का संघर्ष शुरू हो गया। कुछ समय तक वह अपनी मां के साथ रही, लेकिन सामाजिक दबाव में सोनिया को दूसरे गांव में विवाह करना पड़ा। ध्वनि को बागपत जनपद के खंडेरा गांव में उसके नाना के यहां शरण मिली। उधर उसके दादा परमजीत बीमार रहते थे। उन्होंने अपनी जमीन अपनी पत्नी के नाम वसीयत कर दी थी और बाद में दो हजार ट्वीस में ध्वनि के नाम दाखिल-खारिज भी हो गया। लेकिन जैसे ही उसकी दादी का देहांत हुआ, ध्वनि के चचेरे दादाओं और चाचाओं की नीयत बदल गई। ध्वनि का आरोप है कि उसके चचेरे दादा, दो चाचा और एक चचेरा भाई उसकी करीब तीस बीघा जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। जिस मकान में वह मां के पास रह रही है, उसकी जमीन पर भी चचेरे भाई ने कब्जा कर लिया। पिछले चार-पांच वर्षों से वह तहसील, थाना और प्रशास. निक द"तरों के चक्कर काट रही है, लेकिन कहीं से राहत नहीं मिली। उलटे उसके खिलाफ मुकदमे दर्ज कराए गए, जमीन के कागजों में हेराफेरी कराई गई और दाखिल-खारिज तक रुकवा दिया गया। ध्वनि ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शामली जनपद का भाजपा जिलाध्यक्ष उसके चचेरे दादाओं का साथ दे रहा है। उसका कहना है कि कुछ आपराधिक प्रवृत्ति के लोग भी इस पूरे मामले में दबाव बना रहे हैं। अब तो स्थिति यह है कि उसके अस्तित्व तक पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। चचेरे परिजनों ने प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर यह तक कह दिया कि ध्वनि उनके भाई की बेटी नहीं है, बल्कि किसी और की लड़की है, जिसे विधवा बहू के जरिए लाया गया है। जबकि पूरा गांव जानता है कि ध्वनि परमजीत की पोती और गोल्डी सिंह की बेटी है।

# एमडीए ने सरसों की फसल नष्ट कर 5000 वर्ग मीटर जमीन पर लिया कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ के भावनपुर थाना क्षेत्र के अब्दुल्लापुर गांव में एमडीए द्वारा 5000 वर्ग मीटर जमीन पर कब्जा लिया गया है। इस जमीन पर करीब 20 सालों से कोर्ट में केस चल रहा था, जिसे हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया था। पीड़ित किसानों ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। जमीन पर सरसों की फसल थी, जिसे जेसीबी द्वारा तहस-नहस कर दिया गया। तीन आदमियों को जमीन के मालिक बताया गया है और उनकी बाउंड्रियां करवाई जा रही हैं।

इस मामले में जोनल अधिकारी अर्पित यादव और एमडीए की टीम मौके पर मौजूद थे। किसानों और एमडीए के अधिकारियों के बीच नोकझोंक हुई, जिसे गंगानगर बबनपुर पुलिस ने शांत कराया। गंगानगर थाना अध्यक्ष और शिव सदर देहात शिव प्रताप ने किसानों को समझाया और उन्हें उनकी फसल का मुआवजा देने और जमीन के लिए आगे बात करने का आश्वासन दिया।

पीड़ित किसानों का कहना है कि यह जमीन उनकी पैतृक संपत्ति है और वे इसे नहीं छोड़ेंगे। उनका कहना है कि एमडीए द्वारा उनकी जमीन पर कब्जा करना गलत है और वे इसके खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे।



एमडीए के अधिकारियों का कहना है कि यह जमीन सरकारी है और वे इसका इस्तेमाल सार्वजनिक कार्यों के लिए करेंगे। उनका कहना है कि किसानों को उनकी जमीन का मुआवजा दिया जाएगा, लेकिन वे जमीन पर कब्जा नहीं छोड़ेंगे।

यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट में है और इसका फैसला जल्द ही आने की उम्मीद है। तब तक जमीन पर कब्जा करने वाले किसानों और एमडीए के अधिकारियों के बीच तनाव बना रहेगा। इस मामले में कई सवाल उठ रहे हैं, जैसे कि एमडीए ने जमीन पर कब्जा क्यों किया, जबकि कोर्ट में केस चल रहा था? क्या एमडीए ने किसानों को उनकी जमीन का मुआवजा दिया है? क्या एमडीए का जमीन पर कब्जा करना सही है? इन सवालों का जवाब अभी तक नहीं मिला है, लेकिन यह मामला जल्द ही सुप्रीम कोर्ट में आने की उम्मीद है।

## पत्रकार पर हमला, रिपोर्ट दर्ज, किठौर के बोन्द्रा गांव में हुई घटना, आरोपी हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** मेरठ के किठौर थाना क्षेत्र के बोन्द्रा गांव में एक पत्रकार पर हमला हुआ है। रविवार को हुई इस घटना में दैनिक भास्कर के रिपोर्टर वसीम के साथ मारपीट की गई, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी अफरोज को हिरासत में ले लिया है। इंस्पेक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि अजराड़ा निवासी वसीम और अफरोज के बेटों मोहसिन व अशरफ के बीच रास्ते पर बचाव को लेकर कहासुनी हुई थी। यह कहासुनी बाद में मारपीट में बदल गई। घटना के समय वसीम कार में सवार थे। इस मारपीट में अफरोज पक्ष का भी एक व्यक्ति घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने फिलहाल वसीम की शिकायत पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि घायल व्यक्ति की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अफरोज पक्ष की ओर से भी रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# सेंट जेम्स स्कूल में विशाल परोपकार ड्राइव का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित सेंट जेम्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में एक विशाल परोपकार ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। इस सामाजिक सेवा अभियान का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग के लोगों को दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोगों को कपड़े, गर्म वस्त्र, चावल, गेहूं, आटा, चीनी, साबुन, खाद्य तेल सहित अन्य घरेलू सामग्री वितरित की गई। इसके साथ ही स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सेवलॉन, बैंडेज, कॉटन जैसी मेडिकल सामग्री भी प्रदान की गई। इस अभियान का संचालन विद्यालय के प्राचार्य डॉ. नवीन सिंह एवं हेडमिस्ट्रेस अर्पणा सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपप्राचार्य, सीनियर कोऑर्डिनेटर सेमी सबरवाल, कार्यालय स्टाफ तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। अभिभावकों और विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# 115वां स्थापना दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने किया पौधरोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय जेल चुंगी, मेरठ ने अपना 115वां स्थापना दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी स्थित तपोवन में पौधारोपण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता बी.डी. शर्मा व बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख मनोज व अन्य बैंक अधिकारियों ने भाग लिया। क्षेत्रीय कार्यालय व उसके अन्तर्गत आने वाली समस्त शाखाओं ने विभिन्न प्रजाति के कुल 115 पौधे लगाए। मुख्य अतिथि बी.डी. शर्मा ने पर्यावरण के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी।

# किताब प्रेमियों का नया ठिकाना बना आनंद विहार मेट्रो स्टेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एनसीआरटीसी 'बुकटेल्स' के साथ मिलकर आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर एक बुक फेयर का आयोजन कर रहा है, जो यात्रियों को अपने रोजाना के सफर में किस्से-कहानियों से जुड़ने और अपनी पसंदीदा किताबें देखने, चुनने और खरीदकर घर ले जाने का एक अनोखा मौका दे रहा है। 'स्टोरीबॉक्स' नाम का यह बुक फेयर आगामी 21 दिसंबर तक सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक आगंतुकों के लिए खुला रहेगा, और लोगों की यात्रा में किस्से-कहानियों का एक नया सिलसिला जोड़ेगा। इस बुक फेयर की सबसे खास बात इसमें प्रदान किया जा रहा बॉक्स-आधारित खरीदारी का विकल्प है। लोग अलग-अलग किताबें खरीदने के बजाय, एक बॉक्स भरकर किताबें चुन सकते हैं और इकट्ठा खरीद सकते हैं। इसके लिए दो अलग-अलग बॉक्स साइज के विकल्प उपलब्ध हैं। यात्री अपनी पसंद और बजट के हिसाब से कोई भी बॉक्स चुनकर, उसमें जितनी किताबें आराम से फिट हो सकें, उतनी भर सकते हैं और पूरे बॉक्स की तय कीमत पर एक साथ खरीद सकते हैं। किताबें खरीदने का ये अनोखा तरीका, लोगों की जेब पर बिना बोझ डाले, उन्हें अलग-अलग तरह की किताबें चुनने और अपनी सभी पसंदीदा किताबें एक ही बार में खरीदने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस बुक-फेयर में अलग-अलग तरह की किताबों का कलेक्शन मौजूद है जिनमें फिक्शन, नॉन-फिक्शन, बच्चों की किताबें और नए व युवा लेखकों की किताबें शामिल हैं। इसके अलावा युवा पाठकों के लिए एक खास सेक्शन भी है। कई लेखक भी इस बुक फेयर में 'मीट एंड ग्रीट' सेशन के लिए आ रहे हैं, जिनसे पुस्तक प्रेमी मिल सकते हैं, बात कर सकते हैं और अपनी पसंदीदा किताबों पर हस्ताक्षर करवा सकते हैं। लोगों के लिए इस पूरे अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए एक अलग 'मर्चेंडाइज जोन' भी बनाया गया है।

**एनसीआरटीसी कर रहा बुक फेयर का आयोजन**

यात्रियों के लिए बुक फेयर में पहुंचना और वहां अपनी पसंद की किताबें खरीदना बेहद आसान और सहज है। उन्हें बस आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर पहुंचना है, शेल्फ में से अपनी पसंदीदा किताबें चुननी हैं और अपने पसंद के बॉक्स में भरकर खरीदनी हैं और वे कहानियों के साथ अपनी आगे की यात्रा को जारी रख सकते हैं। यह बुक फेयर नमो भारत स्टेशन को सपनों और किस्सों से जोड़कर, रोजाना की यात्रा को और मजेदार बना रहा है।

आनंद विहार नमो भारत स्टेशन इस क्षेत्र के सबसे बड़े ट्रांजिट हब में से एक है, जो परिवहन के कई साधनों से जुड़ा हुआ है। यह यात्रियों और आगंतुकों के लिए बुक फेयर तक पहुंच को और बेहतर बनाता है। स्टेशन परिसर में बुक फेयर का आयोजन करने की इस पहल द्वारा एनसीआरटीसी का लक्ष्य पढ़ने को और ज्यादा सुलभ बनाना और रोजाना के सफर में सार्थक जुड़ाव को प्रोत्साहित करना है। यह पहल, एनसीआरटीसी द्वारा नमो भारत स्टेशनों को एक जीवंत सोशल हब बनाने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों का एक हिस्सा है, जिसका उद्देश्य यात्रियों को कला, संस्कृति, इतिहास, शिक्षा और मनोरंजन से जोड़ना है।

एनसीआरटीसी की ये पहल स्टेशनों को 'कम्यूटर-फ्रेंडली स्पेस' बनाने के प्रयासों को भी दिखाती है जिसका उद्देश्य है कि नमो भारत स्टेशन केवल यात्रा तक सीमित न रहें बल्कि ऐसे समावेशी हब के तौर पर विकसित हों जो मोबिलिटी और कम्युनिटी, दोनों जरूरतों को पूरा करें।







# टावर लगाने को लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध जताते हुए किया हंगामा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लोहिया नगर क्षेत्र के अलीबाग इलाके में मोबाइल टावर लगाए जाने को लेकर स्थानीय लोगों ने कड़ा विरोध जताया। टावर लगाने के लिए जेसीबी से खुदाई का कार्य शुरू किया गया था, लेकिन स्थानीय लोगों ने और कॉलोनी निवासियों के विरोध के चलते काम रोकना पड़ा। वहीं स्थानीय लोगों का आरोप है कि इलाके में पहले से लगे दो मोबाइल टावरों के कारण लोगों को गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं क्षेत्र के रहने वाले मोहम्मद मलिक ने बताया कि पहले से इलाके में दो टावर लगे हुए हैं जिससे लोगों को बड़ी गंभीर बीमारी का सामना करना पढ़ रहा है। वहीं आरोप लगाते हुए बताया कि आबिद चौधरी की जमीन पर टावर लगाने के लिए जेस. ीबी मशीन बुलाकर खुदाई का कार्य शुरू किया गया लेकिन स्थानीय लोगों ने विरोध करते हुए जमकर हंगामा किया। इलाके के लोगों का कहना है नया टावर लगाए जाने से स्वास्थ्य पर और अधिक खतरा बढ़ने की आशंका है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बिना उनकी सहमति और स्वास्थ्य जांच के कोई भी टावर न लगाया जाए।

# आयुर्वेद को उपभोक्ताओं के और करीब लाएगा डाबर का मॉडर्न पैकेजिंग व जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दुनिया की सबसे बड़ी आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेवा कंपनी, डाबर इंडिया लिमिटेड ने सोमवार को एक बड़े रणनीतिक कार्यक्रम की शुरुआत की घोषणा की है। इस कार्यक्रम में कई पहलें शामिल हैं, जिनका उद्देश्य आयुर्वेद को आधुनिक जीवन-शैली के करीब लाना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं की नई पीढ़ी के लिए इसे और अधिक आकर्षक बनाना है। इस अवसर पर बोलते हुए, डाबर इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग हेड-एथिकल्स, डॉ. दुर्गा प्रसाद ने कहा कि डाबर ने अपनी आयुर्वेदिक दवाओं और एथिकल उत्पादों की पूरी श्रृंखला को नई, समकालीन (मॉडर्न) पैकेजिंग में पेश किया है। उन्होंने कहा, नई डिजाइन में दमदार ब्रांड पहचान, चटकीले रंग और बेहतर पठनीयता (आसानी से पढ़ने योग्य होना) शामिल है, जो स्टोर पर उत्पाद की मजबूत उपस्थिति और ग्राहक जुड़ाव को सुनिश्चित करता है। यह बदलाव आयुर्वेद की प्रामाणिकता को बनाए रखते हुए,




परंपरा को आधुनिक सौंदर्यबोध के साथ मिश्रित करने की डाबर की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

होलिस्टिक वेलनेस में बढ़ती वैश्विक रुचि को देखते हुए, डाबर की पहल तीन मुख्य स्तंभों पर केंद्रित है व्यापक (ज्यादा) आकर्षण के लिए पैकेजिंग को आधुनिक बनाना, 'आयुर्वेद संवाद' के माध्यम से ज्ञान साझा करनाय और स्वास्थ्य शिविरों के जरिए समुदाय तक पहुंच बनाना है। ग्राहकों की जागरूकता को मजबूत बनाने के लिए, डाबर मेरठ में अपना प्रमुख कार्यक्रम 'आयुर्वेद संवाद' आयोजित कर रहा है। यह मंच प्रमुख आयुर्वेदिक डॉक्टरों, शोधकर्ताओं को 'संभासा' सत्रों या इंटरैक्टिव चर्चाओं के लिए एक साथ लाएगा। इन चर्चाओं का विषय आयुर्वेद का वैज्ञानिक आधार, इसके व्यावहारिक उपयोग और आधुनिक जीवनशैली की चुनौतियों से निपटने में इसकी भूमिका होगा। इस कार्यक्रम का लक्ष्य आयुर्वेद को रोजमर्रा के जीवन में शामिल करने के लिए व्यावहारिक रणनीतियाँ बनाना और नए शोध के रास्ते खोलना है। अपनी सामाजिक जिम्मेदारी की विरासत को जारी रखते हुए, डाबर ने देशभर में अपने स्वास्थ्य शिविरों का विस्तार करने की योजनाओं की भी घोषणा की है। इन शिविरों में वंचित समुदायों को मुफ्त स्वास्थ्य जांच, आयुर्वेदिक दवाइयां, डायग्नोस्टिक जांच और उपचार प्रदान किए जाएँगे। यह पहल सभी के लिए समग्र स्वास्थ्य सेवा को सुलभ बनाने के डाबर के लक्ष्य को मजबूत करती है। डॉ. प्रसाद ने आगे कहा आयुर्वेद केवल एक प्राचीन परंपरा नहीं है डाबर में, यह हमारे लिए आधुनिक विज्ञान का एक क्षेत्र है। हम इस महान ज्ञान के संरक्षक हैं, लेकिन हमारे ऊपर इसके लाभों को ठोस सबूतों से साबित करने की भी जिम्मेदारी है।

उपभोक्ता तेजी से प्राकृतिक और प्रीवेन्टिव हेल्थकेयर स्वास्थ्य देखभाल के समाधानों की तलाश कर रहे हैं, इसलिए डाबर का यह बहु-आयामी अप्रोच यह सुनिश्चित करता है कि आयुर्वेद केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद, आधुनिक स्वास्थ्य प्रणाली है जो आज की तेज-तर्रार जिंदगी में आसानी से फिट बैठती है।

# मजदूरी न मिलने से परिवार भुखमरी की कगार पर, एसएसपी से लगाई गुहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मध्य प्रदेश के निवासी दर्जनभर मजदूरों ने कांट्रेक्टर द्वारा मजदूरी न दिए जाने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित मजदूर कंधीलाल, दीपक, प्रकाश, तुलसाबाई, कल्लू, सरस्वती, पन्नू, प्रीतिबाई, रामलाल, तिलकराज, साहब व घसिटगयाबाई ने बताया कि वे पिछले कुछ महीनों से मेरठ में रहकर मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं।

मजदूरों के अनुसार वे सेम इंडिया आर्मी हॉस्पिटल में कांट्रेक्टर रमन बाला के अधीन पिछले दो माह से कार्यरत थे लेकिन अब तक उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया। मजबूरी में उन्हें भीख मांगकर अपने बच्चों का पेट पालना पड़ रहा है। मजदूरों का कहना है कि कई बार भुगतान की मांग करने पर ठेकेदार टालमटोल करता रहा और पिछले दस दिनों से उसका फोन भी बंद है। पीड़ितों ने 6 दिसंबर को थाना सदर बाजार में शिकायत की थी, जहां पांच दिन में भुगतान का आश्वासन दिया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजदूरों ने एसएसपी से मांग की है कि थाना अध्यक्ष सदर को निर्देश देकर ठेकेदार से उनकी मजदूरी का भुगतान कराया जाए।

# 21 साल से फरार गौवध अधिनियम का वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** पुलिस ने 21 साल से फरार गौवध अधिनियम के एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बबलू उर्फ जमील अहमद के रूप में हुई है जिसे शास्त्री नगर क्षेत्र से पकड़ा गया। किठौर थाना पुलिस की टीम ने सोमवार को यह कार्रवाई की। उपनिरीक्षक विजय कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सुमित कुमार, कांस्टेबल नौशाद पाशा और कांस्टेबल संतोष कुमार ने वारंटी को दबोचा। गिरफ्तार वारंटी बबलू उर्फ जमील अहमद पुत्र अब्दुल हकीम, मूल रूप से मोहल्ला मौसम खानी, थाना किठौर, जनपद मेरठ का निवासी है। वह वर्तमान में 185/9 सेक्टर-9 शास्त्री नगर, थाना नौचंदी, जिला मेरठ में रह रहा था। उसकी उम्र लगभग 48 वर्ष है। आरोपी के खिलाफ थाना किठौर में गौवध अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। पुलिस के अनुसार, वह लंबे समय से फरार चल रहा था और उसकी लगातार तलाश की जा रही थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।




# मिशन शक्ति टीम ने गुमशुदा बच्ची को परिजनों से मिलाया

**किठौर में हापुड़ अड्डा के पास मिली थी अकेली बच्ची**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** मिशन शक्ति टीम ने किठौर में गुमशुदा बच्ची को उसके परिजनों से मिलाया है। रविवार को टीम को यह बच्ची हापुड़ अड्डा के पास अकेली और घबराई हुई मिली थी। गश्त के दौरान मिली इस बच्ची ने पूछताछ में बताया कि वह अपने माता-पिता से बिछड़ गई थी। इसके बाद मिशन शक्ति टीम की महिला उप निरीक्षक करीना, उप निरीक्षक पूनम और रोजी बच्ची को मिशन शक्ति केंद्र ले गईं। केंद्र पर बच्ची से स्नेहपूर्वक बातचीत कर आवश्यक जानकारी जुटाई गई। बच्ची ने अपने पिता का नाम नईम और निवास शाहजमाल बताया। इस जानकारी के आधार पर बच्ची के परिजनों की तलाश शुरू की गई। सूचना मिलने पर ग्राम शाहजहांपुर, थाना किठौर, जनपद मेरठ के लोगों से संपर्क किया गया। अथक प्रयासों के बाद बच्ची के माता-पिता से संपर्क स्थापित हो सका। सभी आवश्यक औपचारिकताओं के बाद बच्ची को थाना किठौर बुलाकर उसके पिता को सकुशल सौंप दिया गया। अपनी बच्ची को सुरक्षित पाकर परिजनों ने मिशन शक्ति टीम और थाना किठौर पुलिस का आभार व्यक्त किया।





# फायरिंग की सूचना पर पहुंची पुलिस, घटना को बताया फर्जी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** किठौर के सादुल्लापुर बांगर गांव में फायरिंग की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस को जांच में पता चला कि यह मामला मारपीट का था। इसके बाद पुलिस ने दो लोगों को शांतिभंग के आरोप में चालान किया है। जानकारी के अनुसार, सादुल्लापुर बांगर निवासी ऋषिपाल पुत्र टेकचंद और वीरेंद्र पुत्र रामवीर के बीच काफी समय से भूमि विवाद चल रहा है। रविवार देर शाम ऋषिपाल ने पुलिस को अपने विरोधियों द्वारा मारपीट और फायरिंग की सूचना दी। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की, जिसमें फायरिंग की पुष्टि नहीं हुई और मामला मारपीट का निकला। पुलिस ने मारपीट के आरोपी जसवीर पुत्र चैन सिंह को तत्काल गिरफ्तार कर लिया।

दारोगा दीपक जायसवाल ने बताया कि सोमवार सुबह ऋषिपाल ने पुलिस को दोबारा फायरिंग की सूचना दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो ऋषिपाल के पड़ोसी के मकान के दरवाजे में एक गोली फंसी मिली। पुलिस इसे प्लांट किया गया बता रही है। पुलिस ने मारपीट के दूसरे आरोपी युवराज पुत्र अनिल को भी गिरफ्तार किया है।

इंस्पेक्टर प्रताप सिंह ने जानकारी दी कि ऋषिपाल अपने विरोधियों के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कराने की फिराक में हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों जसवीर और युवराज का शांतिभंग में चालान कर दिया है।



**दीवार में फंसी हुई गोली।**

### 49 वर्षीय मोहम्मद इरफान 'जलाली' की दर्द भी दास्तां

# कटहल के पेड़ से गिरकर टूटी जिंदगी


नासिर अली,

**उझारी।** नगर पंचायत उझारी के मोहल्ला मंसूरपुर में रहने वाले 49 वर्षीय मोहम्मद इरफान उर्फ जलाली की जिंदगी नवंबर 2022 की एक दोपहर अचानक पलट गई। बकरियों के लिए चार तोड़ने कटहल के पेड़ पर चढ़े इरफान को यह नहीं पता था कि कुछ ही सेकंड में उनकी पूरी दुनिया बदलने वाली है।

**सरकारी मद्द को तरस रही उझारी के मंसूरपुर मोहल्ले की एक बेबस परवार की आंखे**

मंगलवार का दिन था, दोपहर के करीब 3:30 बजे। इरफान पहले पेड़ से फिसलकर गिरे। उन्हें लगा कि शायद पैर स्लिप हो गया होगा। हिम्मत जुटाकर वे दोबारा चढ़े, लेकिन इस बार की गिरावट ने उनकी पूरी जिंदगी को अंधेरे में धकेल दिया। इरफान बताते हैं कि ऐसा लगा जैसे किसी ने मुझे पकड़कर नीचे फेंक दिया, और फिर मुझे कुछ याद नहीं। जब उनकी आँखें खुलीं तो वे मुरादाबाद के अस्पताल में थे। दोनों हाथों और एक टांग में गंभीर फैक्चर था। डॉक्टरों ने भारी रकम लेकर ऑपरेशन तो कर दिया, लेकिन शरीर आज तक साथ नहीं दे रहा।

### 18 महीने बिस्तर पर पड़े रहे, परिवार ने भी मुंह मोड़ा



**18 महीने तक इरफान चारपाई पर पड़े रहे। सबसे दर्दनाक यह कि इस मुश्किल घड़ी में उनके अपने भी साथ नहीं खड़े हुए। आर्थिक हालात इतने खराब थे कि बस्ती के लोगों ने चंदा करके उनके खाने का इंतजाम किया। पत्नी सहाना, छोटी बेटी सुबहाना के साथ हर दिन उम्मीद और बेबसी के बीच बीतता रहा।**



### सरकारी योजनाओं से अब तक वंचित, इलाज ठप

**उझारी।** राशन कार्ड से महीने में 5 किलो अनाज तो मिल जाता है, मगर यह न तीन लोगों का पेट भरता है, न दवाई का खर्च। सबसे दुखद यह कि आज तक उन्हें किसी भी विभाग से कोई सरकारी मदद नहीं मिली। कई दफ्तरों के चक्कर लगाए, कई लोगों से गुहार लगाई, पर न कोई अधिकारी सामने आया, न कोई मददगार। अब डॉक्टर ने दोबारा ऑपरेशन की सलाह दी है, लेकिन इरफान के पास इलाज के पैसे नहीं हैं। चलना मुश्किल, बैठना मुश्किल, शरीर का कोई हिस्सा ठीक से काम नहीं करता। इरफान की पत्नी सहना की आंखें भर आती हैं हमारी छोटी बेटी सुबहाना को पढ़ाना चाहते हैं, लेकिन घर चलाना ही मुश्किल है हम किससे उम्मीद करें। एक परिवार की उम्मीदें अब समाज और सरकार पर टिकी हैं मोहम्मद इरफान की जिंदगी एक हादसे ने तबाह कर दी, लेकिन वह आज भी हिम्मत नहीं हारे। टूटी हड्डियों और टूटी उम्मीदों के बावजूद वे रोज ई-रिक्शा लेकर निकलते हैं, ताकि उनकी बेटी भूखी न सोए। किसी अधिकारी की नजर अब तक उनपर नहीं पड़ी, कोई योजना उनके दरवाजे तक नहीं पहुँची। अब जरूरत है कि सरकार, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी आगे आएँ, ताकि एक गरीब परिवार फिर से सामान्य जिंदगी जी सके।

### ई-रिक्शा ही सहारा, अब भी टूटे पैर से जूझ रहा

**उझारी।** इरफान पहले ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पेट पालते थे। यह ई-रिक्शा भी उन्हें सरकारी योजना से मिला था। अब तीन महीने पहले उन्होंने दर्द सहते हुए दोबारा रिक्शा चलाना शुरू किया, ताकि घर की रोटी का इंतजाम हो सके। लेकिन सबसे बड़ी समस्या उनका पैर ब्रेक लगाने लायक भी काम नहीं करता। इसलिए उन्होंने एक मिस्त्री से हैंड ब्रेक का जुगाड़ करवा लिया। दिनभर की दौड़-भाग के बाद 100 से 200 रुपये तक की आमदनी हो जाती है, जिससे घर तो किसी तरह चल जाता है, लेकिन 300 रुपये रोज की दवाई खरीदना लगभग नामुमकिन है।

# फ्रैंड्स क्लब ने रुकमणि को तीस रन से हराया

### हर्षित सेठी बने मैन आफ दि मैच

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा।** डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन और युथ क्रिकेट क्लब के तत्ववाधान में मिनी स्टेडियम में चल रहे सद्भावना कप ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब दिल्ली और रुक्मणी क्रिकेट क्लब मुरादाबाद के बीच मैच खेला गया। रुक्मणी क्रिकेट क्लब ने टॉस जीता और पहले बोलिंग करने का फैसला किया पहले पहले बैटिंग करते हुए फैंड्स क्रिकेट क्लब दिल्ली ने निर्धारित 30 ओवर 9 विकेट खोकर 176 रन स्कोर खड़ा किया। हर्षित सेठी ने 84 और मुबाशीर ने 27 रनों का योगदान दिया। रुक्मणी क्रिकेट क्लब की ओर से उस्मान ने 3 और अरीब और राजा ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रुक्मणी क्रिकेट क्लब मुरादाबाद की टीम 27.5 ओवर में मात्र 146 रनों पर ऑल आउट हो गयी। साईम ने 30 और कुशल ने 28 रन की पारी खेली। फ्रेंड्स क्लब दिल्ली की ओर से सकलेन और सिकंदर ने 3-3 विके ट लिए। फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब दिल्ली ने 30 रनों से यह मैच जीत लिया। शानदार बेटिंग के लिए हर्षित सेठी को मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया। मैच में अंपायरिंग सतेंद्र सिंह और जमाल पाशा ने की।



स्कोरिंग राहुल गुप्ता व सदाकत ने और कमेंटरी शमशाद अल्वी द्वारा की गई इस मौके पर रिजवान पाशा, इमरान पाशा, नजम अली, परवेज पाशा, शहजाद फारूक, सिकंदर अली, नदीम बादशाह, अकरम अंसारी, मोज्जाम अली, सैंडी गुप्ता, अनिल चौहान, मोहम्मद नूर, बॉबी पाशा, नावेद आमिर, रोहित चंदेल, रजन असगर, महशर अली, मोहम्मद जाहिद, भरत, मोहम्मद जुबैर, तरीक चीना, आकिब, दीपांकूर, नफीस, अजीम अहमद, अनस खान, विजय ठाक र, जावेद पाशा, मुजाहिद अली, डॉ वरुण, मुकररब पाशा, गुफरान, इकराम अली आदि मौजूद रहे।

### भाकियू संघर्ष का कार्यालय खुला

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** पुष्कर नगर स्टेडियम चौराहा रोड बाईपास पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह गिल ने फीता काटकर कार्यालय का शुभारम्भ किया। जिला अध्यक्ष वीरपाल सिंह ने संगठित रहने पर जोर दिया। युवा जिला अध्यक्ष गौरव पंवार गूर्जर ने कहा कि भाकियू संघर्ष के कार्यालय की दूरी जिलाधिकारी कार्यालय से मात्र एक किमी दूर है जिससे हम किसानो की समस्या को आसानी से समाधान करा सकेंगे। किसानो ने खाद समय से न मिलने पर रोष व्यक्त किया। साथ ही कहा की नीलगाय फसलो को उजाड रही है इनकी नसबन्दी करायी जाए। इस अवसर पर रामपाल सिंह, लखराम सिंह, पीतमसिह, सोमपाल सिंह, अरविन्द पंवार ,एडवोकेट भूपेन्द्र सिंह ,खेम सिंह ,अनुज गूर्जर, रोबिन्स, कावेन्द्र ,सतपाल , सचिन चौधरी ,अनुराग, मनोज, सुनील, बीना कटारिया ,निशा शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# कोहरे के कारण पास का देखना भी मुश्किल

शाह टाइम्स संवाददाता,

**गजरौला।** सोमवार को कोहरे के कारण दृश्यता बहुत ही कम रही। सुबह साढ़े आठ बजे के बाद सूर्यदेव प्रकट हुए तो कोहरा समाप्त हुआ। कोहरे के कारण रात में तापमान काफी कम रहा और ठंड में वृद्धि हुई। रविवार/सोमवार की मध्यरात्रि के बाद से ही ठंड बढ़नी शुरू हो गई थी। सुबह होते होते कोहरे की चादर और भी मोटी हो गई। दृश्यता बेहद कम होने से वाहन संचालन और ट्रेन संच. ालन में भी बाधा का सामना करना पड़ा। ट्रेनें निर्धारित समय से देरी तक पहुंची। तों वहीं वाहन चालकों को सुबह के नौ बजे तक हेडलाइट जलाकर धीमी रफ्तार से वाहन चलाने पड़े। तड़के से शुरू हुआ कोहरे का असर देर सुबह के साढ़े आठ बजे तक बना रहा। कोहरे के कारण दिन में भी सर्दी का असर रहा, हालांकि धूप के कारण लोगों को सर्दी महसूस नहीं हुई, लेकिन शाम होते होते फिर से मौसम बदलने लगा और ठंड बढ़ गई। इंटरनेट पर जानकारी के अनुसार मौसम विभाग के अनुसार दिन में अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहा। रात के समय तापमान छह सात डिग्री तक पहुंच गया था।



# आठवें वेतन आयोग का लाभ दिलाने की मांग

### पेंशनर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**अमरोहा।** पेंशनर्स एसोसिएशन के आह्वान पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।

सोमवार को शहीद पार्क कलेक्ट्रेट पर जिला अध्यक्ष अनूप सिंह पैसल की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धरने को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष और वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने साथियों को अवगत कराया की सरकार आठवें वेतन आयोग का लाभ पेंशनर्स को न देने का मन बना रही है। क्योंकि वेतन आयोग को जो टर्म आफ रेफरेंस भेजा गया है। उसमें पेंशनर्स का कोई जिक्र नहीं किया गया है। जिस कारण पूरे देश के पेंशनर्स इस संदेह के कारण आंदोलन रत हैं। इस दौरान जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया था। कोई कार्यवाही न होने पर देशव्यापी धरना प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया गया। धरना सभा को खुर्शीद हैदर जैदी, श्योनाथ सिंह प्रजापति, लोकेंद्र सिंह, कुंवर पाल सिंह, अमीपाल सिंह, सुनील त्यागी, सोमदत्त ,धर्म सिंह, योगेंद्र मोहन शर्मा जी, चौधरी योगेंद्र सिंह ,रोहतास सिंह, भोपाल सिंह तोमर, तथा श्योनाथ सिंह प्रजापति मौजूद थे।



# फर्जी रसीदें छपवाकर पेयजल के टैक्स के रूप में वसूले लाखों रुपये

शाह टाइम्स संवाददाता,

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव में फर्जी रसीदें छपवाकर जलकल की वसूली करने वाले आरापी के विरूद्ध न्यायालय के आदेश पर स्थानीय पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी पर पांच लाख रुपये के घोटाले का आरोप है।

**पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज किया मुकदमा**

बता दें कि थाना क्षेत्र के गांव चकनवाला निवासी बसन्ता के पुत्र प्रथे उर्फ प्रतपाल द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट के अनुसार गांव के रहने वाले टयूबबैल ऑपरेटर नरेश सिंह ने अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड उत्तर प्रदेश जल निगमके नाम से कूटरचित व फर्जी पेयजल शुल्क रशीद छपवाकर ग्रामीणों से अवैध वसूली की जा रही थी। नरेश ने प्रथे की दो हजार रूपये की रसीद 19.03.2025 को काटी परन्तू जब जानकारी की गई तो पता चला कि उक्त धनराशि को जल निगम कार्यालय में जमा नहीं किया गया। इस तरह उसने कान्ता, हरचरन सिंह आदि समेत अनेकों ग्रामीणों को अपने जाल में फंसाकर पांच लाख रुपये का घोटाला कर लिया। इतना ही नहीं अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड से सूचना अधिकार के तहत जानकारी मांगी गई तो सामने आया कि विभाग कार्यालय को न तो नियुक्त किया गया है और न ही रसीदें छपवाई गई हैं, और न ही उसने कोई शुल्क जमा किया है। जब इस बात की शिकायत नरेश सिंह से की गई तो बजाए अपनी गलती मानने के उसने जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद पीड़ित पक्ष के लोग थाने पहुंचे और पुलिस से कार्रवाई की मांग की, आरोप है कि स्थानीय पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिसके बाद पीड़ित पक्ष ने न्यायालय का रूख किया। न्यायालय ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया। जिस पर सोमवार को स्थानीय पुलिस ने आरोपी नरेश सिंह के विरूद्ध संबधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# इनर व्हील क्लब ने वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

शाह टाइम्स संवाददाता

**हसनपुर।** इनर व्हील क्लब हसनपुर ने सर्दी के मौसम में को. हरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को टालने के लिए एक महत्वपूर्ण सामाजिक चेतना कार्यक्रम का आयोजन किया। रिलायंस पेट्रोल पंप, हसनपुर-संभल रोड के सामने, क्लब के सदस्यों ने ट्रैक्टर, ट्रॉली, ई-रिक्शा और अन्य वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर पट्टी लगाई।

कोहरे में या रात के समय वाहनों में पीछे लाइट या रिफ्लेक्टर पट्टी न होने से दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। इस प्रयास के तहत क्लब सदस्यों ने सैकड़ों वाहनों पर रिफ्लेक्टर पट्टी लगाई। जिससे रात में वाहन की उपस्थिति का पता आसानी से लगाया जा सके। क्लब अध्यक्ष आरती गुप्ता ने बताया कि इनर व्हील क्लब द्वारा सामाजिक हित के लिए ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे। हसनपुर के नागरिकों और समा. जसेवियों ने क्लब के इस कदम की काफी सराहना की है। इस कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष आरती गुप्ता, सोनिया रस्तोगी, कविता अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, अंचल अग्रवाल, किरन मित्तल, जया सिरोही और समाजसेवी संदीप रस्तोगी उपस्थित रहे।



### बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला।** गाजियाबाद जनपद के थाना निवाड़ी के गांव पुठरी निवासी अमित कुमार ने 03 नवम्बर को लठीरा गांव के पास गंगा घाट खड़ी बाइक चोरी करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# दुष्कर्म की साजिश रचने वाला दरोगा फरार

### गिरफ्तारी को पुलिस दे रही दबिशे

शाह टाइम्स संवाददाता

**गजरौला।** दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने के नाम पर सवा लाख रुपये की वसूली के मामले में जहां पुलिस ने पीआरडी जवान सेहित गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं इस पूरे कांड का मुख्य आरोपी दरोगा अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी दरोगा नितिन कुमार जो वर्तमान में सिंभावली थाना क्षेत्र में तैनात है, घटना के बाद से फरार चल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है, उधर, आरा. ेपी दरोगा की भूमिका को लेकर पुलिस महकमे में भी हलचल है। माना जा रहा है कि गिरोह की पूरी साजिश उसी के इशारे पर रची गई थी। पुलिस अधिकारियो का कहना है कि दरोगा की गिरफ्तारी के बाद ही मामले के अन्य पहलुओं और संलिप्त लोगों का खुलासा हो सकेगा। एसपी अमित कुमार आनंद ने भरोसा दिलाया है कि फरार दरा. ेगा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस का कहना है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है और मामले में शामिल हर आरोपी को न्याय के कटघरे तक पहुंचाया जाएगा।

# राज्यमंत्री ने जिलाधिकारी के साथ भरा पचपेड़ा में चल रहे निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण



**पीलीभीत।** राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें, उप्र संजय सिंह गंगवार द्वारा भरा पचपेड़ा में चल रहे निर्माण कार्यो का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला. धिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह को निर्देश दिये कि चल रहे निर्माण कार्यो की जांच हेतु टीम का गठन किया जाये जो प्रति सप्ताह जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौपें।

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जायेगा। इसके साथ ही उन्होंने उप जिलाधिकारी अमरिया को निर्देश दिये जिन लोगों द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है, उनसे भूमि को शीघ्र कब्जा मुक्त कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को सड़कों की गुणवत्ता की जांच कर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री ने अधिकारियों को औद्योगिक अधोसंरचना, सड़क, सुरक्षा, विद्युत एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि उद्योगों को सुगम, सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को औद्योगिक निवेश का मजबूत केंद्र बनाने, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में सरकार निरंतर प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के दौरान उप जिला. धिकारी अमरिया, एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारी उपस्थित रहे।


**वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

VASTU HOUSING FINANCE

यूनिट 203 और 204, दूसरी मंजिल, 'ए' विंग, नवभारत एस्टेट, जकारिया बंडर रोड, सेवरी (पश्चिम), मुंबई 400015. महाराष्ट्र,

सीआईएन नंबर: U65922MH2005PLC272501

**कब्ज़ा सूचना**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है और नियम 9 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 ने एक डिमांड नोटिस जारी किया, जिसमें नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं से उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया। उधारकर्ताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, नीचे उल्लिखित तिथि पर उक्त नियमों के नियम 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्ज़ा कर लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और गारंटर और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति के साथ लेनदेन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेनदेन नीचे दी गई राशि और उस पर ब्याज के लिए वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड शाखा के शुल्क के अधीन होगा, लागत आदि।

| क्र. स. | उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता का नाम और लैन नं. | मांग सूचना की तिथि एवं राशि | संपत्ति का विवरण | कब्जे की दिनांक और प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | निशांत कुमार, बबली सोम, एलपी0000000092240 एलपी0000000171771 | 23-जुलाई-25 रू. 1286428 और 09-जुलाई-25 को रू. 365350 | फ्रीहोल्ड आवासीस मकान क्षेत्रफल 235.390 वर्ग गज या 193.81 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 219 से सबंधित, गांव मोहिनीपुर, परधना दौराला, तहसील सरधना जिला. मेरठ, यू.पी. उत्तर- अन्य की सम्पत्ति, दक्षिण- अन्य की सम्पत्ति, पूर्व- 20 फीट चौड़ा रास्ता, पश्चिम - अन्य की सम्पत्ति | 12-दिसंबर-25 को प्रतीकात्मक कब्जा प्राप्त किया गया। |

दिनांक: 16.12.2025
स्थान: मेरठ

प्राधिकृत अधिकारी,
वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि0


# पीड़ित महिलाओं की समस्या का होगा त्वरित समाधान

ihyhHkhrA 17 दिसंबर को जनपद पीलीभीत में सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग पुष्पा पाण्डेय एवं सुनीता सैनी द्वारा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने हेतु प्रातः 11 बजे गोमती सभागार विकास भवन में जन सुनवाई करेंगी। जिसमें प्रत्येक पीड़ित महिला अपनी सभी प्रकार की समस्याएं जैसे-ससुराल में प्रताड़ित किया जाना, दहेज मांग से मानसिक शारीरिक उत्पीड़न, मारपीट, यौन उत्पीड़न, एवं अन्य सभी महिलाओं से सम्बंधित मामलों को गहनता से सुनकर उनका त्वरित निस्तारण किया जायेगा, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी द्वारा बताया कि जनसुनवाई के अतिरिक्त सदस्या द्वारा विकास खण्ड मरौरी में 2.30 बजे से जन चैपाल का आयोजन किया जाएगा जिसमें सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

# भाकियू भानू के पत्रकार संगठन में बढ़ता पत्रकारों का कारवां

पूरनपुर। भारतीय किसान यूनियन भानू का कारवां लगातार विस्तार ले रहा है और अब पत्रकार संगठन भी मजबूती की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है। बीते दिनों बड़ी संख्या में पत्रकारों के संगठन से जुड़ने के बाद, क्षेत्र में अपनी सशक्त पहचान रखने वाले पत्रकार सोहेल अहमद ने भी भारतीय किसान यूनियन भानू के पत्रकार संगठन में शामिल होकर किसान आंदोलन को अपनी कलम का समर्थन दिया है। यह जॉइनिंग भाकियू भानू के जिला अध्यक्ष भजनलाल क्रोधी तथा संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी लालू मिश्रा के निर्देश पर संपन्न हुई। तहसील मीडिया प्रभारी सबलू खां द्वारा औपचारिक रूप से सोहेल अहमद को संगठन से जोड़ा गया। इस अवसर पर पत्रकार संगठन के संदीप शर्मा, अवधेश पांडे, इजहार सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

# मलकपुर चीनी मिल ने किया 11 करोड़ 80 लाख का भुगतान

## गन्ना भुगतान को लेकर किसानों की आ रही थी शिकायतें, डीएम की सख्ती व सक्रिय निगरानी ने किसानों को दिलाई राहत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में गन्ना किसानों के हितों को लेकर जिला प्रशासन की सक्रिय, संतुलित और जवाबदेह कार्यप्रणाली एक बार फिर सामने आई है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल के स्पष्ट निर्देशों, निरंतर निगरानी और शासन की मंशा के अनुरूप ठोस कार्रवाई के परिणामस्वरूप मलकपुर चीनी मिल द्वारा सोमवार को किसानों को 11 करोड़ 80 लाख रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान किया गया। लंबे समय से भुगतान की प्रतीक्षा कर रहे किसानों के लिए यह कदम निश्चित रूप से राहत लेकर आया है, वहीं प्रशासन की भूमिका ने सुशासन की एक सकारात्मक तस्वीर प्रस्तुत की है।

गन्ना मूल्य भुगतान में विलंब को लेकर किसानों की शिकायतें लगातार प्रशासन के संज्ञान में आ रही थीं। गन्ना किसानों के सामने खेती की लागत, मजदूरी, परिवहन और पारिवारिक खर्चों का दबाव बढ़ता जा रहा था। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने आरंभ से ही यह स्पष्ट कर दिया कि किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और गन्ना मूल्य का समय पर भुगतान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी क्रम में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने चीनी मिल स्तर पर उपलब्ध संसाधनों की विस्तृत समीक्षा कराई। उन्होंने चीनी मिल में उपलब्ध चीनी, शीरा, बगास एवं प्रेसमड जैसे उप-उत्पादों को किसानों के बकाया भुगतान से सीधे जोड़ते हुए शासन द्वारा जारी टैगिंग आदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि इन उत्पादों की बिक्री से प्राप्त होने वाली कुल धनराशि का न्यूनतम 85 प्रतिशत हिस्सा अनिवार्य रूप से गन्ना मूल्य मद में ही उपयोग किया जाए। यह निर्णय केवल आदेश तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशासन ने सख्त निगरानी व्यवस्था भी लागू की। जिला गन्ना अधिकारी के माध्यम से चीनी मिल के स्टॉक, उसकी बिक्री और प्राप्त धनराशि पर लगातार नजर रखी गई। साप्ताहिक रिपोर्ट तलब कर यह सुनिश्चित किया गया कि किसानों के भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी या टालमटोल न हो। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि चीनी मिल के पास उपलब्ध संसाधनों पर पहला अधिकार गन्ना किसानों का है और भुगतान के बाद ही अन्य व्यावसायिक दायित्वों पर विचार किया जाएगा। निरंतर निगरानी और स्पष्ट संदेश के चलते चीनी मिल प्रबंधन पर सकारात्मक दबाव बना। सोमवार को जिलाधिकारी ने चीनी मिल के अध्यासी को अपने कार्यालय में तलब कर भुगतान की स्थिति की समीक्षा की। बैठक के उपरांत मलकपुर चीनी मिल के कामर्शियल उप महाप्र. बंधक विजय कुमार जैन 11.80 करोड़ रुपये का बैंक चेक लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। प्रशासन की उपस्थिति में इस राशि को गन्ना मूल्य मद में भुगतान हेतु जारी किया गया। हालांकि इस भुगतान के बाद भी मलकपुर चीनी मिल पर किसानों का कुल 137.24 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान अवशेष है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि किया गया भुगतान सराहनीय है, लेकिन किसानों के कुल बकाये की तुलना में यह पर्याप्त नहीं है। उन्होंने चीनी मिल प्रबंधन को निर्देशित किया कि शीघ्र ही ऋण स्वीकृत कराकर शेष राशि का पूर्ण भुगतान सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि भुगतान की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी और किसानों को उनका हक दिलाने के लिए प्रशासन हर आवश्यक वैधानिक कदम उठाएगा। सरकार की नीतियों से मिला संबल गौरतलब है कि हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने 2025-26 पेराई सत्र के लिए गन्ना मूल्य में 30 प्रति क्विंटल की ऐतिहासिक बढ़ोतरी की है। इसके तहत अगैती प्रजाति का गन्ना मूल्य 400 प्रति क्विंटल और सामान्य प्रजाति का 390 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इस निर्णय से प्रदेश के गन्ना किसानों को लगभग 3000 करोड़ का अतिरिक्त लाभ मिलने का अनुमान है। राज्य सरकार की यह पहल किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की कार्रवाई और सरकार द्वारा गन्ना मूल्य में वृद्धि-दोनों मिलकर किसानों के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार कर रहे हैं।

## मलकपुर गन्ना मिल पर बकाया 350 करोड़ रुपये के ब्याज भुगतान की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कलेक्ट्रेट पहुंचे किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मलकपुर गन्ना मिल पर बकाया 350 करोड़ रुपए के ब्याज भुगतान की मांग की। किसानों का आरोप है कि यह ब्याज वर्ष 2017 से 2025 तक का लंबित है।

किसानों ने बताया कि मलकपुर मिल द्वारा गन्ने का भुगतान समय पर नहीं किया गया, जिसके कारण ब्याज की राशि बकाया हो गई। न्यायालय के आदेश के बावजूद मिल अधिकारी अभी तक किसानों को बकाया ब्याज का भुगतान नहीं कर रहे हैं, जिससे किसान परेशान हैं। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनका भुगतान नहीं किया गया, तो वे एक सप्ताह बाद धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने मिल अधिकारियों को इसकी जिम्मेदारी लेने को कहा। इस संबंध में जिलाधिकारी ने किसानों को जल्द समाधान का आश्वासन दिया है। इस दौरान दिनेश कुमार, मास्टर सोमपाल सिंह, जयवीर सिंह, संजीव कुमार, सोहनपाल सिंह सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

## टेम्पो व ट्रक की भिड़ंत में टेम्पो चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** खासपुर निवासी 55 वर्षीय टेम्पो चालक की हरियाणा में टेम्पो और ट्रक की भिडंत में मौत हो गयी है। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा जहां गमगीन माहौल में व्यक्ति का अन्तिम संस्कार कर दिया गया है। वही ग्रामीण पीड़ित परिवार को सांत्वना देने में लगे है।

खासपुर निवासी 55 वर्षीय सतपाल पुत्र भगीरथ कोल्हू चलाता है और गुड़ टेम्पो से हरियाणा की मंडी लेकर जाता है। रविवार को जब वह वापस हिसार बाईपास के समीप पहुंचा तो ट्रक और टेम्पो कोहरे के चलते आपस में भिड गये वही पीछे से एक और ट्रक ने टेम्पो को टक्कर मार दी जिसमें टेम्पो दो ट्रको के बीच फंस गया और चालक सतपाल की मौकें पर ही मौत हो गयी। क्रेन की साहायता से शव को बाहर निकाला गया। वही परिजनों को सूचना दी गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया रोते बिलखते परिजन हरियाणा पहुंचे और पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया गया जहां गमगीन माहौल में व्यक्ति के शव का अन्तिम संस्कार कर दिया गया। ग्रामीण पीड़ित परिवार को सांत्वना देने मे लगे है।



मृतक का फाइल फोटो

## सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं शिक्षक समन्वय समिति का कलक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार को सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं शिक्षक समन्वय समिति एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएशन ने कलक्ट्रेट पर धरना दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में पेंशनरों के मुद्दों को आठवें वेतन आयोग की परिधि में शामिल नहीं किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

सेवानिवृत्त एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के बागपत शाखा के अध्यक्ष डा.यशवीर सिंह का कहना था कि सेवाकाल का लंबित वेतन यदि लंबित न रखा गया होता तो उसे भुगतान करने के लिए सरकार को फंड उपलब्ध कराना पड़ता। चूंकि उस वेतन को लंबित रखना था इसलिए फंड आंवटित नहीं किया गया। उन्होंने सरकार ओर से बनाए जाने वाले बजट में वेतन और पेंशन को रखा जाए। उन्होंने वित्त विधेयक 2025 में पेंशनरों में तिथि के आधार पर विभोद पैदा करने वाले अंश को हटाने, केंद्रीय आठवें वेतन आयोग के गठन के बारें में जारी नोटिफिकेशन में पेंशन पुनरीक्षण एवं पेंशनरी लाखों को शामिल करने व गैर अंशदायी और गैर वित्त पोषित बताए जाने वाले क्लॉक को हटाकर सकारात्मक कार्रवाई की मांग की।



## एक नजर

### शीतलहर से निपटने को बागपत में पुख्ता इंतजाम, नगर निकायों में बने रैन बसेरे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शासन के निर्देशों के अनुपालन में जनपद में शीतलहर से बचाव के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। जिलाधिकारी अस्मिता लाल के नेतृत्व में जनपद की सभी नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में रैन बसेरे स्थापित किए गए हैं, ताकि ठंड के दौरान कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति खुले में रात बिताने को मजबूर न हो। नगर निकायों द्वारा रैन बसेरों तक आमजन की सहज पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, चौराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और बाजार क्षेत्रों में दिशा सूचक साइनेज बोर्ड लगाए गए हैं। इन बोर्डों के माध्यम से रैन बसेरों की स्थिति की जानकारी दी जा रही है। नगर निकायों को निर्देशित किया गया है कि रैन बसेरों में स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और मूलभूत सुविधाएं नियमित रूप से उपलब्ध रहें। सर्दी से राहत के लिए जनपद के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था भी की गई है। नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों को सुबह और रात्रि के समय अलाव जलाने के निर्देश दिए गए हैं। अलाव स्थलों पर ईंधन की उपलब्धता और व्यवस्था की निगरानी के लिए संबंधित कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि शीतलहर के दौरान सभी व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा और निरीक्षण किया जाए। नगर निकायों के अधिकारियों को स्पष्ट कहा गया है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए और यदि कहीं कमी सामने आए तो उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। मानव सुरक्षा के साथ-साथ जनपद में गौवंश संरक्षण को भी प्राथमिकता दी गई है। सभी गौशालाओं में संरक्षित गौवंशों के लिए ठंड से बचाव की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। पुआल, तिरपाल, शेड और अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है। पशुपालन विभाग को गौशालाओं की नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार गौशालाओं में चारे, स्वच्छ पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कमजोर और बीमार गौवंश की स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है, ताकि ठंड के कारण किसी प्रकार की क्षति न हो। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है कि यदि कहीं कोई व्यक्ति खुले में ठंड से परेशान दिखाई दे, तो उसे नजदीकी रैन बसेरे की जानकारी दें या संबंधित नगर निकाय को सूचित करें। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि शीतलहर के दौरान व्यवस्थाओं को लेकर प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

## चौ.चरण सिंह की 123वीं जयंती पर 18 दिसंबर होगा किसान मेला का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रमाला।** किशनपुर बिराल में भारत रत्न व देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती के उपलक्ष्य में 18 दिसंबर को किशनपुर बिराल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रमाला शुगर मिल के उपसभापति जयदेव सिंह के कैंप कार्यालय पर सोमवार को प्रेसवार्ता आयोजित की गई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।



प्रेसवार्ता में रालोद जिलाध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने बताया कि किसान दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण किसान मेला रहेगा। मेले के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं तथा खेती से जुड़ी नवीन जानकारियों से अवगत कराया जाएगा। छपरौली विधायक डा. अजय कुमार ने बताया कि डीएवी इंटर कॉलेज, किशनपुर बिराल में चौधरी अजीत सिंह के नाम पर स्थापित पुस्तकालय का नवीनीकरण कराया जा रहा है। इस नवीनीकृत पुस्तकालय का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में गुजरात और महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत आर्य की भी विशेष उपस्थिति प्रस्तावित है। रालोद मंडल अध्यक्ष इंद्रवीर भाटी ने कहा कि यह पुस्तकालय क्षेत्र के युवाओं के लिए ज्ञान का केंद्र बनेगा और उन्हें शिक्षा के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी मार्गदर्शन मिलेगा। रमाला शुगर मिल के उपसभापति जयदेव सिंह ने बताया कि किसान दिवस पर आयोजित किसान मेले में कृषि से जुड़े विभिन्न स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉलों के माध्यम से किसानों को उन्नत बीज, आधुनिक कृषि उपकरण, जैविक खेती, सिंचाई तकनीक और फसल उत्पादन बढ़ाने के उपायों की जानकारी दी जाएगी। प्रेसवार्ता में पूर्व विधायक वीरपाल राठी, पूर्व जिलाध्यक्ष जगपाल तेवतिया, रामकुमार चेयरमैन, सत्यव्रत आर्य, युवा जिलाध्यक्ष राहुल धामा, जितेंद्र तोमर, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सहित बड़ी संख्या में रालोद नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर ट्रक व कनटेंनर की भिडंत में चालक घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर सिंगोली तगा के समीप एक ट्रक की आगे चल रहे कंटेनर से भिंड़त हो गयी जिसमे ट्रक चालक घायल हो गया। मेवात निवासी ट्रक चालक सद्दाम गाजियाबाद से हरियाणा ट्रक में समान लेने जा रहा था सिंगोली तगा गांव के समीप आगे चल रहे ट्रक से उसकी भिंड़त हो गयी जिसमे सद्दाम को मामूली चोटे आयी है।

## जनपद में लगातार बढ़ रहा प्रदूषण का स्तर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 450 पर पहुंचने के बाद ग्रैप-4 (Graded Response Action Plan) लागू कर दिया गया है। इसके तहत सभी प्रकार के निर्माण कार्यों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है।



धूल उड़ने से रोकने के लिए सड़कों पर पानी का छिड़काव भी कराया जा रहा है। ग्रैप-4 लागू होने के बाद दिल्ली में बीएस-4 तक के डीजल वाले वाहनों के प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस प्रतिबंध का असर ईंट ढोने वाले ट्रकों पर सबसे ज्यादा पड़ेगा, जिससे ईंटों की आपूर्ति बाधित हो सकती है। व्यापारियों को भी दिल्ली से सामान लाने-ले जाने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि ग्रैप-4 लागू होने के बाद अब किसी भी तरह का कोई निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को प्रदूषण नियंत्रण नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी सौंपी है और चेतावनी दी है कि प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन लगातार लोगों से अपील कर रहा है कि वे ऐसा कोई कार्य न करें जिससे प्रदूषण बढ़े। अधिकारी अब फील्ड में उतरकर प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों और व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर चुके हैं। बढ़ते प्रदूषण से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। आंखों में जलन और सांस संबंधी शिकायतें सामने आ रही हैं। स्वास्थ्य विभाग ने एक एडवाइजरी जारी कर लोगों को जरूरी होने पर ही बाहर निकलने, मास्क लगाने और किसी भी स्वास्थ्य समस्या पर तुरंत नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराने की सलाह दी है। संतुलित और पौष्टिक आहार लेने की भी सलाह दी गई है।

## 17 दिसंबर से संविदा के तहत चालकों की भर्ती शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के दिल्ली रोड स्थित परिवहन निगम के अधिकारियों ने डिपो पर 17 दिसंबर से संविदा के तहत चालकों की भर्ती शुरू करने का निर्णय लिया है। क्षेत्र के चालक अपने-अपने फॉर्म जमा करने में लग गए हैं। डिपो प्रबंधक ने बताया कि डिपो के अंदर 50 से अधिक चालकों की कमी चल रही है। इसी को मध्य नजर रखते हुए चालकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई है। इनके आने से यातायात व्यवस्था में सुधार होगा। इस समय रोडवेज डिपो में निगम व अनुबंधित की करीब 185 बसें हैं। जिन्हें चलाने के लिए डिपो के पास पर्याप्त संख्या में चालक नहीं है। वर्तमान में 50 से अधिक चालकों की कमी चल रही है, जो लंबे समय से पूरी नहीं हो पा रही है, जिसके लिए कई बार भर्ती भी की जा चुकी है। मगर चालकों की कमी से यातायात व्यवस्था प्रभावित होने से लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चालकों की भर्ती होने पर यातायात में सुधार होगा एवं क्षेत्र में जमकर बस चलेंगी। चालक डिपो प्रबंधक ने बताया कि अभ्यर्थियों को ड्राइविंग की दो परीक्षा पास करनी होगी, जिनमें पहली परीक्षा डिपो पर दूसरी लोनी में होगी। चालकों को 2.28 रुपये प्रति किमी के अनुसार पारिश्रमिक भुगतान किया जायेगा। रोडवेज बस डिपो प्रबंधक कार्यालय पर चालक अपने-अपने फार्म जमा करके जॉइनिंग करने में लग गए है।




### दूसरी शादी करने जा रहा पति, पुलिस लेकर पहुंची, पत्नी ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मुगलपुरा में रविवार शाम को पति अल्ताफ की दूसरी बरात जाने से पहले पत्नी जबरूद पुलिस लेकर पहुंच गई। पुलिसकर्मियों को देखते ही बराती वहां से भाग गए और दूल्हा दूसरी गली से कार में बैठकर बरात लेकर चला गया। इसको लेकर वहां पर काफी देर तक हंगामा चलता रहा। पुलिसकर्मी दूल्हे के पिता को पकड़कर कोतवाली ले आए, जो छोड़ जाने के बाद बरात में शामिल होने अलीगढ़ चला गया। मुजफ्फरनगर जिले के मीरापुर निवासी महिला जबरूद ने बताया कि उसकी शादी 14 साल पहले मोहल्ला मुगलपुरा के अल्ताफ के साथ हुई थी। शादी के बाद बच्चा नहीं होने पर पति के साथ विवाद होने लगा। बकरीद से पहले पति ने उसे तीन तलाक देकर घर भेज दिया। इसकी शिकायत पर मीरापुर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि ससुराल वालों ने उसके पति अल्ताफ का निकाह अलीगढ़ की एक महिला से तय कर दिया, जो रविवार दोपहर बरात लेकर जाने की तैयारी कर रहे थे। उसकी शिकायत पर पुलिसकर्मी वहां आए तो ससुराल वालों ने छिपाकर उसके पति को दूसरी गली में कार में बैठाकर बरात लेकर भेज दिया। वहीं बरात में जाने के लिए तैयार खड़े बराती पुलिसकर्मियों को देखते ही भाग गए तो कुछ इधर-उधर घर में छिप गए। इस मामले में जांच अधिकारी मंजीत सिंह ने बताया कि महिला का पति पहले ही बरात लेकर जा चुका था। इसके बाद महिला भी शिकायत दिए बिना ही चली गई। शिकायत मिलने पर जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## राजुद्दीन के नगर पालिका अध्यक्ष बनने का रास्ता साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर पालिका अध्यक्ष राजुद्दीन को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने बिना सुनवाई दिए गए आदेश को निरस्त करते हुए दोबारा सुनवाई कर फैसला लेने के निर्देश दिए हैं।

बागपत नगर पालिका के चेयरमैन पद को लेकर चल रहे विवाद में हाईकोर्ट ने राजुद्दीन को बड़ी राहत दी है। कोर्ट के आदेश के बाद अब एक बार फिर राजुद्दीन के नगर पालिका अध्यक्ष बनने का रास्ता साफ हो गया है। राजुद्दीन की ओर से हाईकोर्ट में दलील दी गई कि उनके मामले की सुनवाई पहले वाले प्रमुख सचिव द्वारा की जा रही थी, लेकिन नए प्रमुख सचिव के कार्यभार संभालते ही बिना किसी सुनवाई के ही आदेश पारित कर दिया गया। इसे न्यायसंगत नहीं बताया गया। हाईकोर्ट ने इस तर्क को स्वीकार करते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी मामले में प्रभावित पक्ष को सुने बिना आदेश पारित नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने पुराने आदेश को निरस्त करते हुए निर्देश दिए कि पूरे प्रकरण में दोबारा सुनवाई की जाए और उसके बाद ही कोई अंतिम फैसला लिया जाए। कोर्ट के इस फैसले के बाद बागपत की स्थानीय राजनीति में हलचल तेज हो गई है। राजुद्दीन समर्थकों में खुशी का माहौल है, जबकि विरोधी खेमे में बेचैनी देखी जा रही है। अब सबकी नजरें प्रशासन की अगली कार्रवाई और दोबारा सुनवाई पर टिकी हैं।

## बंद के आह्वान को लेकर व्यापारियों का अधिवक्ताओं को समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील परिसर में सिविल बार एसोसिएशन द्वारा एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें अधिवक्ताओं द्वारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उच्च न्यायालय की खंडपीठ की मांग को लेकर केंद्रीय संघर्ष समिति के बंद के आहवान को लेकर विचार विमर्श किया। वहीं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने अपना समर्थन देते हुए अधिवक्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आहवान किया।



सोमवार को तहसील परिसर में बैठक आयोजित की गई। सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह की अध्यक्षता व महामंत्री पुष्पेंद्र तोमर के संचालन में अधिवक्ताओं व व्यापारियों ने भाग लिया। केंद्रीय संघर्ष समिति की द्वारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उच्च न्यायालय की खंडपीठ की मांग को लेकर 17 दिसंबर को बंद के आहवान को व्यापारियों द्वारा समर्थन दिया गया। बैठक में भाग लेने पहुंचे नगर अध्यक्ष मुदित जैन ने कहा कि नगर का व्यापारी अधिवक्ताओं के साथ है। व्यापारियों ने समर्थन पत्र देकर सहभागिता की। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष मुदित जैन, संगठन मंत्री संदीप गर्ग, जिला महामंत्री नवनीत जैन, पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट ईश्वर सिंह पूर्व अध्यक्ष वेदपाल पवार एडवोकेट उपाध्यक्ष हरवीर सिंह, कोषाध्यक्ष हरेंद्र सिंह वरिष्ठ सदस्य विनोद मान सिनौली, मोहित कुमार एडवोकेट मनोज दांगी, संजीव चौधरी दीपक राठी एडवोकेट चौधरी रामकुमार सिंह तोमर विक्की चौधरी आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरी पुत्री का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपनी पुत्री केशर खॉ व दामाद मुख्तार अहमद से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
लियाकत अली पुत्र हकीम अमानत खान निवासी मौहल्ला मुगलपुरा पाण्डव रोड़ कस्बा बागपत तहसील व जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र नदीम व पुत्रवधू नजमा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
सलीम पुत्र नजबू निवासी पटटी औरंगाबाद कस्बा खेकड़ा तहसील व थाना खेकड़ा जनपद बागपत।

# जलभराव की लगातार समस्याओं से लोग परेशान

## गंदगी और जलभराव से त्रस्त लोग पहुंचे कलेक्ट्रेट, डीएम से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के जसरूपनगर मोहल्ले में फैली गंदगी और लगातार जलभराव की समस्या से परेशान स्थानीय लोगों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम से शिकायत की। लोगों ने डीएम को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द समस्या के समाधान की मांग की।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि जसरूपनगर के मुख्य रास्ते पर लंबे समय से पानी भरा हुआ है, जिससे आसपास गंदगी फैल रही है। नालियों की नियमित सफाई न होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है। इससे बदबू के साथ-साथ मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है, जिससे बीमारियों का खतरा बना हुआ है। लोगों ने बताया कि जलभराव के चलते बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार लोग फिसलकर गिर चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया गया। कलेक्ट्रेट पहुंचे लोगों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीएम अभिषेक पांडेय ने पूरे मामले की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम ने भरोसा दिलाया कि जसरूपनगर में जलभराव और गंदगी की समस्या का शीघ्र समाधान कराया जाएगा। गौरतलब है कि यह मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के जसरूपनगर का है, जहां



लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं की कमी के चलते लोगों में नारा. जगी बनी हुई है। अब प्रशासन के आश्वासन के बाद स्थानीय लोगों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

# छात्र-छात्राओं को वितरित किए स्वेटर, जर्सी, जूते व मिठाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को गौतम बुद्ध हैंडिकैप्ड चौरिटेबल स्कूल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, मंसूरपुर में एक प्रेरणादायक और भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विपिन कुमार दीवान एवं पूर्व मंडी सचिव सुशील कुमार तथा उनकी टीम द्वारा विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निशुल्क स्वेटर, जर्सी, जूते, फल एवं मिठाइयों का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी।

इस अवसर पर शिवा होटल वाले जितेंद्र चौधरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए और अपने माता-पिता, गुरुजनों के साथ-साथ अपने देश का नाम रोशन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चे भगवान का रूप होते हैं




और समाज का कर्तव्य है कि ऐसे बच्चों की हर संभव मदद की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि वह भविष्य में भी इन बच्चों के लिए तन, मन और धन से सहयोग करते रहेंगे। संस्था के अध्यक्ष अशोक आजाद ने जानकारी देते हुए बताया कि गौतम बुद्ध हैंडिकैप्ड चौरिटेबल स्कूल पिछले 15 वर्षों से दिव्यांग एवं जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को निशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहा है और आगे भी यह सेवा निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बबलू सिंह आढ़ती, मोनू शर्मा, रामवीर सिंह, प्रवीण ठेकेदार, विना. ेद प्रजापति, प्रधानाचार्य विजय पाल चौधरी, उप-प्रधानाचार्य सुषमा देवी, सुमन देवी, ज्योति सैनी, शशि कुमार, गुलफाम, तपस्या सहित अन्य गणमान्य लोगों का विशेष सहयोग रहा।

# हाईवे पर कोहरे का कहर, आधा दर्जन वाहन आपस में भिड़े, चार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे-9 पर सोमवार सुबह घने कोहरे ने कहर बरपा दिया। मुरादाबाद से दिल्ली की ओर जा रहे वाहनों की रफ्तार उस समय थम गई, जब अचानक दृश्यता बेहद कम होने के कारण एक के बाद एक पांच कारें और एक बाइक आपस में टकरा गईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और हाईवे पर यातायात कुछ समय के लिए बाधित हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह के समय कोहरा इतना घना था कि कुछ ही फुट की दूरी तक दिखाई नहीं दे रहा था। इसी दौरान आगे चल रहे वाहन के अचानक ब्रेक लगने से पीछे से आ रहे वाहन एक-दूसरे से टकराते चले गए।



टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पिलखुवा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चार लोगों का उपचार चल रहा है। वहीं, हादसे में क्षतिग्रस्त हुए वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्योपाल सिंह ने बताया कि हादसा घने कोहरे के कारण हुआ है।

घायलों को समय रहते अस्पताल पहुंचा दिया गया है और किसी की हालत गंभीर नहीं है। क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर हाईवे पर यातायात सामान्य कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि कोहरे के दौरान धीमी गति से वाहन चलाएं, फॉग लाइट का प्रयोग करें और सुरक्षित दूरी बनाए रखें, ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# भारतीय किसान यूनियन देशहित में युवाओं को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन देशहित संगठन को नई मजबूती देने और युवाओं को नेतृत्व में आगे लाने के उद्देश्य से संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनजीत चौधरी ने दो ऊर्जावान युवाओं को अहम जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इस क्रम में हापुड़ के आवास विकास कॉलोनी, मेरठ रोड निवासी आशीष त्यागी को संगठन का राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव नियुक्त किया गया है, जबकि मयंक डागर को जिला अध्यक्ष युवा हापुड़ की जिम्मेदारी दी गई है।

नियुक्ति की घोषणा के बाद संगठन के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए



कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उस पर वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। आशीष त्यागी ने कहा कि किसानों, मजदूरों और युवाओं के हितों की रक्षा के लिए संगठन की नीतियों को देशभर में मजबूती से लागू करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। वहीं मयंक डागर ने कहा कि युवाओं को संगठन से जोड़कर किसान हित में चल रहे संघर्ष को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मनजीत चौधरी ने कहा कि संगठन को आगे बढ़ाने में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। युवाओं को जिम्मेदारी सौंपकर संगठन को नई दिशा दी जा रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि नई टीम किसानों के अधिकारों की लड़ाई को और अधिक मजबूत बनाएगी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव जावेद जड़ोदिया, संस्थापक सदस्य नीरज गुर्जर सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दिवंगत कम्प्यूटर ऑपरेटर के परिजनों को दी 1.70 करोड़ रुपये की सहायता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर पर तैनात कम्प्यूटर ऑपरेटर सोनू कुमार की 10 अगस्त 2025 की रात्रि में सड़क दुर्घटना में हुई आकस्मिक मृत्यु के बाद हापुड़ पुलिस द्वारा उनके परि. जनों को आर्थिक संबल प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा और सराहनीय कदम उठाया गया है। बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ पुलिस विभाग के विशेष एमओयू के अंतर्गत मिलने वाली सहायता राशि के संबंध में हापुड़ पुलिस द्वारा निरंतर पत्राचार किए जाने के उपरांत कुल 1 करोड़ 70 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत हुई।

स्वीकृत सहायता राशि का चैक पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह द्वारा स्वर्गीय कम्प्यूटर ऑपरेटर सोनू कुमार के परिजनों को सम्मानपूर्वक सौंपा गया। हापुड़



पुलिस परिवार अपने प्रत्येक कर्मचारी और उनके परिजनों के साथ हर सुख-दुख में मजबूती से खड़ा है। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने यह भी कहा कि इस सहायता राशि से दिवंगत कर्मी के परिजनों को भविष्य में आर्थिक सुरक्षा मिलेगी और वे कठिन समय में स्वयं को अकेला महसूस नहीं करेंगे। इस दौरान पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# व्यापारी के मुनीम से 85 लाख की लूट हथियारबंद बदमाश फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में कानून-व्यवस्था को चुनौती देती एक बड़ी लूट की वारदात सामने आई है। सोमवार दोपहर नेशनल हाईवे-9 पर पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में सरस्वती मेडिकल कॉलेज के समीप बाइक सवार बदमाशों ने एक व्यापारी के मुनीम से 85 लाख रुपये लूट लिए। घटना के बाद से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार गौतमबुद्धनगर के दादरी निवासी व्यापारी गोपालजी का मुनीम अजयपाल सिंह, जो कि गांव दादूपुर खटाना का रहने वाला है, हापुड़ में व्यापारियों से पेमेंट लेने आया था। एक व्यापारी से 50 लाख रुपये और



दूसरे से 35 लाख रुपये लेकर वह रुपयों को बैग में रखकर बाइक से गाजियाबाद लौट रहा था। जैसे ही वह सरस्वती मेडिकल कॉलेज के पास हाईवे पर पहुंचा, पीछे से आई बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। संतुलन बिगड़ने से मुनीम सड़क पर गिर पड़ा और घायल हो गया। इसी दौरान बदमाशों ने हथियार दिखाकर रुपयों से भरा बैग छीना और मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह और एएसपी विनीत भटनागर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पीड़ित से पूछताछ की गई और बदमाशों की तलाश के लिए कई पुलिस टीमें गठित कर दी गईं। हाईवे और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## एक नजर

# जनकल्याण की ओर एक सशक्त कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** श्याम स्टील मैन्युफैक्चरिंग लि0, कोलकाता के सहयोग से कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा द्वारा जनहित में एक व्यापक नि:शुल्क नेत्र स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 15 से 25 दिसम्बर तक किया जा रहा है। इस सेवा अभियान का विधिवत शुभारंभ श्रीजी बाबा आश्रम, भूतेष्वर, मथुरा में भगवान श्री गणेश जी के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। महंत राधाकान्त गोस्वामी ने दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने कहा कि कल्याणं करोति संस्था निरंतर उन लोगों तक उत्कृष्ट नेत्र चिकित्सा सेवाएँ पहुँचाने के लिए संकल्पबद्ध है, जो सामाजिक और आर्थिक कारणों से उपचार से वंचित रह जाते हैं। यह सेवा प्रयास जरूरतमंदों के जीवन में आशा, आत्मविश्वास और नई दृष्टि का संचार करता है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि यह जनसेवा अभियान और अधिक व्यापक रूप ले, ताकि अधिक से अधिक लोगों के जीवन से अंधकार दूर हो और उन्हें स्वस्थ व उज्ज्वल भविष्य प्राप्त हो सके। शिविर के प्रथम दिन आसपास के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आए 324 नेत्र रोगियों ने अपनी जांच कराई, जिनमें से चिकित्सकीय परीक्षण के उपरांत 218 रोगियों को मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा हेतु चिन्हित किया गया। चयनित रोगियों की शल्य चिकित्सा कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा में आधुनिक सुविधाओं के साथ की जाएगी। भर्ती होने वाले रोगियों के लिए पलंग, बिस्तर, पोषणयुक्त भोजन, आवश्यक दवाइयाँ, चश्मा तथा अन्य सभी चिकित्सकीय सुविधाएँ पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। शल्य चिकित्सा के पश्चात रोगियों की समुचित चिकित्सकीय देखभाल भी सुनिश्चित की जाएगी। रोगियों की भर्ती प्रतिदिन प्रात: 9 बजे से प्रारंभ होगी। यह शिविर समाज के वंचित वर्गों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हो रहा है, जिससे अनेक नेत्र रोगियों को नई दृष्टि और नया जीवन प्राप्त होगा। नेत्र रोगियों की सेवा में राम सनेही, धनंजय वशिष्ठ, तरुण यादव, कृष्णाकान्त अग्रवाल, आर. के. वर्मा सहित कल्याणं करोति की समर्पित सेवा-भावी टीम निरंतर सक्रिय रूप से कार्यरत है। नेत्र शल्य चिकित्सा हेतु रोगियों की भर्ती प्रक्रिया कल भी जारी रहेगी।

# ऑटो, ई रिक्शा चालकों के हक में उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** महात्मा ज्योतिराव फुले विकास समिति व अखिल भारतीय समता फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में नगर निगम मथुरा वृंदावन प्रशासन द्वारा ई रिक्शा ऑटो चालकों से यातायात व्यवस्था सुधारने के नाम पर 3000 रुपये रजिस्ट्रेशन के लिए जा रहे हैं। पूर्व में भी वृंदावन नगर निगम में एक कथित कंपनी द्वारा ई रिक्शा ऑटो चालकों से 1 साल तक करीब 16 लाख रुपए वसूला गया और वह कंपनी भाग गई। इसी के चलते रूट वितरण के नाम पर फिर से पैसा वसूल जा रहा है। यातायात नियमों के नाम पर ई रिक्शा ऑटो चालकों का उत्पीड़न किए जाने के खिलाफ 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कलैक्ट्रेट मथुरा पर खुला मांग पत्र अतिरिक्त उपजिलाधिकारी सुरेश सिंह को जिलाधिकारी के नाम सौंपा। इस दौरान फाउण्डेशन के अध्यक्ष लुक. श कुमार राही व समिति अध्यक्ष रमेश सैनी ने संयुक्त रूप से कहा कि ई रिक्शा ऑटो चालकों को विश्वास में लिए बिना रूट का निर्धारण अर्थात मार्ग का निर्धारण नही किया जाए, यात्रियों को बैठाने के स्थान से उतारने के स्थान पर पार्किंग स्टैंड की व्यवस्था की जाए और ई रिक्शा ऑटो चालकों के साथ पुलिस द्वारा किए जा रहे मान. सिक उत्पीड़न व शोषण एवं चालान के नाम पर अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगे। स्टेशन व अन्य स्थानों पर की जा रही अवैध जबरन वसूली तथा मना करने पर गाली गलौज कर मारपीट करने वाले गुंडों के खिलाफ कठोर व दंडात्मक कार्यवाही हो।

# पुलिस ने चोरी की घटनाओं का किया खुलासा, चार बाल अपचारी हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए चार बाल अपचारियों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी किए गए पांच गैस सिलेंडर, दो मोटरसाइकिल, कोल्डड्रिंक एवं परचून का सामान बरामद किया है।

थाना प्रभारी मनीष चौहान ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना धौलाना पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में हुई विभिन्न चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण किया गया।

पुलिस टीम ने गालंद नहर पुल के पास कच्ची पटरी से चार बाल अपचारियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उन्होंने क्षेत्र में चोरी की कई वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर चोरी का माल बरामद किया गया। पुलिस द्वारा बरामदगी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार सतर्क है और अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# सरस्वती इंस्टीट्यूट में वॉलीबॉल टूर्नामेंट का हुआ आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ में तीन दिवसीय अंतर-महाविद्यालय वॉलीबॉल टूर्नामेंट स्मैश का उत्साहपूर्ण शुभारंभ किया गया। यह प्रतिष्ठित खेल प्रतियोगिता 15 दिसंबर से 17 दिसंबर तक संस्थान के वॉलीबॉल मैदान में आयोजित की जा रही है। टूर्नामेंट का आयोजन लीग प्रारूप में किया गया है, जिसमें एनसीआर क्षेत्र के आठ प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज प्रतिभाग कर रहे हैं और अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन तथा प्रतिस्पर्धात्मक कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं।

उद्घाटन समारोह की शुरुआत एन. वर्धराजन, जनरल मैनेजर, सरस्वती इंस्टीट्यूट, रघुवर दत्त, निदेशक प्रशासन, डा. बरखा गुप्ता,



प्रिंसिपल, डा. मेजर जनरल चरणजीत सिंह अहलूवालिया तथा ब्रिगेडियर डा. आरके सहगल, वरिष्ठ सलाहकार आदि ने रिबन काटने की औपचारिक रस्म के साथ की, जिसके माध्यम से टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। यह टूर्नामेंट सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डा. जे रामचंद्रन एवं वाइस चेयरपर्सन राम्या रामचंद्रन के संरक्षण और मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। टूर्नामेंट की आयोजन समिति में डा. विनीत रस्तोगी, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष साम. ुदायिक चिकित्सा, डा. राजेश भाटिया, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष अस्थि रोग, डा. ऋचा शर्मा, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष सामान्य चिकित्सा सहित कई वरिष्ठ फैकल्टी सदस्य एवं प्रशासनिक अधिकारी शामिल हैं, जो प्रतियोगिता की तकनीकी एवं व्यवस्थागत तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं। सभी मुकाबले अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल नियमों के अनुसार खेले जा रहे हैं जिसमें प्रत्येक टीम में अधिकतम 12 खिलाड़ी 6 मुख्य एवं 6 विकल्प शामिल हैं। टूर्नामेंट को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए 15,000 की कुल पुरस्कार राशि भी घोषित की गई है। आयोजकों ने बताया कि स्मैश मात्र एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एकता, अनुशासन, नेतृत्व और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का उत्सव है। एनसीआर के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों की उत्साही भागीदारी के साथ सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़, हापुड़ एक यादगार और प्रेरणादायक वॉलीबॉल टूर्नामेंट की सफल मेज़बानी कर रहा है।

# ऑन लाइन उपस्थिती के विरोध में सचिवों ने डिजिटल हस्ताक्षर वाले डोंगल किए जमा

**मथुरा।** सोमवार को विकास खंड कार्यालय चौमुहां पर पंचायत सचिव और ग्राम विकास अधिकारियों ने ऑनलाइन उपस्थित का विरोध करते हुए डिजिटल हस्ताक्षर वाले डोंगल को सहायक विकास अधिकारी नवेश कुमार सुमन के पास जमा कर दिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव वीरेश शर्मा ने कहा कि सचिव के कार्य की प्रकृ ति फील्ड आधारित है, ऐसे में ऑनलाइन उपस्थिति जैसे कार्यालय आधारित प्रणाली हमारे कार्य प्रकृति के अनुकूल एवं अनुरूप नहीं है। एक सचिव के पास सामान्यत: 4 से 5 और 8 से 9 ग्राम पंचायत तक का प्रभार होता है। बहुउद्देशीय कार्य प्रकृति एवं क्षेत्र भौगोलिक कारणों से किसी एक निश्चित स्थान एवं समय पर ऑनलाइन उपस्थिति अंकित करना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है।

जिसके विरोध में आज एडीओ पंचायत नवेश कुमार सुमन के पास सभी सचिवों ने अपने अपने डिजिटल हस्ताक्षर वाले डोंगल को जमा कर दिया है। कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती है तब सभी सचिव कोई भी वित्तीय कार्य नहीं करेंगे पंचायत से सम्बंधित अन्य सभी कार्यों को करते रहेंगे। ग्राम विकास अधिकारी योगेश शर्मा ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर सचिव ग्राम पंचायत के अतिरिक्त राजस्व विभाग के लेखपाल, शिक्षा विभाग के अध्यापक कृषि विभाग के तकनीकी सहायक, किसान सहायक, गन्ना विकास विभाग के पर्यवेक्षक, पशुपालन विभाग के पशुधन प्रसार अधिकारी भी कार्यरत हैं। जिनका कार्य क्षेत्र तथा योजनाएं सचिव एवं ग्राम पंचायत की अपेक्षा सीमित है। ग्राम पंचायत स्तरीय सभी कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन उपस्थिति अंकित करने की समान व्यवस्था होनी चाहिए। ग्राम विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद ने कहा कि सरकार ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम विकास अधिकारियों के प्रति तानाशाही रवैया अपना रही है। जब तक ऑन लाइन उपस्थित का आदेश वापिस नहीं लिया जाएगा तब तक आंदोलन करते रहेंगे। ग्राम विकास अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि ऑन लाइन उपस्थित का आदेश जल्द वापस नहीं लिया गया तो उनका संगठन प्रदेश स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होगा। एडीओ पंचायत नवेश कुमार सुमन ने बताया कि आज सभी सचिवों ने डिजिटल हस्ताक्षर वाले डोंगल को उनके पास जमा कराया है, इसके बारे उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

# हाईवे पार कर रहे युवक को ट्रक ने रौंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** दिल्ली आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर छटीकरा क्षेत्र के समीप सोमवार सुबह एक ऐसा भयावह हादसा हुआ, जिसने राहगीरों का कलेजा दहल दिया। सुबह करीब 9 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ट्रक में फंस गया और चालक उसे करीब 100 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक वाहन को बीच सड़क पर छोड़कर मौके से फरार हो गया। सड़क पर चीख-पुकार मच गई और देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने साहस दिखाते हुए ट्रक में फंसे घायल युवक को किसी तरह बाहर निकाला। सूचना मिलने पर इलाका पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली एक बार फिर सामने आ गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हादसे के तुरंत बाद एंबुलेंस को फोन किया गया, लेकिन करीब एक घंटे तक एंबुलेंस नहीं पहुंची। घायल युवक की हालत गंभीर होती देख पुलिस ने टेंपो की मदद से उसे अस्पताल भिजवाया। घटना को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि सरकार भले ही तुरंत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के बड़े-बड़े दावे करती हो, लेकिन हकीकत में जरूरत के वक्त ये सेवाएं नदारद रहती हैं। अगर समय पर एंबुलेंस पहुंच जाती तो घायल को और बेहतर इलाज मिल सकता था। फिलहाल घायल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराते हुए ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर राजमिस्त्री की मौत

## ग्रामीणों की पुलिस से नोकझोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। निर्माणधीन मकान में हाई टेंशन लाइन के करंट की चपेट में आकर राजमिस्त्री की मौत हो गई। हंगामा के बाद ग्रामीणों की पुलिस से नोकझोंक हो गई। समाचार लिखे जाने तक शव अस्पताल में रखा हुआ था।

सोमवार को गजरौला थाना क्षेत्र के गांव रहमापुर खालसा निवासी 38 वर्षीय संजीव कुमार जाटव पुत्र दयाराम सिंह हसनपुर के मौहल्ला राजपूत कॉलोनी स्थित संजीव त्यागी निवासी गांव दौरारा के निर्माणाधीन मकान में राजमिस्त्री का कार्य कर रहा था। जैसे ही उसने प्लास्टर करने के लिए एलमुनियम की फंटी लगाई तभी बराबर से होकर गुजर रही हाईटेंशन लाईन के तारों से टच हो गई। जिससे करंट राजमिस्त्री के शरीर में दौड़ गया।



जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया इसके बाद मौहल्ले के लोगों ने झुलसे हुए राज मिस्त्री को नजदीकी के चिकित्सक के पास भर्ती कराया। चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए युवक को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद परिजनों ने बिल्डिंग के सामने मृतक का शव रखकर हंगामा खड़ा करना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये और परिजनों को बा-मुश्किल समझा कर शांत किया। इसके बाद मृतक का शव अस्पताल में रखवा दिया। परिजन निर्माणधीन मकान के मालिक को मौके पर बुलाने की मांग करने लगी। इसको लेकर परिजनों की पुलिस से नोंकझोंक होने लगी। वह अस्पताल में हंगामा काटने लगे। मृतक संदीप अपने पीछे पत्नी प्रिया, 8 वर्षीय बड़ी पुत्री जीपा, 6 वर्षीय शिवानी, 4 वर्षीय शोर्य, 2 वर्षीय आर्यन समेत माता प्रेमवती एवं पिता दयाराम का रो रो कर बुरा हाल है। परिजन मकान मालिक व ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग पड़े हुए थे।



हसनपुर। हादसे में युवक की मौत पर विलाप करते परिजन।

# प्रेमिका से मिलने हरिद्वार से नौगांवा पहुंचा प्रेमी

## प्रेमिका के पहुंचने से पहले पुलिस ने पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। प्यार की एक उम्मीद लिए हरिद्वार से एक प्रेमी नौगावां सादात पहुंच गया। वह उससे मिलने के लिए चौराहे पर इंतजार करता रहा, लेकिन प्रेमिका से पहुंचने से पहले ही पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

मामला नौगावां सादात कस्बा के एक मोहल्ले से जुड़ा है। यहां पर रहने वाले एक व्यक्ति की पत्नी उत्तराखंड के जिला हरिद्वार के थाना लक्सर के गांव सुल्तानपुर आदमपुर निवासी आफताब आलम से मोबाइल कॉल पर बात करती थी। करीब दो महीने से दोनों का प्रेम प्रसंग चल रहा था। विवाहिता में हो रहे बदलाव को देखते हुए पति को शक होने लगा था। रविवार को विवाहिता ने अपने प्रेमी को मिलने के लिए नौगावां सादात बुला लिया। वह बुध बाजार में चौराहे पर खड़े होकर प्रेमिका का इंतजार करने लगा। उधर सारे मामले पर नजर रखे विवाहिता के पति ने पुलिस को सूचना दे दी। लिहाजा एंटी रोमियो टीम वहां पहुंची तथा आफताब आलम को पकड़ लिया। पुलिस ने हरिद्वार से यहां आने का कारण पूछा तो वह पहले सकपका गया। लेकिन बाद में उसने सच्चाई बता दी। आखिर में विवाहिता का पति कार्रवाई करने से पीछे हट गया तो पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध सार्वजनिक स्थान पर छेड़छाड़ करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने आरोपी आफताब का चालान करने की बात कही।

# कूड़े के ढेर पर मिला नवजात, महिला ने कराया अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** मानवता को शर्मसार करते हुए जन्म देने वाले तो नवजात को कूड़े के ढ़ेर पर डाल गए, मगर

**जन्म देने वालों ने किया मानवता को शर्मसार, मगर महिला ने दिखाई इंसानियत**

जिनका नवजात से कोई रिश्ता तक नहीं थे, वे उसका जीवन बचाने को आगे आए और पुलिस की मदद से उसके निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बच्चा फिलहाल एनआईसीयू में भर्ती है और उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।

बता दें कि सोमवार को वातावरण में घना कोहरा छाया हुआ था और पास का देखना भी मुश्किल हो रहा था। इसी बात का फायदा उठाते हुए कोई व्यक्ति एक



नवजात शिशु को थाना क्षेत्र के हसनपुर रोड स्थित गांव भीकनपुर शुमाली में कूड़े के ढ़ेर पर एक कपड़े में लपेट कर डाल गया। सुबह के सात बजे गांव निवासी महिला रूबी वहां कूड़ा डालने पहुंची तो उसकी नजर नवजात पर पड़ी। उसने उसे गोद में उठाया तो उसकी सांस चल रही थी। वह शिशु को लेकर पास के ही ब्रह्मपाल के पास पहुंची और आसपास के लोगों को जानकारी देते हुए थाने पहुंचकर पुलिस को सूचित किया और नवजात को उपचार के लिए नगर के एक प्राईवेट बाल रोग चिकित्सालय में भर्ती कराया। यहां के चिकित्सक डॉ.हर्षित पालीवाल ने बताया कि नवजात शिशु को एनआईसीयू में एडमिट करके उसका उपचार किया जा रहा है। उसकी हालत स्थिर है। वहीं बच्चे को सबसे पहले उठाने वाली रूबी का कहना है कि उसके पास दो बेटियां हैं, उसे यह नवजात मिल जाएगा तो उसके पुत्र की आस भी पूरी हो जाएगी। बताया कि इसके लिए यदि किसी अधिकारी से मिलने की जरूरत होगी तो वह मिलेगी। वहीं इस बारे में हल्का नंबर तीन के इंचार्ज उपनिरीक्षक अंकुर ने बताया कि सोमवार की सुबह कुछ लोग नवजात शिशु को लेकर आए थे। उसे उपचार के लिए टीचर्स कॉलोनी में स्थित रेनवो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। यहां के चिकित्सक डॉ. हर्षित पालीवाल ने बताया कि नवजात का वजन लगभग नौ सो ग्राम है। इसका जन्म लगभग सात माह की उम्र में हो गया है। उसे बेहतर उपचार दिया जा रहा है।

# सड़क दुर्घटना में घायल शिक्षक की मौत

## सड़क पार करते हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। दुर्घटना में घायल हुए रिटायर अध्यापक की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजन शव लेने के लिए दिल्ली को रवाना हो गये।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव ढड़ियाल निवासी महेश शर्मा रविवार की शाम आदर्श इंटर कॉलेज कुटी दौलतपुर इंटर कॉलेज के प्रबंधक समिति के चुनाव में भाग लेने के लिए आये थे। सड़क पार करते समय अचानक बाइक की चपेट में आकर वह घायल हो गये थे। गंभीर हालत में हसनपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत नाजुक होने पर चिकित्सको उन्हें मेरठ के लिए रेफर कर दिया था। जब मेरठ में भी महेश शर्मा की हालत में सुधार नहीं हुआ तो उन्हें परिजन इलाज के लिए दिल्ली ले गये थे। लेकिन उपचार के दौरान महेश शर्मा आयु 72 वर्ष की मौत हो गई। जब रिटायर शिक्षक की मौत की खबर घर पहुंची तो वहां कोहराम मच गया। रिटायर शिक्षक अपने पीछे पत्नी पुष्पा पुत्र अनूप विनय व कुलदीप शर्मा को छोड़ गये हैं। परिजन शव लेने के लिए दिल्ली के लिए रवाना हो गये थे।

# दो सगे भाईयों को मिली हत्या की धमकी

## ऑडियो रिकार्डिग से दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। दो सगे भाइयों को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। ऑडियो रिकार्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जोया के मोहल्ला सेकेट्री नगर में समरपाल सिंह का परिवार रहता है। उनकी पत्नी जोया ब्लॉक की ग्राम पंचायत मुबारकबपुर की ग्राम प्रधान हैं। आरोप है कि शुक्रवार सुबह नारंग. पुर के मोहल्ला प्रेम नगर निवासी अजय ने उनके भाई गजपाल को फोन कर गाली-गलौज की। परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने के साथ ही उन्हें गोली मारने की धमकी भी दी। रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। ऑडियो में उसने कलक्ट्रेट के नाजिर व अन्य कई लोगों को भी धमकी दी है। पीड़ित प्रधानपति का आरोप है कि आरोपी शातिर किस्म का बदमाश है। उसके खिलाफ कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उस पर गैंगस्टर व गुंडा एक्ट की भी कार्रवाई कर चुकी है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी अजय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले को जांच की जा रही है।

# हाइवे पर नालों के खुले ढक्कन से हादसे का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** हाईवे किनारे बने नाले कई स्थानों पर खुले होने के कारण हादसों का खतरा बना हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्रधिकरण के अधिकारी इस ओर से आंखें मूंदे बैठे हैं, मानों उन्हें किसी बड़े हादसे का इंतजार हो। पिछले साल एक बालिका की खुले नाले में गिरकर मौत भी हो चुकी है, इसके बाद भी प्राधिकरण द्वारा खुले नालों को नहीं ढ़कवाया गया है। गजरौला में अब सिक्स लेन हाइवे है, जिसे मुरादाबाद दिल्ली राजमार्ग के नाम से जाना जाता है। यह राजमार्ग बहुत व्यस्ततम है और गजरौला एक औद्योगिक नगरी होने के कारण यहां पर आवाजाही भी और नगरों की अपेक्षा ज्यादा है। यहां पर राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सड़क के दोनों ओर नाले भी बनवाए हैं, लेकिन कई स्थानों पर यह नाले खुले हैं, कई के स्लैब भी क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, चूंकि ये नाले काफी गहरे होते हैं ऐसे में इनमें गिरकर हादसा होने की संभावना भी ज्यादा ही रहती है। इसी वर्ष 2025 में 08 अप्रैल को पाकबड़ा थाना क्षेत्र के रतनपुर कलां निवासी 11 वर्षीय अलशिफा की गजरौला में हाईवे किनारे नाले में डूबने से मौत हो गई थी। वह मामा और मौसी के साथ

**अप्रैल माह में एक 11 वर्षीय बालिका की खुले नाले में गिरकर हो चुकी है मौत**

गजरौला से दवाई लेकर ननिहाल महेशरा लौट रही थीं। अचानक आए वाहन को बचाने के प्रयास में उसके मामा की बाइक अनियंत्रि होकर हाईवे पर गिर गई और बाइक पर बैठी अलशिफा हाईवे के बराबर में नाले में जा गिरी। जिससे उसकी मौत हो गयी थी। नगर के भानुपर रोड, नाईपुरा के साथ साथ ग्राम सलारपुर, यकबगड़ी आदि में कई स्थानों पर खुले नालों से हादसे की संभावना बनी हुई है।

## राशन डीलर को लात घूंसों से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। आदमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सूबरा में मारपीट और धमकी की घटना सामने आई है। राशन डीलर दिनेश पुत्र चेतराम का आरोप है कि लालमन पुत्र चतरी, सतपाल पुत्र नन्दराम, गुड्डो पत्नी सतपाल और प्रमोद पुत्र सतपाल ने दिनेश पर लात-घूसों से हमला किया। बीच-बचाव में आई बहन सुमन के साथ भी मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। दिनेश का कहना है कि पुलिस के पहुंचने पर आरोपी भाग गए, लेकिन बाद में दोबारा आकर मारपीट की और उसके व्यवसाय में भी बाधा डाल रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

# गारंटर के खाते से तीस हजार निकालने का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ने लोन लेने वाले गारंटर के खाते से बिना जानकारी के 30 हजार रूपये निकाल लिये। मामले की निष्पक्ष जांच न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति ने नौगांवा सादात के उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप दिया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक खंडसाल में संजय पुत्र भोला अख्तियारपुर ने 2013 में लोन



लिया था। ओमकार बाबूराम इसमें गारंटर थे। संजय की मौत हो गई थी। बैंक द्वारा खेल करते हुए ओमकार के खाते से उन्हें बिना जानकारी दिए हुए 30000 काट लिए हैं उन्होंने कहा कि बैंक द्वारा किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं में भी अनियमितताएं सामने आई है। किसानों को आर्थिक और मानसिक रूप से इसका अंजाम भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो वह धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इस अवसर पर चरन सिंह, ओंकार सिंह, यशपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह चौहान, सुमित कुमार, मुजाहिद हुसैन, मुस्तफा सैफी, भगवान दास कश्यप, दीपा शंकर शर्मा, महेंद्र सिंह मौजूद थे।

# रास्ते के विवाद में दम्पति पर दरांती से हमला

## चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। रास्ते को लेकर विवाद में खेत में काम कर रहे दंपति पर हमला कर दिया। दरांती के हमले में महिला गंभीर घायल हो गई। घायल दंपति को को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में दंपति समेत चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव फौंदापुर की है। यहां पर किसान भगवानदास का परिवार रहता है। उनका आरोप है कि गांव के ही नरेश यादव जबरन उनके खेत से रास्ता निकालना चाहते हैं। जिसे लेकर आए दिन मारपीट करते रहते हैं। दो दिन पहले भगवानदास व उनकी पत्नी सुनीता खेत पर काम कर रहे थे। आरोप है कि उसी दौरान नरेश यादव, उनकी पत्नी संगीता, बेटा प्रथम व भतीजा हैप्पी यादव वहां पहुंचे तथा रास्ते को लेकर फिर से विवाद करने लगे। विरोध करने पर चारों ने भगवानदास व उनकी पत्नी सुनीता के साथ मारपीट शुरू कर दी। दरांती से हमला किया तो सुनीता का हाथ कट गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उन्हें बमुश्किल बचाया। घायल दंपति का उपचार सरकारी अस्पताल में कराया गया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामले में नरेश, संगीता, प्रथम व हैप्पी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# अंजुमन के जलसे को सफल बनाने का आह्वान

## आसिम बने कार्यक्रम के कन्वीनर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। अंजुमन सीरत-उन-नबी की बैठक में आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। संगठन पदाधिकारियों में जिम्मेदारियों का बंटवारा किया गया।

शहर के एकेके इंटर कॉलेज में सोमवार को आयोजित हुई बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष असलूब हुसैन जैदी ने की। जिसकी शुरुआत हाजी इनाम उद्दीन फारूकी ने तिलावत-ए-कलाम पाक से की। इसके बाद अंजुमन के 55वें सालाना (वार्षिक) प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन पर विस्तृत रूप से विचार-विमर्श किया गया। नए कन्वीनर का चुनाव हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से आसिम अब्बासी का नाम प्रतियोगिताओं के कन्वीनर के लिए पेश किया, जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया। अध्यक्ष सैय्यद असलूब हुसैन जैदी ने कहा कि आसिम अब्बासी की कन्वीनरशिप में अंजुमन को यकीनन नई ऊर्जा और ताकत मिलेगी। नव-निर्वाचित कन्वीनर आसिम अब्बासी ने अंजुमन के सदस्यों का शुक्रिया अदा करते हुए




कहा कि वार्षिक मुकाबला अपनी पूर्व की रिवायत और शानो-ओ-शौकत के साथ आयोजित होंगे। उन्होंने स्कूलों और कॉलेजों के प्रिंसिपल एवं जिम्मेदारों से मुलाकात कर छात्रों की ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करने का भी यकीन दिलाया। सेकेट्री फाखिर गजाली ने बताया कि 21 दिसंबर को तकरीरी मुकाबला सुबह 9:30 बजे से एकेके इंटर कॉलेज में होगा। प्राइमरी ग्रेड में इल्म की शम्अ से हो मुझको मोहब्बत या रब, घमिडिल ग्रेड मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखन थीम रखी गई है।

# दुकानदार ने युवक से 47 हजार व सामान छीना

## पुलिस ने तत्परता दिखाते किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। किराना स्टोर पर सामान बांटने वाले युवक ने नगदी व सामान छीनने का आरा. ेप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नगर के मोहल्ला होली वाला निवासी हर्षित गुप्ता की किराना दुकान पर कोतवाली क्षेत्र के डगरोली निवासी प्रेमदेव राणा नौकरी करता है। सोमवार की शाम वह नगर के मोहल्ला कंकर वाला कुआं पर दुकानों पर सामान की डिलीवरी करने के लिए गया था। इस दौरान वहां पर दुकानदार व नौकर युवक के बीच किसी बात को लेकर कहां सुनी हो गई। बाद में नौकर ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी जिसमें बताया गया कि उसके 47000 व सामान को दुकानदार ने छीन लिया है। कुछ देर में दर्जनों व्यापारी कोतवाली पहुंच गये। पुलिस नौकर से छीने गये सामान को बरामद कर कोतवाली ले आई। दुकानदार को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## राजस्व वसूली के दौरान टीजी टू पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। रहरा थाना क्षेत्र के गांव कसाईपुरा में राजस्व वसूली के दौरान टीजी टू संजीव पुत्र नारायण सिंह पर हमला होने की घटना सामने आई है। संजीव पुत्र नारायण सिंह सोमवार को कैम्प ग्राम कसाईपुरा पहुंचे। जब वह भगवानदास के परिसर में तगादा करने पहुंचे, वहां पहले से पंजीकृत विद्युत चोरी के मुकदमों में शामिल चार लोग वीर सिंह, प्रीतम, राजवीर और मेघराज उग्र हो गए और संजीव पर आक्रोशित होकर हमला कर दिया। संजीव ने रिपोर्ट दर्ज कराने को पुलिस को तहरीर दी है।



अमरोहा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा करतीं डीएम निधि गुप्ता वत्स।

# कम प्रसव पर सभी एमओआईसी के वेतन पर लगाई रोक

## जिलाधिकारी ने की जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स ने जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा की। उन्होंने संस्थागत प्रसव में कमी और उचित मॉनिटरिंग न करने पर सभी एमओआईसी का वेतन रोकने के दिए निर्देश दिये। साथ ही आशा व एएनएम के कार्यों की समीक्षा कर खराब प्रदर्शन पर कार्रवाई के आदेश दिए। नियमित टीकाकरण का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने और आयुष्मान योजना के तहत सभी पात्रों के कार्ड बनाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में ई-संजीवनी ओपीडी, आरबीएसके, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, मातृ स्वास्थ्य सहित अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। आरसीएच पोर्टल पर प्रदेश के औसत से कम पंजीकरण पर अमरोहा, धनौरा और जोया ब्लॉक के बीपीएम का वेतन रोकने के निर्देश दिए। आयुष्मान आरोग्य मंदिर भटपुरा अमरोहा में तैनात सीएचओ गुलाम वारिस द्वारा ई संजीवनी ओपीडी में खराब प्रदर्शन करने पर उनको हटाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही एफआरयू की प्रगति, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत कार्य की स्थिति, संस्थागत प्रसव, परिवार नियोजन, ई-संजीवनी ओपीडी, ई-कवच, आभा आईडी एवं जन्म-मृत्यु पंजीकरण, टीबी कार्यक्रम, आशा भुगतान, टीकाकरण प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस मौके पर सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, सीएमओ डॉ. सत्यपाल सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## घटिया सड़क निर्माण की खुली पोल

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र में शंकरगढ़ी जयतोली मार्ग से गैस एजेंसी बाईपास रोड के निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है। भाकियू खालसा के विरोध प्रदर्शन और स्थानीय मीडिया में रिपोर्टिंग के बाद जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी राकेश यादव ने तुरंत जांच के आदेश दिए। अपर मुख्य अधिकारी के निर्देश पर अवर अभियंता मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य की जांच की। जांच के दौरान सामने आया कि सड़क निर्माण में डस्ट की जगह मिट्टी डाली जा रही थी, और नियमानुसार पानी का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा था। इस दौरान अनिरुद्ध कुमार, होते राम सिंह, फरहान चौधरी और आकाश सहित कई स्थानीय लोग भी मौजूद थे।

# सीएम डैशबोर्ड के आधार पर विकास एवं निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई।



बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्रगति की गहन समीक्षा की।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिक. ारी द्वारा पूर्व दशमोत्तर छात्रवृत्ति से संबंधित रिपोर्ट विद्यालयों से प्राप्त न किए जाने तथा अपेक्षित कार्यवाही न करने पर, जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा अनुसूचित जातिध. जनजाति से संबंधित लंबित प्रार्थना पत्रों के निस्तारण न किए जाने के सम्बन्ध में नाराजगी व्यक्त की हुए एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के बैठक में अनुपस्थित रहने पर 03 अधिकारियों का वेतन बाधित करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने जनपद में फैमिली आईडी की प्रगति की समीक्षा करते हुए समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन परिवारों के राशन कार्ड नहीं बने हैं, उनकी फैमिली आईडी का शत-प्रतिशत बनाना सुनिश्चित किया जाए, जिससे पात्र लाभार्थियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान सीएम डैशबोर्ड पर जनपद को प्राप्त अच्छी ग्रेडिंग पर जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को बधाई दी तथा निर्देशित किया कि वर्तमान प्रदर्शन को निरंतर बनाए रखा जाए।

उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने-अपने विभागीय योजनाओं एवं निर्माण कार्यों में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, जिससे सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग सु.ढ़ बनी रहे।

बैठक में मुख्य विकास अधिक. ारी गुलाब चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डा। दीपा सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विधायक ने सी सी रोड का फीता काटकर उद्‌घाटन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** सोमवार विधायक शफीक अहमद अंसारी ने ग्राम धनौरा में विधायक निधि से कराए गए 250 मीटर सी सी रोड का उद्‌घघाटन फीता काटकर किया। ग्राम वासियों ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया और विधायक जी का आभार व्यक्त किया।इस दौरान उन्होंने कहा की मेरी पहली प्राथमिकता गांवों में विकास कराने की है। अब तक जो काम नहीं हुए हैं वो सभी कार्य जल्द ही होंगे। मुझे आप लोगों ने चुना है।आप ही लोगो की वजह से में आज इस मुकाम पर पहुंचा हूं। इसके लिए में दिल से आप सभी का आभारी रहूंगा। मेरे द्वारा हर गांव में विकास करवाए जाएंगे और अधिकतर पंचायतों में कार्य चल रहे हैं। हाई मास्क लाइटें भी अधिकतर पंचायतों में लग चुकी हैं और बाकी मे लग रही हैं।



सूचनार्थ इदरीस पठान कार्यालय प्रभारी माव विधायक स्वार टांडा।

इस दौरान ग्राम प्रधानपति मदन सिंह,अतर सिंह मौर्य,विनेश मौर्य,देवेन्द्र दिवाकर मंडल अध्यक्ष, महेंद्र सैनी,दीप गोयल प्रतिनिधि मसवासी,जुल्फेकार ठेकेदार, इस्लाम मेंबर,हामिद अल्वी शहीद अंसारी,नाहिद खान,ठाकुर नूर हसन,दीपक नागर,आरिफ प्रधान फैजान बल्ली आदि लोग मौजूद रहे।

# लूलाहशाह मियां का 94वां कुल शरीफ, उमड़े अकीदतमंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शहजादनगर।** थाना क्षेत्र के एक छोटे से गांव दुगनपुर तकिया में आने वाली लूलाह शाह मियां की दरगाह प्रांगण में बीते दिन गठित कमेटी की ओर से 94 वें उर्स मुबारक का आयोजन बीते पांच दिन पूर्व किया गया था। जिसका कुल शरीफ बीते दिन सोमवार कमेंटी के सौजन्य से किया गया।

इस दौरान मजार पर दूर दराज से आने वाले मुरीदों ने मजार के गद्दी नशी अमीर हुसैन उस्मानी मियां और हबीब चिश्ती की दरगाह के गद्दी नशी मोहम्मद मोइनुद्दीन चिश्ती से मुलाकात की साथ ही मजार पर सिरनी पेश कर चादर पोशी की और लंगर का आनंद लिया।

जिसके चलते उर्स में लंगर खाने व मेले का लुफ्त उठाने गांव के बूढ़ों से लेकर नौजवान आगे आए।

जिसके बाद पांच दिन चले उर्स मुबारक के दौरान कमेंटी की ओर से प्रशासन से अनुमती ली गई थी। जिसके चलते मिलक कोतवाली पुलिस ने पांच दिन चले मेले के दौरान अपनी अहम भूमिका निभाई और मोर्चा संभाला।

जिसके बाद पांच दिन चले मजार शरीफ पर उर्स के बाद बीते दिन सोमवार की देर शाम 94 वें उर्स का कुल शरीफ पढ़ा गया।

कुल शरीफ में मियां के मुरीदों से लेकर ग्रामीणों तक ने हिस्सा लिया। जिसमें कमेटी की ओर से एक बड़ी चादर घूमी। जिसका गांव के लोगों ने अपनी शिरकत की।

इस दौरान लूलाहशाह मियां दरगाह के गद्दी नशी अमीर हुसैन उस्मानी और हसमत मियां, हबीब मियां चिश्ती की दरगाह पर लोग की भीड़ रही।

इस दौरान मेला कमेटी अध्यक्ष साबिर रजा प्रधान, मोहम्मद आजम, शाकिर अली, शमशेर मंसूरी, सलीम,महबूब, महमूद, गुच्छन सबीर अहमद, नावेद, नूर अहमद, गुड्डू, अशरफ रजा, मुख्तर अहमद, मुशर्रफ अली, इमरान, शमीर समेत तमाम लोग भारी संख्या में मौजूद रहे।



तकिया उर्स में चादर पोशी करते अकीदतमंद।

# शीतलहर के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सीएमओ ने जारी की स्वास्थ्य एडवाइजरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद में बढ़ती शीतलहर एवं पाले के प्रकोप को देखते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ। दीपा सिंह ने आमजन के लिए स्वास्थ्य एडवाइजरी जारी की है।

उन्होंने बताया कि अत्यधिक ठंड मानव शरीर की सामान्य कार्य प्रणाली को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। लंबे समय तक ठंड के संपर्क में रहने से हाइपोथर्मिया जैसी गंभीर बीमारी उत्पन्न हो सकती है, जो समय पर उपचार न मिलने की स्थिति में जानलेवा भी साबित हो सकती है।

सीएमओ ने विशेष रूप से बच्चों, वृद्धजनों, गर्भवती महिलाओं एवं पहले से बीमार व्यक्तियों की अतिरिक्त देखभाल करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

**शीतलहर से बचाव के लिए क्या करें**

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि मौसम की जानकारी पर सतत निगरानी रखें तथा आपात स्थिति में जारी निर्देशों का पालन करें। यथासंभव घर के अंदर रहें और ठंडी हवा के सीधे संपर्क से बचें। अनावश्यक यात्रा न करें।

एक भारी कपड़े के बजाय ढीले-ढाले, हल्के एवं वायुरोधी ऊनी कपड़ों की कई परतें पहनें। शरीर को सदैव सूखा रखें तथा कपड़े गीले होने पर तुरंत बदलें। सिर, गर्दन, हाथ और पैरों की उंगलियों को अच्छी तरह ढककर रखें। टोपी, मफलर एवं इंसुलेटेड या वॉटरप्रूफ जूतों का प्रयोग करें।

उन्होंने संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु विटामिन 'सी' युक्त फल-सब्जियों का सेवन करने तथा नियमित रूप से गर्म तरल पदार्थ जैसे चाय, सूप एवं गर्म पानी पीने की सलाह दी। शरीर के अंगों का सुन्न हो जाना, उंगलियों या कान की लोब का सफेद या पीला पड़ना जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत सतर्क होने को कहा गया।

**शीतलहर में क्या न करें**

सीएमओ ने चेतावनी देते हुए कहा कि लंबे समय तक ठंड के संपर्क में न रहें और कंपकंपी को नजरअंदाज न करें। क्योंकि यह शरीर के तापमान में गिरावट का प्रारंभिक संकेत है। अत्यधिक मदिरा सेवन से बचें, क्योंकि इससे शरीर का तापमान और गिर सकता है।

शीतलहर से प्रभावित व्यक्ति को तब तक कोई तरल पदार्थ न दें, जब तक वह पूरी तरह होश में न हो। बंद और बिना हवादार कमरों में मोमबत्ती, लकड़ी, कोयला या अंगीठी न जलाएं, इससे कार्बन मोनोऑक्साइड गैस बनती है, जो अत्यंत घातक हो सकती है।

उन्होंने कहा कि यदि शरीर किसी कारणवश गीला हो जाए तो तुरंत गीले कपड़े बदलें, सुरक्षित रूप से हीटर या अलाव का प्रयोग करें और गर्म पदार्थों का सेवन करें।

# भाकियू भानू का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, 4 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन भानू के कई दर्जन कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष सलीम वारसी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने नारेबाजी करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि जनपद की चीनी मिलें गन्ना किसानों का शोषण कर रही हैं। विशेष रूप से रामपुर स्थित त्रिवेणी राणा चीनी मिल द्वारा जनपद के किसानों का गन्ना न लेकर बाहर से गन्ना मंगाया जा रहा है, जिसे किसान किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेंगे। यूनियन ने मांग की कि जनपद रामपुर के किसानों को प्राथमिकता के आधार पर गन्ना पर्चियां जारी की जाएं, क्योंकि जिले के किसानों के पास गन्ना उपलब्ध होने के बावजूद उन्हें बार-बार चीनी मिलों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

किसानों ने आवारा पशुओं की समस्या को भी गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि आवारा गोवंश किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं और सड़कों पर घूमने से निर्दोष किसान एवं मजदूरों की जान जा रही है। यूनियन ने आवारा गोवंश को गौशालाओं में भेजने तथा पशुओं के कारण जान गंवाने वाले परिवारों को मुआवजा दिए जाने की मांग की।

इसके अलावा ज्ञापन में जर्जर सड़कों की तत्काल मरम्मत कराने की मांग उठाई गई।

बताया गया कि ग्राम सनकरा, ग्राम प्रेमपुर, अशोकपुर पट्टी मोतीवाला, मझरा गुजराला सहित कई गांवों को जोड़ने वाली सड़कें वर्षों से खराब हालत में हैं। इन समस्याओं को लेकर पूर्व में कई बार अधिकारियों को ज्ञापन दिया जा चुका है और मंडी समिति में धरना भी दिया गया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ।

किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो 24 दिसंबर को जिला मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

इस मौके पर श्याम मोहन पांडे, मुबा. रक हसन, हरताल सिंह यादव, राकेश कुमार पांडे, फरहत अली खान, ठाकुर हैदर, महबूब अली पाशा एडवोकेट, हाजी इंतजार अली, महबूब अली, शकील अहमद खान, आरिफ अली, सफीक अहमद, जीत सिंह, मोहन सिंह, मुन्नीलाल, सतवीर सिंह, इस्लाम अहमद, फैज अहमद, विजयपाल, महफूज सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# भूने चने में मिलावट के खिलाफ विशेष अभियान, दो नमूने जांच को भेजे गए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद में आमजन को सुरक्षित एवं शुद्ध खाद्यध्पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त द्धखाद्यऋध्अभिहित अधिक. ारी सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष छापामार अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान नवीन मंडी स्थित डायमण्ड ट्रेडिंग कम्पनी से शिव कुमार पुत्र मूलचन्द्र के प्रतिष्ठान से भूना चना का एक नमूना तथा नवीन मंडी स्थित शिव शक्ति ट्रेडर्स से नरेश कुमार पुत्र मूलचन्द्र के प्रतिष्ठान से भूना चना का एक नमूना विधिक रूप से संग्रहित किया गया। इस प्रकार कुल दो खाद्य नमूने लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत यदि मिलावट की पुष्टि होती है तो उसकी प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में संबंधित व्यापारियों के विरुद्ध वाद योजित किया जाएगा। साथ ही ऑरेंज सिंथेटिक कलर से रंगे हुए भूने चने एवं अन्य मिलते-जुलते खाद्य उत्पादों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।



इस छापामार कार्रवाई में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार, रामचन्द्र यादव, अशोक कुमार, शहाबुद्दीन, धर्मपाल सिंह, राहुल शुक्ला, देवकान्त तथा अजरा बी। मोहम्मद उपस्थित रहे।

# सरकारी नाली पर अतिक्रमण से जल निकासी बाधित, हटाने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र के किला कैम्प, जेल रोड स्थित घुघंट मैरिज हॉल के सामने सरकारी नालियों पर अतिक्रमण किए जाने का मामला सामने आया है।

इस संबंध में स्थानीय निवासी हरमेश भाटिया ने अधिशासी अभियंता, नगर पालिका परिषद रामपुर को शिकायत पत्र सौंपकर अतिक्रमण हटाने की मांग की है। शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया है कि किला कैम्प क्षेत्र में कई लोगों ने सरकारी नालियों के ऊपर अवैध रूप से मकान निर्माण कर लिया है, जिससे नालियों का पानी निकलना पूरी तरह बाधित हो गया है। जलभराव की स्थिति बनी रहने से क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।





आवेदक का कहना है कि अतिक्रमणकारियों द्वारा सड़कों के अधिकांश हिस्से पर भी कब्जा कर लिया गया है और सरकारी नालियों को मकानों के अंदर दबा दिया गया है। उन्होंने मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायत की एक प्रति जिलाधिकारी को भी भेजी गई है।

अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब तक ठोस कार्रवाई करता है।

# सर्वहितकारी इंटर कॉलेज मे त्री दिवसीय स्काउट का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** सर्वहितकारी इंटर कॉलेज मे त्री दिवसीय स्काउट सिविर का आयोजन किया गया।

सिविर का शुभारंभ मांग सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया।

विद्यालय की छात्रा अनन्या जोशी ने सरस्वती की वन्दना से मां शारदा का वन्दन किया तथा छात्र कनक ने स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया इसके बाद संजना अनन्या व कनक ने स्काउट प्रार्थना की तथा सिफा व मिशवाह ने सस्वर स्काउट गाइड गीत गाकर सभी को मुग्ध कर दिया विधालय की प्रबन्धक रेखा सक्सेना ने छात्रो को निरन्तर उन्नती की ओर आग्रसर रहने का आशीर्वाद दिया। जिला संगठन कमिश्नर गाइड नरवन्त कोर ने विधार्थियो को स्काउट के नियमो के बारे मे विस्तृत जानकारी दी व स्काउट के इतिहास के बारे मे बताया साथ ही विधार्थियो को स्काउट झंडे के बारे मे भी जानकारी दी विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर अजय प्रकाश दीक्षित ने उपस्थित अतिथियो का स्वागत किया तथा विधार्थियो को इस तरह के कार्यक्रमो मे प्रती भाग के लिए प्रोत्साहित किया।



कार्यक्रम का संचालन विधालय के अध्यापक डॉक्टर योगेश चन्द्र परगाई ने किया कार्यक्रम मे शिशुपाल सिंह,मिठाई लाल, विपिन चौहान, सूरज सिंह, गणेश दत्त जोशी, धर्म पाल सिंह, तुफैल अहमद, दिनेश सिंह, देवेंद्र वर्मा, कुमार संभव, अशोक कुमार, करूणा चौहान, निर्मल कौर, गुरपिन्दर कौर, सीमा कश्यप, दीपा, पुष्पा देवी आदि उपस्थित रहे।

# डीएम की जनसुवाई में असहायों को मिल रहा है त्वरित लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** ग्राम मुडियाखेड़ा, विकास खण्ड चमरौआ, तहसील सदर निवासी गरीब एवं भूमिहीन दिव्यांग दम्पत्ति पिताम्बर एवं उनकी पत्नी जानकी द्वारा जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी को अपना प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया।

दम्पत्ति द्वारा अवगत कराया गया कि उनका आवास कच्चा है, जिससे वर्षा ऋतु में उन्हें अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

प्रकरण का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी, चमरौआ को निर्देशित किया गया कि पात्रता सुनिश्चित करते हुए दम्पत्ति को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास का लाभ प्रदान कराया जाए।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने विकास भवन परिसर में दिव्यांग दम्पत्ति को ट्राईसाइकिल भी प्रदान की गई, जिससे उन्हें आवागमन एवं दैनिक कार्यों में सुविधा प्राप्त हो सके।



जिलाधिकारी द्वारा निरन्तर जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा रहा है तथा पात्र लाभार्थियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है।

शीत ऋतु के .ष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा जनसुनवाई एवं प्रशासनिक स्तर पर असहाय एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को कम्बल वितरण कर राहत प्रदान की जा रही है।

जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने कार्यालयों में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जनसुनवाई करते हुए आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें।

# पुलिस मुठभेड़ में घायल हिस्ट्रीशीटर गोकश अभियुक्त गिरफ्तार

**एक अदद तमंचा 315 बोर व दो जिन्दा कारतूस बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** पुलिस अधीक्षक के आदेश पर व कोतवाली प्रभारी के निर्देश पर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर गोकशी अन्य गम्भीर अपराध की रोकथाम हेतु गश्त के दौरान रात्रि में घूम रहे अज्ञात व्यक्तियो को रोकने पर घिरता देख पुलिस की टीम पर फायरिंग कर दी मुठभेड़ में जवाबी फायरिंग में एक अभियुक्त मोअज्जम पुत्र मोहम्मद अहमद निवासी नरपत नगर पैर में गोली लगने से घायल हो गया उसके साथी अंधेरे का फायदे उठाते हुए भाग गए। तलाशी के दौरान 315 बोर का तमंचा व दो जिंदा कारतूस एक खोखा नाल में फसा हुआ बरामद हुआ।उचित इलाज के लिए उसे स्वार अस्पताल भिजवाया।पूछताछ में अभियुक्त ने भागे हुए साथियों के नाम रिजवान पुत्र अहमद निवासी नरपत नगर 2 इस्तकार उर्फ पतिती पुत्र इसरार उर्फ अजगर मामा 3 सुलेमान पुत्र नक्शेअली निवासी गण खेमपुर थाना अजीम नगर व घूमने वाले पशुओं को उठा कर वध कर बेच देते थे। पुलिस द्वारा विधिक धाराओ में कार्यवाही की गई है।



# बुलेट मोटरसाइकिल की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को तीन तलाक देकर घर से निकाला

■ पति सहित कई पर दर्ज हुई रिपोर्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव टांडा सादात के मो. अहमद ने अपनी पुत्री मेराज ऊर्फ मैनाज की शादी पांच साल पहले कस्बे की नई बस्ती पश्चिमी के रफीक अहमद के पुत्र लईक अहमद के साथ की थी। शादी में रफीक अहमद ने अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज दिया था। आरोप है कि दिए गए दान दहेज से ससुराल के लोग खुश नहीं थे, और कम दहेज मिलने की साथ ही बुलेट मोटरसाइकिल की मांग को लेकर विवाहिता को तरह तरह से प्रताड़ित करने लगे थे।

आरोप है कि विवाहिता पर उसका देवर शानू गलत नजर रखता था, और उसके साथ कई बार छेड़छाड़ भी कर चुका था। उसने इसकी शिकायत अपने पति लईक अहमद से की लेकिन वह अपने भाई का ही पक्ष लेते। बताया जाता है कि बुलेट मोटरसाइकिल की मांग पूरी न होने पर विवाहिता मैनाज को 8-9 महीने पहले मारपीट कर तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया गया था, उसके बाद कई पंचायतें हुई, इतना ही नहीं सुलह समझौता केन्द्र पर भी मामला नहीं सुलटा। आरोप है कि विवाहिता का शौहर दूसरी शादी करने की जुगत में है। घटना की थाना नवाबगंज में विवाहिता द्वारा अपने पति लईक अहमद, ससुर, सास, देवर, ननदों, ननदोई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: दुर्गेश मौर्य

■ मुख्यमंत्रीको सम्बोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** सोमवार को कस्वे के मोहल्ला गौड़ी में भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के जिलाध्यक्ष दुर्गेश मौर्य की अध्यक्षता में किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की विभिन्न समस्याओ के निस्तारण को जिलाध्यक्ष दुर्गेश मौर्य के संरक्षण मे किसानों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित पाँच सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार मीरगंज को सौंपा।

पंचायत में जिलाध्यक्ष दुर्गेश मौर्य ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न किसी भी कीमत बर्दास्त नही किया जाएगा। किसानों से जुड़ी समस्याओं व किसानों को उनका हक दिलाने की लड़ाई वह लड़कर उनका हक दिलाकर रहेंगे,चाहे उन्हें किसी हद तक गुजरना पड़े। उन्होंने कहा कि सभी किसान एक जुट होकर लड़ाई लड़ें। सरकार चाहती कि किसान अशिक्षित रहे और वह अपना हक न मांग सके। किसानों द्वारा तहसीलदार को मुख्यमंत्री को सम्बोधित दिए गए पांच सूत्रीय ज्ञापन में कहा कि कस्बा शीशगढ़ मे मकानों के ऊपर से हाईटेंशन की लाइन गुजर रही है।उसे तुरन्त हटवाया जाए,आवारा पशुओ को पकड़वा कर गौशाला भिजवाया जाए,आवारा पशु किसानों की फसलों को नुकसान करने के साथ गांवों मे ग्रामीणों की जान भी ले चुके हैं। आवारा पशुओं से आए दिन सड़क पर चलने बाले राहगीरों को हर समय दुर्घटना का डर बना रहता है।किसानों को डी ए पी खाद भी भारी किल्लत है।जिसे यथा शीघ्र उपलब्ध कराया जाए।सरकार द्वारा चना और मसूर बितरण के लिए सभी ब्लॉकों मे उपलब्ध है।मगर किसानों को इसका लाभ अभी तक नहीं मिला है।किसानों को उनका हक मिलना चाहिए।साथ ही शीशगढ़ में राशन कोटेदारों द्वारा कार्ड धारकों को डरा धमकाकर लोकल सर्फ साबुन देकर अबैध तरीका से सौ रुपया बसूला जा रहा है ऐसे लोगों पर तुरंत कार्यवाही होनी चाहिए। इस शिकायत पर तहसीलदार ने तुरंत सप्लाई इंस्पेक्टर से बात कर समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने बालों मे जिलाध्यक्ष दुर्गेश मौर्य, शहवाज, सरफराज, आमिर, दिनेश, अजय, मोहम्मद इंजमाम, लियाकत आदि किसान मौजूद रहे।

# एक नजर

## पुलिस मिशन शक्ति टीम ने टिप्स देकर महिलाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** सरकार द्वारा महिला सम्बंधित अपराधों पर पूर्णतय: अंकुश लगाए जाने को महिलाओं को जागरूक करने को चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत सोमवार को थाना शीशगढ़ की मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीम के एसआई अमर सिंह ने टीम के साथ कस्बे की मेन मार्केट व बरेली बस अड्डा पर सरकार द्वारा उनकी सुरक्षा से सम्बंधित सरकार द्वारा दिए गए 1020, 1090 आदि नम्बरो सहित सरकार द्वारा चलाई जा रही महिलाओं की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। साथ ही पुलिस ने उन्हें अपनी सुरक्षा स्वयं करने को जागरूक किया।इस अवसर पर कॉन्स्टेबल प्रदीप कुमार,कॉन्स्टेबल सपना,भावना शर्मा आदि मौजूद रहे।



## सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम में मातृशक्ति में आत्मगौरव जगाने पर जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** लक्ष्मी बाबा माधव दास सरस्वती शिशु मंदिर ग्वारी में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मातृशक्ति में आत्मगौरव बढ़ाने के साथ-साथ उनमें दायित्व बोध जागृत करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दमखोदा ब्लॉक प्रमुख स्नेहलता गंगवार और मुख्य वक्ता भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष स्वाति कुमार ने माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान ग्वारी विनीता गंगवार ने की, जबकि नीलम गंगवार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि स्नेहलता गंगवार ने कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण में नारी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता स्वाति कुमार ने भारत के विकास में महिलाओं के योगदान को रेखांकित करते हुए नागरिक कर्तव्यों के प्रति ध्यान आकर्षित किया। विनीता गंगवार ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की। इस अवसर पर विशिष्ट माताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एकल परिवार की समस्या और कुटुंब प्रबोधन पर भी संबोधन हुआ। रानी लक्ष्मीबाई और मोबाइल के दुष्परिणामों पर आधारित पात्रों का मंचन प्रेरणादायी रहा।

कार्यक्रम का समापन नारी शक्ति द्वारा अपनी शक्ति का जागरण करने के संकल्प और शान्तिमंत्र के साथ हुआ। इस आयोजन में जिला निरीक्षक शांतिपाल गंगवार, प्रधानाचार्य शेर सिंह गंगवार, दिशा शर्मा, रूबी गंगवार, निशा गंगवार सहित 250 से अधिक माताएं और बहनें उपस्थित रहीं।

## एसडीएम मीरगंज ने किया शीशगढ़ में बने रैन बसेरों का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** सोमवार शाम को एस डी एम मीरगंज आलोक कुमार सिंह नगर पंचायत शीशगढ़ पहुंच गए जहां उन्होंने नगर पंचायत कार्यालय में बने महिला रैन बसेरा व मोहल्ला गड़ी पर स्थित सार्वजनिक बारातघर में बने पुरुष रैन बसेरा का औचक निरीक्षण किया दोनों रैन बसेरों में व्यवस्था चाक चौबंद देख एस डी एम प्रसन्न मुद्रा में दिखे। उन्होंने चेयरमैन नीलोफर द्वारा किए गए इस बेहतर कार्य की सराहना की एस डी एम आलोक कुमार सिंह ने बताया कि उनके द्वारा किए गए रैन बसेरों के निरीक्षण में महिला व पुरुष सहित दोनों रैन बसेरों में साफ सुथरी एवं बेहतर व्यवस्था मिली।साथ ही बारातघर मे बने रैन बसेरा में ठंड से बचाव के लिए अलाव भी जलता मिला।इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी जाहिद हुसैन(गुड्डू), मुस्तफा अली कमर अली,ठाकुर शिव कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## ईको चालक ने गायिका से उधर लिए रुपये हड़पे, रिपोर्ट लिखाने आने पर दबंगों ने की छेड़छाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के हाइवे किनारे एक गांव की रहने वाली एक गायिका से दूसरे समुदाय के ईको चालक ने दो माह पहले 50 हजार रुपए उधार लिए थे। आरोप है जब उसने मांगे तो ईको चालक ने उसे टरका दिया। आरोप है जब उसने रुपए देने को जोर दिया तो उसके साथ गाली गलौज की गई। क्षेत्र के एक गांव की गायिका जागरण आदि में जाने के लिए ग्राम गरगैया के दूसरे समुदाय के आरिफ की ईको गाड़ी से आती जाती थी जिसके चलते उससे जान पहचान होने के बाद उसे पहले गाड़ी की मरम्मत के लिए 20 हजार रुपए उसके बाद 30 हजार रुपए भतीजे की शादी में उधार दे दिए थे। जब उसने अपने रुपए मांगे तो उसके साथ गाली गलौज की गई। आरोप है वह जब थाने इस मामले की रिपोर्ट देने के लिए आ रही थी तो उसे रास्ते में रोककर उसके साथ छेड़छाड़ की गई। ईको चालक के साथ चार और दबंग थे जिन्होंने गायिका को बुरी नियत से पकड़ लिया। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है।

कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

## फर्जी अभिलेखों से करा दिया भूमि का बैनामा, पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** फर्जी अभिलेख तैयार कर दबंगों ने अपने सहखातेदार की भूमि को बेचने का अरोप लगाया है। जब भूमि को खरीदने वाला निर्माण कराने पहुंचा तो मामले की जानकारी हुई। जिससे परेशान ग्रामीण ने आरोपियों के खिलाफ थाना नवाबगंज में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रिछोला किफायतुल्ला गांव के रियासत हुसैन अपने परिवार के साथ रहते हैं। रियासत हुसैन का कहना है कि उन्होंने गांव के ही एक व्यक्ति से गांव लाईखेड़ा में गाटा संख्या 602 की भूमि खरीदी थी जिसका दाखिल खारिज भी हो चुका है बाद में उसी भूमि को आधा आधा बांट लिया गया। रियासत अहमद का आरोप है कि उनके सहखातेदार ने उनकी भूमि में 200 बर्ग गज के प्लाट का बैनामा मेरी बिना अनुमति और फर्जी अभिलेख बनवाकर बेच दिया है। जब भूमि को खरीदने वाला मौके पर निर्माण कराने पहुंचा तो मामले की जानकारी हुई। जिससे परेशान रियासत अहमद ने थाना नवाबगंज में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

इस मामले में कोतवाल अरूण कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है मामला राजस्व से जुड़ा है, कूट रचित तरीके से अभिलेख तैयार करने की बात कही गई है। पुलिस को जांच के आदेश दे दिये गये हैं। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# योगी मॉडल पर बरेली को मिला नगर वन का तोहफा, सीबीगंज में बनेगा आरबोरेटम


**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ग्रीन और ईको-फ्रेंडली विजन को धरातल पर उतारने की दिशा में बरेली को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। सीबीगंज स्थित आरबोरेटम क्षेत्र में विकसित किए जा रहे नगर वन को यूपी ईको टूरिज्म के एजेंडे में शामिल किया गया है। सोमवार को लखनऊ में वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में नगर वन की डिजाइन और लेआउट पर विस्तार से चर्चा की गई। कंसलटेंट एजेंसी ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के जरिये नगर वन का खाका खींचा। जिसे वन मंत्री ने अपनी सहमति दे दी है। इसके बाद बरेली अब ईको टूरिज्म के नक्शे पर अपनी दस्तक देने जा रहा है। करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से विकसित होने वाले नगर वन में ईको-फ्रेंडली कैफेटेरिया, बच्चों के लिए आधुनिक पार्क, किड्स प्ले एरिया और परिवारों के लिए सुकून भरे भ्रमण स्थल तैयार किए जाएंगे। जंगल के बीच लकड़ी से बने ट्री-हाउस आकर्षण का केंद्र होंगे, जहां पर्यटक अपने परिवार के साथ समय बिता सकेंगे। टहलने के लिए पाथवे, हर्बल और औषधीय पौधों की वाटिकाएं भी विकसित की जाएंगी। नगर वन को ज्ञान और जागरूकता का केंद्र बनाने की भी योजना है। प्राचीन और दुर्लभ वृक्षों की पहचान के लिए उन पर विस्तृत जानकारी अंकित की जाएगी, ताकि लोग उनकी उपयोगिता और ऐतिहासिक महत्व को समझ सकें। इसके साथ ही आकर्षक सेल्फी प्वाइंट बनाए जाएंगे, जो युवाओं और पर्यटकों को खासा लुभाएंगे।

सीबीगंज वन क्षेत्र में मियावाकी वन विकसित कराया गया। अब नगर वन की योजना को आगे बढ़ाया जा रहा है, जो दुर्लभ प्रजातियों के संरक्षण के साथ-साथ पर्यटन को भी नई दिशा देगा। नाथ कॉरिडोर पहले से निर्माणाधीन है और नगर वन के जुड़ने से बरेली में आस्था, प्रकृति और पर्यटन का मजबूत संगम तैयार होगा। डीएफओ दीक्षा भंडारी ने बताया कि यूपी ईको टूरिज्म के साथ हुई बैठक के एजेंडे में नगर वन परियोजना को रखा गया था। जिसपर स्वीकृति मिल गई है। लखनऊ में वन मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में लेआउट और डिजाइन भी फाइनल करने पर सहमति बन गई है। वन विभाग के साथ पर्यटन विभाग, बीडीए और नगर निगम की सहभागिता रहेगी। सीबीगंज का यह आरबोरेटम करीब 30 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है, जहां चंदन, रुद्राक्ष, केवड़ा, शाल समेत श्रीलंका में पाई जाने वाली दुर्लभ प्रजातियों के पेड़ मौजूद हैं। बांस की कई प्रजातियां और ब्रिटिशकालीन दुर्लभ वृक्षों से समृद्ध यह क्षेत्र योगी सरकार के ईको-टूरिज्म विजन को मजबूती देने वाला साबित होगा।

इस परियोजना की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि वन क्षेत्र में कोई पक्का निर्माण नहीं कराया जाएगा और एक भी पेड़ नहीं काटा जाएगा। मुख्य वन संरक्षक के निर्देशन में यहां वनस्पतियों पर शोध और प्रशिक्षण के लिए विशेष केंद्र भी विकसित किए जाएंगे, जिससे यह क्षेत्र शिक्षा और अनुसंधान का भी हब बनेगा। इस परियोजना में वन विभाग के साथ पर्यटन विभाग, बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) और नगर निगम की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। सभी विभागों को मिलकर डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पूर्व चेयरमैन पति नसीम अहमद समेत चार पर धोखाधड़ी का मुकदमा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**एसएसपी के आदेश पर देवरनियां कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज**

**बरेली।** बहेड़ी के पूर्व नगर पालिका चेयरमैन के पति एवं बहेड़ी विधानसभा से बसपा के प्रत्याशी रह चुके नसीम अहमद एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। जमीन सौदे में धोखाधड़ी के आरोप में एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर नसीम अहमद समेत चार लोगों के खिलाफ देवरनियां कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

पीलीभीत जनपद के थाना बीसलपुर क्षेत्र के गांव अभयपुर चेना नकटी निवासी नकील खां पुत्र अनवार खां ने आरोप लगाया है कि उसने देवरनियां थाना क्षेत्र के गांव मो. हनपुर, सतरंग होटल के पास स्थित जमीन को 53 लाख रुपये प्रति बीघा की दर से आधा बीघा खरीदने का सौदा बहेड़ी निवासी नसीम अहमद से तय किया था। पीड़ित के अनुसार 9 अक्टूबर को एक लाख रुपये की बयाना राशि देकर इकरारनामा कराया गया था, जबकि अगले दिन शेष धनराशि देकर बैनामा होना तय हुआ था।

आरोप है कि 13 अक्टूबर को नसीम अहमद व उनके तीन साथियों को रिछा स्टेशन के पास स्थित रजा होटल पर 25 लाख 50 हजार रुपये की शेष राशि सौंप दी गई, लेकिन इसके बावजूद बैनामा नहीं कराया गया। बाद में आरोपियों ने लगातार टाल-मटोल की। पीड़ित का कहना है कि जब उसने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की, गाली-गलौज की और पैसे लौटाने से साफ इनकार कर दिया। पीड़ित ने एसएसपी अनुराग आर्य से गुहार लगाई। एसएसपी के निर्देश पर देवरनियां कोतवाली में बहेड़ी निवासी नसीम अहमद के साथ ही शीशगढ़ थाना क्षेत्र के गांव परेवा मानपुर निवासी वाजिद खां उर्फ कल्लू चौधरी, रेहान और बबलू के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**बहेड़ी विधानसभा से चुनाव लड़ चुके हैं नसीम**

नसीम अहमद बसपा के टिकट पर बहेड़ी विधानसभा से चुनाव लड़ चुके हैं, बाद में वह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए थे। वर्तमान में उनके राजनीतिक दल को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। उनकी पत्नी बसपा से बहेड़ी नगर पालिका परिषद की चेयरमैन रह चुकी हैं।

पीड़ित की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। जांच में जो सत्यता पाई जायेगी उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**आशुतोष द्विवेदी**
**थाना प्रभारी देवरनियां**

# गन्ना भुगतान की मांग को लेकर चल रहे धरने पर किसानों ने गन्ने की होली जलाई

■ किसान यूनियन भी हुई शामिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** सामाजिक संस्था पैनी नजर द्वारा तहसील परिसर में गन्ना भुगतान की मांग को लेकर दिया जा रहा धरना सोमवार को आठवें दिन भी जारी रहा। धरने पर जुटी किसानों की भारी भीड़ ने स्थल पर गन्ने की होली जलाई।

आठवें दिन धरने पर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव कुमुद गंगवार, प्रो यशपाल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुरुषोत्तम गंगवार, तेजप्रकाश गंगवार, सपा नेता प्रवीण गंगवार उर्फ टीटू, अधिवक्ता रवींद्रपाल सिंह गंगवार, धरने की आयोजक सामाजिक संस्था पैनी नजर की अध्यक्ष सुनीता गंगवार एड ने जहां राजनीतिक दलों पर हमला करते हुए जिला प्रशासन पर धरना दे रहे किसानों की मांग को अनदेखा किए जाने का आरोप लगाया है तो वहीं उन्होंने क्षेत्र के किसानों से अपने हक के लिए जागरूक होने और धरने में शामिल होने का आवाहन किया। किसान नेताओं ने अपना समर्थन देते हुए प्रदेश की योगी सरकार को किसान विरोधी बताया। कहा क्षेत्र की ओसवाल चीनी मिल प्रबंधन किसानों का 70 करोड़ 34 लाख रुपए दवाए बैठा है लेकिन जिला प्रशासन आरसी जारी कर हाथ पर हाथ धरे बैठा है। धरने पर पैनी नजर की अध्यक्ष सुनीता गंगवार, क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्जुन सिंह गंगवार, किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष रामरतन गंगवार, वहीद अहमद, जिला पंचायत सदस्य छेदा लाल दिवाकर, सुरेश पटेल, ब्रह्मानंद गंगवार, बृजेश गंगवार, सरदार सेवा सिंह, संतोष कुर्मी, सुरेश पटेल, हरीश गंगवार, महेश कुमार, पप्पू प्रधान, उमराय लाल, देवेन्द्र गंगवार, नानक चन्द शर्मा आदि किसान नेता शामिल रहे।

आठवें दिन आज धरना स्थल पर किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इसके साथ ही भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के कार्यकर्ता समिति कार्यालय पर अपनी मासिक पंचायत करने के वाद तहसील परिसर में चल रहे धरने पर आकर बैठ गए।

**टिकैत गुट ने पंचायत कर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**

भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने सोमवार को अपनी मासिक पंचायत कर गन्ना भुगतान की मांग की। पंचायत में पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुरुषोत्तम गंगवार ने किसानों से गन्ना भुगतान की मांग को लेकर एकजुट होकर आंदोलन करने की अपील की। पंचायत के बाद किसानों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह को सौंपकर ओसवाल और बजाज चीनी मिलों से गन्ने का भुगतान कराए जाने की मांग की।

इस पंचायत में यूनियन के जिला प्रभारी चंद्र प्रकाश गंगवार उर्फ पप्पू, तहसील अध्यक्ष फतेहचंद गंगवार, हरपाल गुरु, हरिशंकर गंगवार, महेंद्र पाल, हरदेव सिंह रंधावा, खेमकरन लाल सहित बड़ी संख्या में किसान शामिल रहे।

**गौरक्षा दल कार्यकर्ताओं की नारेबाजी के जवाब में किसानों ने की नारेबाजी**

गौरतलब हो पिछले एक सप्ताह से तहसील में किसान धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। सोमवार को भी इस धरने पर किसानों द्वारा सरकार के खिलाफ भाषण बाजी की जा रही थी कि दोपहर के समय गौरक्षा दल के कार्यकर्ता भी नारे बाजी करते हुए तहसील जा पहुंचे। कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय पहुंचे और जमकर नारे बाजी करने लगे, जिसके चलते धरने पर बैठे किसानों ने भी जवाबी नारे बाजी शुरू कर दी, जिससे तनाव का माहौल बन गया। गौरक्षा दल के कार्यकर्ता उसके बाद तहसीलदार कार्यालय पहुंचे और अपना ज्ञापन देकर चले गए।

# ऑनलाइन हाजिरी के खिलाफ सचिवों ने सौंपे डोंगल, भुगतान रुका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** ऑनलाइन हाजिरी के सरकार के आदेशों के खिलाफ आंदोलन कर रहे ग्राम पंचायत सचिवों ने सोमवार को अपने-अपने डोंगल एडीओ पंचायत को सौंप दिए। ग्राम पंचायत अधिकारियों को डोंगल सौंपे जाने के बाद भुगतान का कार्य ठप हो गया है। ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के आवाहन पर सोमवार को सभी ग्राम विकास अधिकारी ब्लॉक कार्यालय पहुंचे और इसका विरोध करते हुए सभी ने अपने अपने डोंगल (डीएससी) एडीओ पंचायत आशीष भटनागर को सौंपे। इसमें नरेश राठौर, रविन्द्र गंगवार, संजय वर्मा, भगवान दास, रचित अग्रवाल, उत्तम पटेल आदि ग्राम विकास अधिकारी शामिल रहे। विरोध में अपने-अपने डोंगल डीएससी सौंपे जाने के बाद भुगतान संबंधी कार्य ठप हो गया है।

# विशेष गहन पुनरीक्षण में लगे एक और बीएलओ की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** एसआईआर कर रहे बीएलओ की मौत के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे। ताजा घटना बरेली के बिशारतगंज की है। जहां बीएलओ की ड्यूटी कर रहे शिक्षक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बीएलओ जल्द ही शिक्षक के पद से रिटायर होने वाले थे। विनोद कुमार शर्मा बिशारतगंज स्थित उच्च प्राथमिक कन्या कंपोजिट विद्यालय में बतौर प्रभारी प्रधानाचार्य तैनात थे। फिलहाल बिथरी चैनपुर विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 261 के बूथ पर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे थे। रविवार की रात उन्होंने खाना खाया और अपने कमरे में आराम कर रहे थे। मगर देर रात उनकी तबियत बिगड़ना शुरू हुई। परिजन कुछ समझ पाते उससे पहले ही उनकी सांसे थम गईं। परिजनों के मुताबिक विनोद कुमार पर काम का दबाव था। 2027 में उनका रिटायरमेंट होना था।

# सपा ने पीर मोहम्मद को बनाया जिला सचिव

■ विधायक अताउर्रहमान ने किया जिला सचिव का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** समाजवादी पार्टी ने नगर के पीर मोहम्मद को जिला सचिव नियुक्त किया है। इस मौके पर सपा विधायक अताउर्रहमान ने उनका फूल मालाएं पहनाकर व मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया।

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर हुए कार्यक्रम में नगर के मोहल्ला टांडा मदार चौक निवासी पीर मोहम्मद पुत्र मोहम्मद अहमद को जिला कार्यकारिणी में जिला सचिव बनाये जाने पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सपा विधायक अताउर्रहमान व पार्टी पदाधिकारियों ने उनका फूल मालाएं पहनाकर व मुँह मीठा कराकर स्वागत किया। इस मौके पर सपा विधायक ने कहा कि सपा अपनी नीतियों और अपने कार्यकाल में किये गए विकास कार्यों के बूते प्रदेश में फिर से अपनी सरकार बनाएगी। जिला सचिव पीर मोहम्मद ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है वह उसको पूरी तरह से निभायेंगे। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष नासिर रजा खां, जोन प्रभारी अखलाक नेता जी, हरस्वरुप मौर्य, इरशाद अहमद, सलीम अंसारी, रईस अंसारी, महिला विंग विधानसभा अध्यक्ष परवीन जहाँ, नगर अध्यक्ष अफसाना गुड्डी, फरीद अंसारी, इमरान रजा, तस्लीम अंसारी, लईक उस्मानी, राजू मौर्य, चंद्रसेन मौर्य, रिजवान सानू, मितापुर प्रधान रफीक अहमद, चन्दन खां, जुबैर प्रधान, तस्लीम मंसूरी आदि मौजूद रहे।

# लैकोस्टे कम्पनी के ए आर ने कम्पनी के लेवल लगी नकली जैकेट पकड़ीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** लैकोस्टे कम्पनी के ए आर ने नगर के एक कारखाने पर छापा मारकर कम्पनी के नाम का नकली लोगो लगीं हुडी पकड़ी हैं। कम्पनी का लोगो लगीं हुडी बरामद करने के बाद टीम बरामद माल को थाने ले आई, और मामले की तहरीर पुलिस को दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने कारखाना संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

B-302, हार्टबीट सिटी सैक्टर-107 थाना सैक्टर-39 नोएडा, गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 निवासी कपिल मोहन त्यागी पुत्र सतीश चंद त्यागी का कहना है कि वह लैकोस्टे कम्पनी में ए आर के पद पर कार्यरत है। कम्पनी को सूचना मिली थी कि बहेडी कस्बे में मोहम्मदपुर सुन्नीनगर, निकट अजहरी मस्जिद, थाना बहेडी में एम/एस एसएस गारमेंट्स के नाम से चल रहे कारखाने में मोहम्मद सैफ व शकील अहमद के द्वारा लैकोस्टे कम्पनी के नाम से नकली कपड़े बनाकर बेचे जा रहे हैं। इस पर दिनांक 13-12-2025 को वह जुनैद निवासी जयंतीपुर रोड करुला मुरादाबाद, मो0 फैजान निवासी जयंतीपुर रोड करूला मुरादाबाद के साथ थाना पहुंचे। यहाँ से पुलिस को साथ लेकर कारखाने पहुंचे तो वहां पर लैकोस्टे कम्पनी के नकली लेवल लगाकर जैकेट बनाकर बेची जा रही थीं। टीम ने मौके से 507 जैकेट (हुडी) लैकोस्टे कम्पनी के नकली लेवल लगे 4 बोरों में भरी बरामद की हैं। बरामद माल को कब्जे में लेकर थाने लाने के बाद कम्पनी के ए आर ने मामले की तहरीर पुलिस को दी, जिसपर पुलिस ने कारखाना मालिक मोहम्मद सैफ एवं शकील अहमद पर धारा 63 व 65 कॉपी राइट एक्ट 1957 एवं भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 349 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# भारत पहली बार स्क्वॉश विश्व कप चैंपियन बना

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई के एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में खेले गए स्क्वॉश वर्ल्ड कप के फाइनल में भारतीय मिक्स्ड टीम ने हॉन्गकॉन्ग को 3-0 से हराकर इतिहास रच दिया। यह मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत का पहला गोल्ड मेडल है। इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में ब्रॉन्ज मेडल रहा था। इस टूर्नामेंट में 12 टीमों ने शॉर्ट और फास्ट फॉर्मेट में हिस्सा लिया।

भारत ने सेमीफाइनल में मजबूत मानी जाने वाली मिस्र की टीम को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा शुरू से अंत तक बना रहा। भारतीय टीम की अगुआई दिग्गज खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने की। फाइनल के पहले मुकाबले में जोशना ने हांगकांग की यी ली (वर्ल्ड नंबर-37) को 3-1 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद अभय सिंह ने एलेक्स लाउ को 3-0 से मात दी।

**● हांगकांग को 3-0 से हराकर, मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत का पहला गोल्ड मेडल**

निर्णायक मुकाबले में 17 साल की अनाहत सिंह ने टोमेटो हो को 3-0 से हराकर भारत की ऐतिहासिक जीत पक्की कर दी। भारतीय टीम में जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलावन सेंथिलकुमार और अनाहत सिंह शामिल थे।

मुकाबला देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में मौजूद रहे। जोशना चिनप्पा ने कहा कि हमें भरोसा था हम कर सकते हैं मैच के बाद जोशना चिनप्पा ने कहा, ह्टूर्नामेंट से पहले हम सभी को भरोसा था कि हम यह कर सकते हैं। सभी खिलाड़ी अच्छी फॉर्म में थे। उन्होंने घरेलू दर्शकों के समर्थन को भी खास बताया और कहा कि उन्होंने अपने करियर में पहली बार इतने बड़े और जोशीले दर्शकों के सामने खेला। 2028 ओलिंपिक से पहले बड़ी उपलब्धि



स्क्वॉश को 2028 लॉस एंजेलिस ओलिंपिक में पहली बार शामिल किया जा रहा है। ऐसे में यह जीत युवा खिलाड़ियों अनाहत सिंह और अभय सिंह के साथ-साथ भारतीय स्क्वैश के लिए भी बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने स्क्वैश विश्व कप जीतने पर भारतीय टीम को दी बधाई



**● खिलाड़ियों की सफलता ने पूरे देश गौरान्वित किया है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को एसडीएटी स्क्वैश विश्व कप 2025 में अपना पहला विश्व कप खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय स्क्वैश टीम को बधाई दी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलवन सेंथिल कुमार और अनाहत सिंह की चौकड़ी की 'जबरदस्त लगन और दृढ़ संकल्प' के लिए तारीफ करते हुए कहा कि उनकी सफलता ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। प्रधानमंत्री ने भारतीय खेल पर इस ऐतिहासिक उपलब्धि के व्यापक प्रभाव पर बल देते हुए कहा कि यह जीत हमारे युवाओं के बीच स्क्वैश की लोकप्रियता को भी बढ़ाएगी।

## मेसी को जय शाह ने टी-20 वर्ल्डकप का टिकट दिया

**नई दिल्ली, वार्ता।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी को आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने टी-20 वर्ल्ड कप की इनविटेशनल टिकट दी। सोमवार को मेसी का दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में सम्मान किया गया। इस मौके पर उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी भेंट की गई। साथ ही शाह ने मेसी को दिग्गज क्रिकेटर्स के ऑटोग्राफ वाला बैट भी गिफ्ट किया। मेसी ने सबसे पहले हाथ हिलाकर स्टेडियम में मौजूद फैंस का अभिवादन किया। इसके बाद उन्होंने रोड्रिगो डी पॉल और लुईस सुआरेज के साथ किक मारकर दर्शकों की ओर फुटबॉल उछाली, जिसमें से एक किक सीधे स्टेडियम के दूसरे माले तक पहुंच गई। इस दौरान मेसी ने बच्चों के साथ फुटबॉल खेलकर माहौल को और यादगार बना दिया। इससे पहले स्टेडियम के बाहर मेसी की एक झलक पाने के लिए फैंस की भारी भीड़ जुटी रही। उन्हें सुबह ही राष्ट्रीय राजधानी पहुंचना था, लेकिन दिल्ली में घने कोहरे के कारण उनकी उड़ान को रोक दिया गया, जिसके चलते मेसी को मुंबई एयरपोर्ट पर ही कुछ समय तक रुकना पड़ा। वे करीब 3 बजे दिल्ली पहुंच सके। इसके बाद मेसी ने कहा कि हम यहां से ढेर सारा प्यार लेकर जा रहे हैं।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### बांग्लादेश ने नेपाल को सात विकेट से हराया

**दुबई, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद जवाद अबरार (नाबाद 70) की शानदार अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत बंगलादेश ने सोमवार को अंडर-19 एशिया कप ग्रुप बी मुकाबले में नेपाल को 151 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। यहां बंगलादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बांग्लादेश के गेंदबाजी आक्रमण के आगे बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की पूरी टीम 31-1 ओवर में 130 के स्कोर पर सिमट गई। अभिषेक तिवारी ने नेपाल के लिए सर्वाधिक 30 रनों की पारी खेली।

### बोंडी बीच पर हुई गोलीबारी की घटना पर दुख व्यक्त किया

**सिडनी, वार्ता।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने सोमवार को बोंडी बीच पर हुए दुखद हमले पर दुख और शोक व्यक्त करते हुए पीड़ितों, उनके परिवारों और यहूदी समुदाय के प्रति संवेदना व्यक्त की। सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर जारी एक एक संयुक्त बयान में दोनों क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि वे ष्कल शाम बोंडी बीच पर हुई दुखद घटनाओं से स्तब्ध हैं। उन्होंने कहा कि इस बेहद दुखद समय में उनकी संवेदनाएं 'पीड़ितों, उनके दोस्तों और परिवारों, यहूदी समुदाय और ऑस्ट्रेलिया के लोगों के साथ हैं। हमारी संवेदनाएं सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं। हम आपके साथ खड़े हैं। ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम कप्तान पैट कमिंस ने भी इस घटना पर अपना दुख व्यक्त किया। कलमस ने एक इंस्टाग्राम पर लिखा कि कल रात बोंडी में हुई भयावह घटना से मैं पूरी तरह से टूट गया हूं।

### गंभीर शिकायत' से न्यू द. वेल्स खिलाड़ी पर लगा प्रतिबंध

**ऑस्ट्रेलिया, वार्ता।** युवा खिलाड़ियों के साथ कथित दुर्व्यवहार की एक गंभीर शिकायत के बाद न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के एक क्रिकेटर पर किसी भी स्तर पर खेलने पर अनिश्चित काल के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड में छपी खबर के अनुसार, एनएसडब्ल्यू और एक टी-20 टीम के लिए खेल चुके एक खिलाड़ी का रजिस्ट्रेशन बोर्ड की एक आपात बैठक के बाद रद्द कर दिया गया है। यह संवेदनशील मामला है और पुलिस इसकी जांच कर रही है, लेकिन अभी तक कोई आरोप नहीं लगाया गया है। क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स के एक प्रवक्ता ने एक बयान जारी कर बताया कि खिलाड़ी का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है। बयान में कहा गया है कि एक गंभीर शिकायत के बारे में पता चलने के बाद क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स बोर्ड ने तुरंत प्रभाव से एक खिलाड़ी का रजिस्ट्रेशन स्थायी रूप से रद्द करने का फैसला किया

## इंग्लैंड ने तीसरे एशेज टेस्ट के लिए टीम की घोषणा की

**एडिलेड, वार्ता।** इंग्लैंड ने एडिलेड ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले एशेज टेस्ट के तीसरे मुकाबले के लिए एक बदलाव के साथ एकादश की पुष्टि कर दी है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, मेहमान टीम ने अपनी टीम में एक बदलाव किया है, जिसमें गस एटलकसन की जगह साथी तेज गेंदबाज जॉश टोंग को एकादश में शामिल किया गया है। बेन स्टोक्स टीम की कप्तानी करना जारी रखेंगे, जबकि विल जैक्स ने दूसरे टेस्ट के लिए शामिल किए जाने के बाद एकादश में अपनी जगह बनाए रखी है। टोंग का इस वर्ष जुलाई में द ओवल में भारत के खिलाफ आखिरी टेस्ट के बाद इंग्लैंड के लिए रेड-बॉल क्रिकेट में पहला मैच होगा। 28 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अब तक खेले गए छह टेस्ट में 31 विकेट लिए हैं, जिनमें से पांच विकेट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले है। इंग्लैंड फिलहाल एशेज सीरीज में 2-0 से पीछे है और वह बुधवार से एडिलेड में शुरू होने वाले मैच जीतकर सीरीज को जीवित रखने का लक्ष्य रखेगा।

## शेफीली विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ बनीं

**विश्व कप फाइनल में 87 रन बनाए थे, मेंस में साउथ अफ्रीका के साइमन हार्मर को अवॉर्ड**



**दुबई, वार्ता।** भारत को पहला विमेंस वर्ल्ड कप दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली शेफाली वर्मा को आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। नवी मुंबई में खेले गए फाइनल में उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 78 गेंदों पर 87 रन की शानदार पारी खेली थी। यह विमेंस वर्ल्ड कप फाइनल में किसी भी भारतीय ओपनर का सबसे बड़ा स्कोर रहा। बल्लेबाजी के साथ-साथ शेफाली ने गेंदबाजी में भी योगदान देते हुए 2 विकेट हासिल किए थे। उनकी इस ऑलराउंड परफॉर्मेंस की बदौलत भारत ने 7 विकेट पर 298 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया और फिर 52 रन से मैच जीतकर विमेंस वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। वहीं पुरुष वर्ग में यह सम्मान साउथ अफ्रीका के अनुभवी स्पिनर साइमन हार्मर को मिला। हार्मर ने भारत के खिलाफ हाल ही में खेली गई टेस्ट सीरीज में शानदार गेंदबाजी करते हुए सबसे ज्यादा 17 विकेट झटके थे। प्रतिका रावल की जगह टीम में आई थी शेफाली पहले वर्ल्ड कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम का हिस्सा नहीं थी। उन्हें ओपनर प्रतिका रावल के बांग्लादेश के खिलाफ फील्डिंग करते समय चोटिल होने के बाद टीम में शामिल किया गया। 21 साल की शेफाली ने फाइनल में स्मृति मंधाना के साथ पहले विकेट के लिए 104 रन की अहम साझेदारी की और भारत की ऐतिहासिक जीत की नींव रखी। शेफाली ने इस अवॉर्ड की रेस में थाईलैंड की थिपाचा पुटथावोंग और यूएई की ईशा ओझा को पीछे छोड़ा। अंत शानदार रहा- शेफाली अवॉर्ड मिलने के बाद शेफाली ने कहा कि उनका पहला वर्ल्ड कप अनुभव उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा, लेकिन अंत उससे कहीं बेहतर रहा जिसकी उन्होंने कल्पना की थी।

## बीसीसीआई का सख्त फैसलाः सिर्फ रोहित-कोहली ही नहीं, हर मौजूदा खिलाड़ी को खेलनी होगी विजय हजारे ट्रॉफी

**मुंबई, वार्ता।** बीसीसीआई ने भारतीय क्रिकेटरों के लिए घरेलू क्रिकेट को लेकर सख्त रुख अपनाया है। बोर्ड ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मौजूदा राष्ट्रीय टीम के सभी खिलाड़ियों को आगामी विजय हजारे ट्रॉफी में कम से कम दो मुकाबले खेलना अनिवार्य होगा। यह टूर्नामेंट 24 दिसम्बर से शुरू हो रहा है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 19 दिसम्बर को अहमदाबाद में खेले जाने वाले

**● बोर्ड ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मौजूदा राष्ट्रीय टीम के सभी खिलाड़ियों को आगामी विजय हजारे ट्रॉफी में कम से कम दो मैच खेलना अनिवार्य होगा**

आखिरी टी-20 मैच और 11 जनवरी 2026 से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली वनडे सीरीज के बीच करीब तीन हफ्ते का अंतर है। इसी अवधि का उपयोग करते हुए बीसीसीआई अपने सीनियर खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट से जोड़े रखना चाहता है। अजीत अगरकर की अगुआई वाली राष्ट्रीय चयन समिति ने यह निर्देश खिलाड़ियों तक पहुंचा दिया है। यह फैसला ऑस्ट्रेलिया में हुए टेस्ट सीरीज के खराब प्रदर्शन के बाद किए गए रिव्यू का हिस्सा है, जिसमें सभी फॉर्मेट्स में घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने की सिफारिश की गई थी। रोहित शर्मा और विराट कोहली पहले ही अपनी उपलब्धता की जानकारी दे चुके हैं। इसके अलावा शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव जैसे सीनियर खिलाड़ियों को भी अपनी-अपनी राज्य टीमों के लिए कम से कम दो मैच खेलने के लिए कहा गया है। केवल श्रेयस अय्यर फिटनेस कारणों से फिलहाल इससे बाहर रह सकते हैं। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विजय हजारे ट्रॉफी में कुल छह राउंड होंगे और खिलाड़ी और राज्य संघ यह तय कर सकते हैं कि वो किन दो राउंड में खेलेंगे। हालांकि, यह भी साफ कर दिया गया है कि हजारे ट्रॉफी खेलना अब वैकल्पिक नहीं है। केवल वही खिलाड़ी छूट पा सकते हैं जिन्हें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अनफिट घोषित करे। इस बीच जसप्रीत बुमराह तीसरे टी-20 मैच से पहले निजी कारणों से घर वापस लौट गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, उनके एक बेहद करीबी पारिवारिक सदस्य अस्पताल में भर्ती हैं। हालात सुधरने पर बुमराह चौथे या पांचवें टी-20 मैच के लिए टीम से जुड़ सकते हैं। आईसीसी की समयसीमा को ध्यान में रखते हुए बीसीसीआई टी-20 वर्ल्ड कप और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज की टीम का एलान एक ही दिन करेगा।

## सर्वश्रेष्ठ फीफा फुटबॉल पुरस्कार 2025 के विजेताओं की घोषणा आज

**● हमेशा की तरह प्रसंशकों ने 1.60 करोड से अधिक वोट देकर विजेताओं का चयन किया है**

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** द बेस्ट फीफा फुटबॉल पुरस्कार 2025 के विजेताओं की घोषणा कतर की राजधानी दोहा में आयोजित एक विशेष समारोह में मंगलवार को होगी। कल होने वाले इस समारोह का सीधा प्रसारण फीफाडॉटकॉम पर स्थानीय समय के अनुसार 20 बजे किया जाएगा। अहमद बिन अली स्टेडियम में पेरिस सेंट-जर्मेन और सीआर फ्लेमेंगो के बीच फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप कतर 2025 के फाइनल की पूर्व संध्या पर, दोहा के फेयरमोंट कटारा हॉल में फीफा सेलिब्रेशन 2025 रात्रिभोज के दौरान इस वर्ष के दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों और कोचों के नामों की घोषणा की जायेगी। इस समारोह में फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो, फीफा परिषद के सदस्यों सहित 800 मेहमान शामिल होंगे। इससे पहले, फीफा प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया पर डिजिटल वीडियो में सर्वश्रेष्ठ प्रशंसकों, गोलकीपरों और गोलों की घोषणा तथा फीफा फेयर प्ले अवॉर्ड के विजेता का भी ऐलान किया जाएगा। हमेशा की तरह प्रशंसकों ने एक करोड़ 60 लाख से अधिक वोट देकर विजेताओं का चयन किया है। इसके तहत सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला गोलकीपर और सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष गोलकीपर के पुरस्कार शामिल हैं। इसके अलावा अन्य पुरस्कारों के लिए भी प्रशंसकों ने मतदान कर अन्य सर्वश्रेष्ठ वर्गो का चयन किया है।

### दिव्यांग टी-20 सीरीज 16-18 दिसंबर तक मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होगी

**मुम्बई, वार्ता।** तीन मैचों की दिव्यांग टी-20 सीरीज 16 से 18 दिसंबर तक मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में खेली जायेगी। इस अवसर पर मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के महासचिव उन्मेश खानविलकर ने कहा कि पहली बार दिव्यांग क्रिकेट सीरीज की मेजबानी करना एमसीए के लिए एक गर्व का पल है। यह इस बात की पुष्टि करता है कि क्रिकेट सच में सभी का है। हमारे अध्यक्ष अजिंक्य नाइक, दिव्यांग क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं, और हम अपना पूरा समर्थन देना जारी रखेंगे। डीसीसीआई के महासचिव रवि चौहान ने इसको लेकर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे खिलाड़ियों के लिए सच में एक बहुत ही खास पल है।

## मैं फॉर्म से बाहर नहीं हूं, लेकिन रन नहीं बन रहे हैः सूर्या



**धर्मशाला, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपनी फॉर्म को लेकर कहा कि मैं नेट्स पर बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं।

जब रन आने होंगे, तब आएंगे। मैं फॉर्म से बाहर नहीं हूं। तीसरे टी-20 में दक्षिण अफ्रीका को कल रात सात विकेट से हराने के बाद संवाददाता सम्मेलन में सूर्यकुमार यादव कि खेल आपको बहुत कुछ सिखाता है। आप कैसे वापसी करते हैं, यह अधिक महत्वपूर्ण है। पिछली मैच में हमने काफी कुछ सीखा था, और आज हमने वही किया। (खराब फार्म के बारे में) मैं नेट्स में बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं। जब रन आने होंगे, तब आएंगे। मैं फॉर्म से बाहर नहीं हूं। यह अलग बात है कि रन नहीं आ रहे हैं। हम जीत का आनंद लेंगे, कल लखनऊ पहुंचने के बाद बैठेंगे और वहां से आगे की योजना बनाएंगे। प्लेयर ऑफ द मैच अर्शदीप सिंह ने कहा कि कुछ दिन ऐसे होते हैं जब आप सही तरह से अपनी योजना को नहीं निभा पाते हैं, वह पिछले मैच में हुआ था।

आज मैं बेसिक्स पर टिका रहा और उसी से सफलता मिली। कुछ भी नहीं बदला, मैंने बस गेंद को सही एरिया में पिच किया और विकेट की मदद का इस्तेमाल किया। ठंड में सीम और स्विंग दोनों थी। (हेंड्रिक्स का रिव्यू) सूर्या भाई थोड़ा सस्पेंस चाहते थे, इसी लिए शायद उन्होंने रिव्यू लेने में मदद की। मुझे पता था कि पैड पर लगने के तुरंत बाद ही वह आउट था। मेरी भतीजी यहां है वह दस महीने की है, मैं यह पुरस्कार उसे समर्पित करना चाहता हूं। वरुण चक्रवर्ती ने कहा कि मुझे तो सच में इस मील के पत्थर (टी-20 में 50 विकेट) के बारे में पता नहीं था, मुझे बताने के लिए धन्यवाद। शुरुआत में जब तेज गेंदबाज गेंद डाल रहे थे तो थोड़ा मूवमेंट मिल रहा था, कुछ सीम मूवमेंट था। लेकिन कुल मिलाकर परिस्थितियां बहुत कठिन थीं। मैंने इतनी ठंड में कभी किसी मैदान पर नहीं खेला, इसलिए मुझे यह बेहद चुनौतीपूर्ण लगा।

हमारी एक प्रॉपर बोलिंग मीटिंग हुई और बहुत ही ईमानदारी से बातचीत हुई।

### सूर्यकुमार और गिल हमें विश्व कप में मैच जिताएंगे: अभिषेक शर्मा

**धर्मशाला, वार्ता।** सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का मानना है कि कप्तान सूर्यकुमार यादव और उपकप्तान शुभमन गिल जल्द ही फॉर्म में वापसी करेंगे और अपनी पारियों से आगे वर्ष फरवरी में होने वाले विश्वकप में भारत को जीत दिलायेंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ धर्मशाला में हुए तीसरे टी-20 एक बार फिर भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव (11 गेंद में 12 रन) और उपकप्तान शुभमन गिल (28 गेंद में 28 रन) बल्ले के साथ असफल रहने को लेकर अभिषेक ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मैं एक बात सीधे कह सकता हूं कि ये दोनों भारत को विश्व कप में मैच जिताने जा रहे हैं। उससे पहले अगले आने वाले मैचों में भी ये ऐसा करते हुए दिखेंगे। मैं इन दोनों खासकर शुभमन के साथ लंबे समय से खेलते आ रहा हूं, तो मुझे पता है कि ये क्या कर सकते हैं। मुझे गिल पर शुरुआत से ही भरोसा है और मुझे उम्मीद है कि आप सब लोग जल्द ही उससे एक बड़ी पारी देखेंगे। इस मैच में जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में हर्षित राणा ने अर्शदीप सिंह के साथ मिलकर भारत को बेहतरीन शुरुआत दी और सातवें ओवर तक उनके चार बल्लेबाज सिर्फ 30 के स्कोर पर पवेलियन में थे। दोनों ने आपस में मिलकर 2-2 विकेट बांटे और इसके बाद स्पिनरों और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडरों ने मोर्चा संभाल लिया। वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट झटके तो हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे ने भी अनुशासित गेंदबाजी करते हुए 1-1 विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका की टीम निर्धारित 20 ओवरों में मात्र 120 रन ही बना सकी। अभिषेक ने भी भारतीय तेज गेंदबाजो की तारीफ करते हुए कहा कि तेज गेंदबाजो ने शुरुआती परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाया।

### बीबीएल में खतरनाक गेंदबाजी कर रहे शाहीन अफरीदी को गेंदबाजी से रोका गया

**ऑस्ट्रेलिया, वार्ता।** बिग बैश लीग (बीबीएल) में ब्रिस्बेन हीट बनाम मेलबर्न रेनेगेड्स के बीच खेले जा रहे मैच में खतरनाक गेंदबाजी कर रहे शाहीन शाह अफरीदी को गेंदबाजी से हटा दिया गया। यह घटना रेनेगेड्स की पारी के 18वें ओवर में उस समय हुई जब ब्रिस्बेन हीट के लिए अपना पहला मैच खेल रहे अफरीदी ने दो कमर-ऊंचाई वाली फुल टॉस गेंदें फेंकीं' एक टिम सीफर्ट को और एक ओली पीक को' और इसके बाद उन्हें गेंदबाजी से हटा दिया गया। जब उन्हें बताया गया कि अब वह गेंदबाजी नहीं कर सकते, तो अफरीदी ने हल्की मुस्कान दी, क्योंकि हीट के कप्तान नाथन मैकस्वीनी को ओवर पूरा करने के लिए आखिरी दो गेंदें फेंकनी पड़ीं। 18वें ओवर की खराब गेंदबाजी से पहले, अफरीदी ने उस ओवर में 19 रन दिए।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 16 दिसम्बर 2025

# निंदनीय कृत्य

सोमवार जोकि संसद के शीतकालीन सत्र का 11वां दिन था, पूरी तरह बाधित रहा। बाधित भी इसलिए रहा, क्योंकि भाजपा का आरोप है कि रविवार को जो दिल्ली के रामल. ीला मैदान में कांग्रेस की रैली आयोजित की थी, उसमें भाग लेते हुए कुछ महिलाओं ने मोदी तेरी कब्र खुदेगी का नारा लगाया था। कांग्रेस इससे इन्कार कर रही है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भाजपा के इन आरोपों पर कहा भी कि हमें नहीं मालूम यह सब किसने कहा। उनका कहना था कि रैली में स्टेज से किसी ने भी ऐसा कुछ नहीं कहा। जाहिर है, भाजपा के पास भी इससे संबंधित कोई ठोस सबूत नहीं हैं, क्योंकि उसकी तरफ से भी अलग-अलग स्टेटमेंट सामने आ रहे हैं। यह भी कहा जा रहा है कि कांग्रेस के नेता ने एक इंटरव्यू में इस तरह की बात कही। वह इंटरव्यू किस नेता ने दिया, इस बात का भी कोई अता पता नहीं। हां सोशल मीडिया पर रैली के वीडियो कुछ वायरल हुए, जिसमें कांग्रेस की महिला नेताओं और समर्थकों ने मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगाए। इसमें कांग्रेस नेता मंजू लता मीणा भी शामिल थीं, जो जयपुर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि इस तरह की बयानबाजी या नारे लगाना बेहद निंदनीय कृत्य है। यह हमारे लोकतांत्रिक ढांचे को भी कमजोर करता है। साथ ही हमारे विचारों को भी प्रभावित करता है और यह बताता है कि आज की राजनीति कितने घटिया स्तर तक पहुंच गई है। वैसे यह कोई पहली बार नहीं है कि अगर सच कहें, तो अब भारतीय राजनीति इस तरह की बातों से ही जानी जाती है। कारण साफ है, इससे बचने के कोई तौर-तरीके ढूंढे नहीं जा रहे हैं। बचने की बात दूर है, उलूल जुलूल बातें कर आज हमारे राजनेताओं ने सुर्खियों में रहने का एक आसान जरिया तलाश कर लिया है। यहां देखने वाली बात यह भी है कि इस तरह की भद्दी भाषाएं जिसके लिए बोली जाती हैं वह भी अपने तरीके से इसका राजनीतिक लाभ तलाशने की कोशिश करता है। इस संदर्भ में भी ऐसा ही दिखाई दे रहा है। बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा भी है कि जो लोग मोदी जी की मौत की कामना कर रहे हैं, उनकी मुस्लिम लीग और माओवादी सोच सबके सामने आ गई है। कोई भी समझ सकता है कि इस तरह की बातों का मुस्लिम लीग व माओवादी सोच से क्या मतलब। इस तरह की बातें कोई भी कहे, वह गलत ही कही जाएंगी और उसका समर्थन जरा भी कोई नहीं कर सकता। इतना ही नहीं सुधांशु त्रिवेदी पीएम मोदी के इस नारे को लेकर मुगलों तक पहुंच गए और कह डाला कि राहुल के नेतृत्व में कांग्रेस का भविष्य शायद वैसा ही होने वाला है जैसा द लास्ट मुगल किताब में मुगल साम्राज्य के बारे में लिखा गया है। कांग्रेस का यह भी आरोप है कि बिना कारण के ही तमाशा खड़ा कर सत्ता पक्ष ही संसद को चलने नहीं दे रहा है।

## योगी स्वीकार कर रहे सच



उप्र के मुख्यमंत्री योगी स्वयं यह स्वीकार कर रहे हैं कि एसआईआर के दौरान जो लगभग चार करोड़ मतदाता वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किए गए, उनमें से 85 से 90 प्रतिशत भाजपा के मतदाता थे, इसके कई राजनीतिक और गणितीय निहितार्थ निकलते हैं, पहला निष्कर्ष यह है कि पीडीए प्रहरी की सतर्कता के चलते एसआईआर प्रक्रिया में भाजपा अपनी मनमाफिक गड़बड़ी नहीं कर सकी, जिन मतदाताओं को साक्ष्यों के अभाव में सूची से बाहर किया गया, उनमें भारी बहुमत भाजपा समर्थकों का था, जिससे यह संकेत मिलता है कि अनियमितताओं की जड़ भी भाजपा के वोट बैंक में थी, यदि चार करोड़ मतदाताओं में से न्यूनतम 85 प्रतिशत भी भाजपा समर्थक मान लिए जाएं, तो लगभग तीन करोड़ 40 लाख मतदाता कम हो गए। **-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# नई खोज के लिए यादगार रहेगा 2025



हर वर्ष वैज्ञानिक पृथ्वी की अनछुई, अनदेखी और अनजानी जगहों पर शोध करते हैं, जिनका उद्देश्य प्रकृति की जैव विविधता को समझना और संरक्षित करना होता है। वर्ष 2025 इस दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण रहा क्योंकि इस वर्ष विभिन्न महाद्वीपों, महासागरों और पर्वतीय इलाकों में वैज्ञानिकों ने कई नई पशु प्रजातियों की खोज की, जिनमें से कुछ अपने व्यवहार, आकार, रंग या जीवनशैली के लिए विलक्षण हैं। इन खोजों ने न केवल वैज्ञानिक समुदाय को रोमांचित किया, बल्कि आम लोगों की प्रकृति के प्रति जिज्ञासा और जागरूकता भी बढ़ाई।

इन नई प्रजातियों की खोज से यह स्पष्ट हो जाता है कि पृथ्वी पर अभी भी लाखों ऐसे जीव मौजूद हैं जिन्हें हमने देखा तक नहीं है। विश्व भर में पर्यावरणीय परिवर्तन, वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन के कारण कई प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं, वहीं कुछ अब जाकर हमारे ज्ञान में शामिल हो रही हैं। 2025 में खोजी गई नई पशु प्रजातियां इसी तथ्य की पुष्टि करती हैं कि प्रकृति में रहस्य अब भी बहुत बचे हुए हैं।

### मगरमच्छ न्यूट

हाल ही में चीन में मगरमच्छ न्यूट की एक नई प्रजाति गाओवांगजी मगरमच्छ न्यूट खोजी गई है, जो अपनी काली त्वचा, नारंगी निशानों और खुरदरी बनावट के लिए जानी जाती है और यह केवल चीन के हुनान प्रांत के गाओवांगजी राष्ट्रीय प्रकृति अभ्यारण्य में पाई जाती है, जिसे डीएनए विश्लेषण के जरिए एक अलग प्रजाति के रूप में पहचाना गया है, जिससे पता चलता है कि जैव विविधता अभी भी खोजी जा रही है, लेकिन आवास विनाश से खतरा है। मध्यम आकार द्धलगभग 5 इंचऋ, मोटी त्वचा, गांठदार शरीर। पूरी तरह काली त्वचा, उंगलियों और पैरों पर चमकीले नारंगी निशान। पेट गहरा भूरा और पूंछ के बीच में एक नारंगी पट्टी होती है। मगरमच्छ से मिलता-जुलता नाम, लेकिन यह वास्तव में एक न्यूट उभयचर है, मगरमच्छ सरीसृप नहीं। यह खोज दर्शाती है कि पृथ्वी पर अभी भी कई अनदेखी प्रजातियां मौजूद हैं। हालांकि, आवास विनाश और जलवायु परिवर्तन जैसी मानवीय गतिविधियों के कारण लाखों प्रजातियां खतरे में हैं। इसलिए इन खोजों का दस्तावेजीकरण महत्वपूर्ण है ताकि उनकी रक्षा की जा सके।

### खोज की पृष्ठभूमि और स्थान

2025 में खोजे गए अधिकांश जानवर घने वर्षावनों, गहरे समुद्रों और दूरस्थ पहाड़ी इलाकों से संबंधित हैं। अमेजन के वर्षावनों, कांगो बेसिन, इंडोनेशिया के द्वीपों, ऑस्ट्रेलिया के दूरस्थ क्षेत्रों और भारत के पूर्वोत्तर पर्वतीय अंचलों में कई नई प्रजातियां दर्ज की गईं। इन क्षेत्रों में जैव विविधता अधिक होती है और मनुष्यों की पहुंच अपेक्षाकृत कम, जिसके कारण यहां नई प्रजातियों की संभावना अधिक होती है।

**उल्लेखनीय स्थान जहां से महत्वपूर्ण खोजें हुईं-**

ब्राजील का अंधकारमय अमेजन जंगल
इंडोनेशिया का सुलावेसी द्वीप
भारत का अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड क्षेत्र
मेडागास्कर का पश्चिमी भाग
ऑस्ट्रेलिया की किम्बरली रेंज
गहरे समुद्र के तल पर स्थित थर्मल वेंट्स

इन स्थानों से खोजे गए जीवों में स्तनधारी, उभयचर, सरीसृप, कीट, मछलियां और समुद्री अकशेरुकी प्रजातियां शामिल हैं।

### नीली आंखों वाला जंगल बिलाव
**(Blue-eyed Forest Cat)**

इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर खोजा गया यह बिलाव अपनी चमकीली नीली आंखों और घने भूरे फर के लिए जाना जा रहा है। यह मुख्य रूप से रात्रिचर है और घने जंगलों में अकेला घूमता है। इसकी शारीरिक संरचना पारंपरिक बिल्ली से थोड़ी बड़ी है।

### गूंजती आवाज वाला मेढक
**(Echo Tree Frog)**

अमेजन वर्षावन में खोजा गया यह उभयचर प्राणी बेहद छोटी काया वाला है लेकिन इसकी आवाज कई मीटर दूर तक सुनाई देती है। इसका रंग चमकीला हरा और पीला होता है, जो इसे वन में छिपने में मदद करता है। इसकी खोज उस समय हुई जब शोधकर्ता पेड़ों की ऊंचाई पर लगे साउंड सेंसर की जांच कर रहे थे।

### दूधिया रंग की गुफा मछली
**(Milky Cavefish)**

भारत के मेघालय राज्य की एक गुफा में पाई गई यह मछली पूरी तरह से सफेद और पारदर्शी है। इसकी आंखें विकसित नहीं हैं क्योंकि यह अंधेरी गुफाओं में रहती है। यह जलस्त्रोत की सतह पर तैरने की बजाय गहराई में रहकर बायोफ्लोरसेंस तकनीक से दिशा का निर्धारण करती है।

### कठोर कवच वाली समुद्री मकड़ी
**(Armored Sea Spider)**

अंटार्कटिक महासागर की गहराइयों में वैज्ञानिकों को एक ऐसी समुद्री मकड़ी मिली है, जिसका शरीर धातु जैसे कठोर कवच से ढका हुआ है। यह प्रजाति अत्यंत ठंडे पानी में जीवित रहने के लिए विकसित हुई है और इसकी चाल अत्यंत धीमी होती है। इसकी लंबाई लगभग 15 सेंटीमीटर होती है।

### गायन करने वाला चमगादड़
**(Singing Bat)**

ऑस्ट्रेलिया के किम्बरली क्षेत्र में पाया गया यह चमगादड़ रात के समय एक विशेष प्रकार की ध्वनि उत्पन्न करता है जो पक्षियों की चहचहाहट जैसी लगती है। यह ध्वनि मुख्य रूप से साथी को आकर्षित करने और क्षेत्र की सीमा तय करने के लिए होती है। इस प्रजाति का नाम वैज्ञानिकों ने Vespertilio sonatus रखा है।

### बर्फीले खरगोश जैसा स्तनधारी
**(Ice Rabbit Mole)**

साइबेरिया के एक जमी हुई सुरंग में पाए गए इस छोटे स्तनधारी का शरीर खरगोश जैसा और पैर तिलचट्टे जैसे हैं। यह अत्यधिक ठंड में जमीन के नीचे रहने वाला प्राणी है जो बर्फ के नीचे कीट और छोटे पौधों की जड़ों पर निर्भर करता है।

### रंग बदलने वाला पंखहीन पक्षी
**(Featherless Chameleon Bird)**

मेडागास्कर से खोजा गया यह पक्षी वैज्ञानिकों के लिए आश्चर्य का विषय बना हुआ है क्योंकि इसमें पंख नहीं होते, लेकिन इसकी त्वचा में रंग बदलने की क्षमता है जैसे गिरगिट में होती है। यह जमीन पर रहने वाला पक्षी है जो मुख्यत: फल और छोटे कीड़ों का भक्षण करता है।

### सुनहरी आंखों वाला अजगर
**(Golden&eyed Python)**

भारत के अरुणाचल प्रदेश में खोजा गया यह अजगर अत्यंत दुर्लभ और शांत प्रकृति का है। इसकी त्वचा हल्के पीले रंग की होती है और आंखें सुनहरी चमक लिए होती हैं। यह पेड़ों पर रहने वाला अजगर है जो छोटे स्तनधारियों और पक्षियों को अपना आहार बनाता है।

**वैज्ञानिक दृष्टिकोण और खोज का महत्व**

इन सभी खोजों का वैज्ञानिक महत्त्व अत्यधिक है। एक नई प्रजाति की पहचान करने के लिए मात्र दिखने में भिन्नता पर्याप्त नहीं होती, बल्कि डीएनए विश्लेषण, व्यवहार अध्ययन, भोजन प्रणाली, प्रजनन प्रक्रिया आदि का सूक्ष्म विश्लेषण किया जाता है। इन सभी प्रजातियों को अंतर्राष्ट्रीय जीव विज्ञान संस्थानों द्वारा सत्यापित किया गया और उन्हें संबंधित जीव वर्गों में स्थान दिया गया। इन खोजों से यह भी पता चलता है कि पृथ्वी की जैव विविधता का केवल एक छोटा हिस्सा ही अब तक वैज्ञानिकों के ज्ञान में है। अनुमानत: लगभग 80 % जीव-जंतु अभी तक अज्ञात हैं और वे पृथ्वी के किसी न किसी छोर पर छिपे हुए हैं। नई प्रजातियां हमारी पारिस्थितिकी को समझने, दवाओं की खोज करने, और भविष्य की जलवायु रणनीतियों में मददगार हो सकती हैं।

**पर्यावरणीय चेतावनी और संरक्षण की आवश्यकता**

नव खोजी गई प्रजातियां अक्सर बेहद नाजुक होती हैं और उनके आवास में थोड़े से भी बदलाव से वे खतरे में पड़ सकती हैं। जैसे ही कोई प्रजाति खोजी जाती है, उस पर मानव गतिविधियां बढ़ जाती हैं . जैसे पर्यटन, शोध, और मीडिया का ध्यान। इसका दुष्प्रभाव यह होता है कि कभी-कभी नई प्रजातियां खोजे जाने के कुछ वर्षों में ही संकटग्रस्त श्रेणी में आ जाती हैं। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि इन नई प्रजातियों को खोजने के साथ-साथ उनके आवास का संरक्षण भी प्राथमिकता पर हो। अंतर्राष्ट्रीय संरक्षण संगठन जैसे **IUCN** को इन प्रजातियों की निगरानी करनी चाहिए और सरकारों को उनके पर्यावरण की रक्षा के लिए उचित नीतियां अपनानी चाहिए। 2025 में खोजी गई नई पशु प्रजातियां यह दिखाती हैं कि पृथ्वी अभी भी रहस्यों से भरी हुई है। इन खोजों ने वैज्ञानिक समुदाय के लिए नई चुनौतियां और अवसर दोनों प्रदान किए हैं। साथ ही यह हम सबके लिए एक चेतावनी भी है कि जैव विविधता को संरक्षित रखने की जिम्मेदारी सिर्फ वैज्ञानिकों की नहीं, बल्कि हम सभी की है। यदि हम इस विविधता की रक्षा करने में असफल रहे, तो हम ऐसे अनगिनत रहस्यों को खो देंगे।

# विजय दिवस: गर्व का उत्सव, जिम्मेदारी का संकल्प

**नौसेना की साहसिक कार्रवाईयों ने पाकिस्तान की समुद्री रीढ़ तोड़ दी, वहीं वायुसेना के सटीक हमलों ने दुश्मन के मनोबल को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। अंतत: 13 दिनों के भीतर वह क्षण आ गया, जब इतिहास ने करवट बदली। 16 दिसम्बर 1971 को ढाका में पाकिस्तानी सेना ने बिना शर्त आत्मसमर्पण किया। लगभग 93,000 सैनिकों का एक साथ हथियार डालना द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की सबसे बड़ी सैन्य पराजयों में से एक था। यह केवल युद्ध की समाप्ति नहीं थी बल्कि अत्याचार, दमन और अन्याय के एक लंबे अध्याय का अंत था। उसी क्षण बांग्लादेश एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में दुनिया के मानचित्र पर उभरा।**



श्वेता गोयल

इतिहास में कुछ तिथियां केवल कैलेंडर पर अंकित दिन नहीं होती, वे स्मृति, स्वाभिमान और चेतना में स्थाई रूप से दर्ज हो जाती हैं। 16 दिसंबर भारत के लिए ऐसी ही एक तिथि है। यह वह दिन है, जब युद्ध केवल रणभूमि तक सीमित नहीं रहा था बल्कि मानवीय मूल्यों, नैतिक साहस और ऐतिहासिक न्याय की निर्णायक विजय के रूप में स्थापित हुआ था। 1971 का भारत-पाक युद्ध, जो मात्र 13 दिनों में समाप्त हो गया था, दक्षिण एशिया के राजनीतिक मानचित्र को पुनर्गठित करने वाला एक ऐसा घटनाक्रम था, जिसने न केवल एक नए राष्ट्र 'बांग्लादेश' को जन्म दिया बल्कि भारत की वैश्विक छवि को भी एक जिम्मेदार और नैतिक शक्ति के रूप में स्थापित किया।

1947 के विभाजन ने जिस पाकिस्तान को जन्म दिया, वह अपने भीतर ही असंतुलन और असमानता की नींव लेकर अस्तित्व में आया था। एक ही राष्ट्र के नाम पर बने दो हिस्से पूर्वी और पश्चिमी पाकिस्तान भौगोलिक रूप से ही नहीं, भाषा, संस्कृति, आर्थिक प्राथमिकताओं और राजनीतिक अधिकारों के स्तर पर भी एक-दूसरे से बिल्कुल भिन्न थे। पूर्वी पाकिस्तान की जनसंख्या अधिक थी, संसाधन भी प्रचुर थे लेकिन सत्ता का केंद्र पश्चिमी पाकिस्तान में सिमटा हुआ था। वर्षों तक बंगाली अस्मिता को हाशिए पर रखा गया, भाषा आंदोलन को कुचला गया और आर्थिक दोहन को शासन की नीति बना लिया गया। यह असंतोष समय के साथ आक्रोश में बदला और अंतत: विद्रोह में परिवर्तित हो गया। 1970 के आम चुनाव इस टकराव का निर्णायक मोड़ साबित हुए। शेख मुजीबुर रहमान के नेतृत्व में अवामी लीग को स्पष्ट जनादेश मिला लेकिन सत्ता हस्तांतरण से इन्कार कर दिया गया। लोकतांत्रिक निर्णय को नकारने का यह कदम केवल राजनीतिक नहीं था बल्कि पूरे एक समाज की आकांक्षाओं पर प्रहार था। इसके बाद जो हुआ, वह इतिहास के सबसे भीषण अध्यायों में दर्ज है। मार्च 1971 में शुरू हुए सैन्य दमन ने पूर्वी पाकिस्तान को रक्त और आंसुओं से भर दिया। निर्दोष नागरिक, बुद्धिजीवी, छात्र और महिलाएं हिंसा का शिकार बने। लाखों लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए और शरणार्थियों का सैलाब भारत की सीमाओं तक आ पहुंचा। यह संकट केवल सीमावर्ती नहीं था बल्कि मानवता की अंतरात्मा को झकझोरने वाला था। भारत के सामने उस समय एक कठिन विकल्प था कि या तो वह तटस्थ बना रहे और एक भयावह मानवीय त्रासदी को मूक दर्शक बनकर देखे या फिर हस्तक्षेप कर इतिहास की जिम्मेदारी उठाए। भारत ने दूसरा मार्ग चुना। यह निर्णय किसी भू-राजनीतिक विस्तार की लालसा से प्रेरित नहीं था बल्कि उन लाखों पीड़ितों की पुकार से उपजा था, जिनकी आवाज दुनिया के शक्ति केंद्रों तक नहीं पहुंच पा रही थी। भारत ने न केवल शरणार्थियों को आश्रय दिया बल्कि बांग्लादेश की मुक्ति संग्राम को नैतिक, कूटनीतिक और अंतत: सैन्य समर्थन भी प्रदान किया। दिसंबर 1971 में जब पाकिस्तान ने भारतीय ठिकानों पर हवाई हमले किए, तब संघर्ष पूर्ण युद्ध में बदल गया। भारतीय नेतृत्व पूरी तैयारी के साथ आगे बढ़ा। सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ का आत्मविश्वास केवल शब्दों में नहीं बल्कि रणनीति और अनुशासन में भी झलकता था। भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के बीच ऐसा तालमेल देखने को मिला, जो आधुनिक सैन्य इतिहास में मिसाल बन गया। पूर्वी मोर्चे पर भारतीय सैनिकों ने तेज, सटीक और निर्णायक अभियानों के जरिए पाकिस्तानी सेना को संभलने का अवसर तक नहीं दिया। युद्ध के दौरान अनेक ऐसे क्षण आए, जिन्होंने भारतीय सैन्य परंपरा को गौरव से भर दिया। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों में लड़े गए संघर्षों ने यह सिद्ध कर दिया कि युद्ध केवल संख्या और हथियारों से नहीं जीते जाते बल्कि संकल्प और नेतृत्व से जीते जाते हैं। रेगिस्तान से लेकर समुद्र तक, आकाश से लेकर नदी घाटियों तक, भारतीय सेनाओं ने अपनी क्षमता का अद्वितीय प्रदर्शन किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हवा-हवाई हुए हवाई चप्पल वालों की हवाई यात्रा के सपने



तनवीर जाफरी

भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के अकुशल संचालन के चलते पिछले दिनों देशभर में भारी उड़ान संकट पैदा हो गया। हालांकि यह संकट मुख्य रूप से 2 दिसम्बर 2025 से शुरू हुआ और 5 दिसम्बर को अपने चरम पर जा पहुंचा था जब इंडिगो ने देश भर की अपनी लगभग एक हजार से अधिक उड़ानें रद्द कर दी थीं। जिससे देश भर में हजारों यात्री विभिन्न शहरों में अकारण ही फंस गए थे । इस घटना ने केवल यात्रियों को ही परेशान नहीं किया, बल्कि एविएशन सेक्टर की कार्यकुशलता पर भी कई सवाल खड़े कर दिए। अभी तक पूरे देश में उड़ानों की स्थिति सामान्य नहीं हो सकी है। मुंबई, इंदौर, दिल्ली हैदराबाद व बेंगलुरु जैसे कुछ महत्वपूर्ण नगरों की इंडिगो उड़ान सेवाएं अभी भी प्रभावित होने के समाचार हैं। हवाई अड्डों पर जहां सामान्य दिनों में पहले ही भारी भीड़ इकट्ठा हो रही थी पिछले दिनों की अफरा-तफरी के दौरान इन्हीं उड़ान प्रभावित हवाई अड्डों पर तो भीड़ का कुछ ऐसा दृश्य दिखाई दिया जैसा कि छठ-दिवाली व दशहरा जैसे त्योहारों के दौरान रेलवे स्टेशन पर नजर आता है।



हवाई संचालन में आए इस तरह के असामान्य व्यवधान के कई कारण बताए जा रहे हैं। इनमें नए पायलट और क्रू रेस्ट नियमों का प्रभाव, तकनीकी खराबी और ऑपरेशनल लापरवाही, मौसम, भीड़भाड़ और उड़ान शेड्यूल में बदलाव जैसी वजहें मुख्य रूप से शामिल हैं। इस अव्यवस्था के चलते देश भर में विमान यात्रियों को जिस शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना को सहन करना पड़ा वह तो अपनी जगह पर परन्तु दुर्भाग्यपूर्ण बात यह कि इस कई एयरलाइंस कंपनियों ने इसी अव्यवस्था का फायदा उठाकर देश के कई प्रमुख हवाई रूट्स पर किराए 2 से 10 गुना तक महंगे कर दिए। उदाहरण स्वरूप दिल्ली-बेंगलुरु का सामान्य किराया जो 10,000 से 15,000 के मध्य होता था वह बढ़कर 70,000 तक और कुछ मामलों में तो 1 लाख से ज्यादा और एयर इंडिया पर नॉन स्टॉप फ्लाइट का 1.02 लाख तक पहुंच गया था। इसी तरह दिल्ली-मुंबई का किराया 25,000से 60,000 तक और कुछ विमानों में 93,000 से भी अधिक हो गया था। जबकि एयरलाइंस कंपनियों द्वारा दिल्ली-चेन्नई के 40,000 से लेकर 80,000 तक वसूल किए गए। दिल्ली-पुणे, गोवा, लखनऊ पर भी 20,000 से 50,000 से भी अधिक की टिकट बेची गई। डिमांड-सप्लाई गैप के कारण खासकर इंडिगो की 60: मार्केट शेयर वाली फ्लाट्स कैंसिल होने के कारण यात्रियों को दूसरी एयरलाइंस में शिफ्ट होना ही था। इसी का लाभ एयर इण्डिया, एयर इण्डिया एक्सप्रैस, इस्पाईस जेट व अकासा एयर जैसी कई विमानन कंपनियों ने उठाया। हालांकि बाद में सरकार ने किराए की इस बेतहाशा बढ़ोतरी पर अस्थाई कैप लगाई ताकि अनुचित किराया बढ़ोतरी रोकी जा सके।

अब विमानन क्षेत्र में मची इसी अफरातफरी के सन्दर्भ में जरा नरेंद्र मोदी का वह कथन याद कीजिए जब मार्च 2014 में सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल) में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि मैं चाहता हूं कि हमारे गांव के गरीब, जो हवाई चप्पल पहनते हैं, वो हवाई जहाज में बैठें। मैं यह सपना देखता हूं कि जिस गरीब की झोली में कभी दो जून की रोटी भी मुश्किल से आती थी, वो हवाई जहाज में सफर करे। क्या यह सपना देखना गुनाह है? मोदी ने यह भावनात्मक जुमले कई रैलियों में अलग-अलग शब्दों में दोहराए। यह भी सच है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत में हवाई अड्डों के विकास और संचालन में काफी प्रगति हुई है। मुख्य रूप से क्षेत्रीय संपर्क योजना (उड़ान) के तहत कई नए हवाई अड्डे शुरू किए गए हैं, साथ ही पुराने बंद पड़े या कम उपयोग वाले हवाई अड्डों को पुनर्जीवित भी किया गया है। नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रूप में जहां इसी वर्ष मुंबई का दूसरा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा शुरू किया गया है वहीं महर्षि बाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नाम से अयोध्या इंटरनेशनल एयरपोर्ट, दोनी पोलो एयरपोर्ट, ईटानगर अरुणाचल प्रदेश, मोपाह एयरपोर्ट, गोवा गोवा का दूसरा एयरपोर्ट, देवघर एयरपोर्ट, झारखंड, कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट, उत्तर प्रदेश, पाक्योंग एयरपोर्ट, सिक्किम (सिक्किम का पहला एयरपोर्ट),पसीघाट, जीरो, होलोंगी, तेजू (अरुणाचल प्रदेश) आगत्ती (लक्षद्वीप), रीवा (मध्य प्रदेश), अंबिकापुर (छत्तीसगढ़), सहारनपुर (उत्तर प्रदेश), सतना और दतिया (मध्य प्रदेश), अलीगढ़, आजमगढ़, चित्रकूट, मुरादाबाद, श्रावस्ती (उत्तर प्रदेश) आदि अनेक नए एयर पोर्ट विकसित किए गए हैं तो दिल्ली, लखनऊ, पुणे, ग्वालियर, जबलपुर जैसे कई हवाई अड्डों पर नए टर्मिनल का भी निर्माण किया गया है। अब सवाल यह है कि विमानन क्षेत्र में होने वाले इस विकास से गरीबों को फायदा हुआ या विमानन कंपनियों को ? क्या आज इस बात की कल्पना की जा सकती है कि पैरों में हवाई चप्पल धारण करने वाली यानी देश की गरीब जनता या दूसरे शब्दों में वे 80 करोड़ लोग जिन्हें सरकार ने 5 किलो मुफ्त राशन पर आश्रित बना दिया है ऐसे लोग जो दस हजार रूपये की हवाई यात्रा की टिकट भी नहीं खरीद सकते वे लोग वही टिकट विमानन संचालन संकट के समय भला सत्तर हजार की कैसे खरीद सकते हैं? यदि नहीं तो मोदी के उन जुमलों की क्या हकीकत जिसमें वे दो जून की रोटी भी मुश्किल से खाने वाले गरीब की हवाई यात्रा की जुमलेबाजी करते हैं? हां विमानन क्षेत्र में हो रहे विस्तार से स्पष्ट रूप से विमानन कंपनियों को फायदे जरूर हुए हैं। इंडिगो जैसी कंपनियां ही 66 प्रतिशत से अधिक बाजार पर कब्जा कर चुकी हैं।

इंडिगो ने तो अपनी स्थापना के तीन वर्षों में ही लाभ कमाना शुरू कर दिया और लागत नियंत्रण जैसे ईंधन दक्षता से सालाना 850 करोड़ रुपये की बचत की। देश के अनेक छोटे बड़े हवाई अड्डों का संचालन व रख-रखाव अडानी की कंपनियों द्वारा किया जा रहा है। जिसका फायदा अडानी को पहुंच रहा है। इस बीच में हवाई चप्पलों वाला या 2 वक्त की रोटी भी न खाने पाने वाले किसी व्यक्ति की हवाई यात्रा की गुंजाईश ही कहां नजर आती है? इस तरह की जुमलेबाजियां आकर्षक, लोक लुभावन व भावनाओं को छूने वाली तो जरूर हो सकती हैं परन्तु इनका वास्तविकता से कोई वास्ता नहीं। सच्चाई तो यह है कि गत दिनों आए विमान संकट ने हवाई चप्पल वालों की हवाई यात्रा जैसे जुमले ही हवा हवाई कर दिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

